सावधान! सावधान!!

सुनहरी नाम और रेशमी कपडेकी जिल्दका चाक्यचिक्य देखकर धोका न खावें, क्योंकि सुनहरी नाम छपानेसे नियमसे मुर्गीके अंडेको फोडकर उसमेंका चेप लगाते हैं, तब सोनेका वर्क चिपकता है और रेशमी कपडा विना सरेसके चिपकता नहीं, इसीकारण हमने सोनेरी अक्षर और रेशमी कपडा नहीं लगाया है। अतएव वाहरी सुंदरता देखकर नहिं छूने लायक, अन्य संग्रहोंको न लेकर इस पवित्र वृहज्जिनवाणीसंग्रहपरसे ही पाठ, स्वाध्यायादि किया करें। मंत्री—


आवेदन।

[illegible] शुरू किया है। [illegible] है। [illegible] हैं। [illegible] है। [illegible] नहीं [illegible] गया है।

धन्यवाद।

[illegible] १०-११ [illegible] पहले [illegible] संवत् १९४२ में [illegible] हुआ था, [illegible] संवत् १९५३ में [illegible] था। [illegible] गया है। [illegible] होगा। [illegible] हुआ है [illegible] लिये [illegible] धन्यवादके पात्र हैं। [illegible] है [illegible] हो कर [illegible] कीजिये।

निवेदक—
पन्नालाल बाकलीवाल महामंत्री—
भारतीय जैनसिद्धान्तप्रकाशिनी संस्था—कलकत्ता।



विषय-सूची।

प्रथम अध्याय प्रातःक्रिया और दर्शन पाठादि संग्रह।

संख्या		पृष्ठ
१।	नमस्कारादि मंत्र	१
२।	सामायिक पाठ भाषा	१
३।	सामायिक करनेकी विधि	७
४।	आलोचना पाठ	११
५।	सुप्रभातस्तोत्रं संस्कृत	१४
६।	प्रभातीसंग्रह	१६
७।	मेरी भावना	१८
८।	दृष्टाष्टकस्तोत्रं संस्कृत	१९
९।	मंदिरजीमें प्रवेश करना आदि	२०
१०।	अद्याष्टकस्तोत्रं संस्कृत	२०
११।	नमस्कार मंत्र दर्शनपाठादि	२१
१२।	दर्शनदशक	२४
१३।	दर्शन स्तुति	२६
१४।	दौलतरामजी कृत स्तुति	२८
१५।	भूधरकृत दर्शनस्तुति	३०
१६।	दर्शनपाठ बुधजनकृत	३०
१७।	ब्रह्मचारी ज्ञानानंदकृत दर्शन	३१
१८।	धर्मदर्शनचालीसा	३२
१९।	गंधोदक लेनेका मंत्र	३६
२०।	आशिका लेनेका दोहा	३६
२१।	शास्त्रजीको नमस्कार करनेके दो कवित्त	३५
संख्या		
२२।	पंच परमेष्ठीकी आरती	
२३।	दीप धूप खेनेका श्लोक मंत्र	

दूसरा अध्याय। अभिषेक पूजादि संग्रह।

संख्या		पृष्ठ
२४।	पंच मंगल रूपचंदजी कृत	३८
२५।	लघुअभिषेकपाठ संस्कृत	४७
२६।	लघुपंचामृताभिषेक भाषा	५१
२७	जलाभिषेक वा प्रक्षालन करनेका पाठ	५१
२८।	विनयपाठ दोहावली	५२
२९।	नित्यनियमपूजा संस्कृत	५७
३०।	देवशास्त्रगुरुकी भाषा पूजा	५८
३१।	बीसतीर्थंकरपूजा भाषा	६८
३२।	विद्यमानबीस तीर्थंकरोंका अर्घ	७२
३३।	अकृत्रिमचैत्यालयोंके अर्घ	७५
३४।	सिद्धपूजा द्रव्याष्टक जयमाला	७५
३५।	सिद्धपूजाका भावाष्टक	७७
३६।	सोलहकारणका अर्घ	८१
३७।	दशलक्षणधर्मका अर्घ	८२
३८।	रत्नत्रयका अर्घ	८२
३९।	पंचपरमेष्ठिजयमाला आरती	८२
४०।	शान्तिपाठस्तुति संस्कृत भाषा	८३
४१।	विसर्जन	८४
४२।	भाषस्तुति पाठ	८६

तीसरा अध्याय।

देवशास्त्रगुरुस्तुतिसंग्रह।

संख्या	पृष्ठ
४३ । नामावली स्तुति	८९
४४ । जिनेंद्रस्तुति विहारीलाल कृत	९०
४५ । दुःखहरणस्तुति वृन्दावन कृत	९१
४६ । जिनेन्द्रस्तुति भूधरकृत	९४
४७ । करुणाष्टक „	९५
४८ । पार्श्वनाथस्तुति „	९५
४९ । महावीर प्रार्थना न्यायालंकार पं० मक्खनलालजी कृत	९७
५० । शारदाष्टक बनारसीदास कृत	९९
५१ । शारदास्तवनप्रभाती ज्ञानार्णवकृत	९९
५२ । शास्त्रभक्ति पन्नालालजी दूनीवाल कृत	९९
५३ । बड़ी साधुवन्दना बनारसी कृत	१०१
५४ । भूधरकृत गुरुस्तुति	१०४
५५ । भूधरकृत दूसरी गुरुस्तुति	१०५
५६ । गुर्वावली वृन्दावनकृत	१०६
५७ । मंगलाष्टक „	११०
५८ । आचार्यवर्य शान्तिसागरस्तुति	११२
५९ । आचार्यवर्य जिनसेन स्तुति	११२
६० । आचार्य शान्तिसागर महाराजकी स्तुति दयालाल कृत	११२

चौथा अध्याय।

स्तोत्रसंग्रह संस्कृत और भाषा

संख्या	पृष्ठ
६१ । जिनसहस्रनामस्तोत्र	११५
६२ । आदिनाथस्तोत्र (भक्तामरस्तोत्र) संस्कृत मूल	१२७
६३ । भक्तामरभाषा हेमराजकृत	१३२
६४ । कल्याणमंदिरस्तोत्र संस्कृत	१३८
६५ । कल्याणमंदिरस्तोत्र भाषा	१४३
६६ । एकीभावस्तोत्र संस्कृत	१४८
६७ । एकीभावस्तोत्र भाषा	१५१
६८ । विषापहारस्तोत्र संस्कृत	१५६
६९ । विषापहार भाषा	१५९
७० । जिनचतुर्विंशतिका संस्कृत	१६५
७१ । भूपालचतुर्विंशति भाषा	१७०
७२ । महावीराष्टकस्तोत्र संस्कृत	१७५
७३ । मंगलाष्टक संस्कृत	१७६
७४ । अकलंकस्तोत्र „	१७८
७५ । पार्श्वनाथस्तोत्र द्यानतकृत	१८०
७६ । पार्श्वनाथस्तोत्र भूधरकृत	१८१
७७ । अहिछितिपार्श्वनाथ स्तोत्र	१८३
७८ । मोक्षशास्त्र (तत्त्वार्थसूत्र)	१८७
७९ । भावना द्वात्रिंशतिका	२००

पंचम अध्याय

भाषा पर्वपूजा-संग्रह

संख्या	पृष्ठ
८० देवपूजा द्यानत कृत	०३
८१ । सरस्वती पूजा द्यानत कृत	२०६
८२ । गुरुपूजा हैमराज कृत	२०९
८३ । बीसविद्यमान तीर्थंकर पूजा भाषा कविवर द्यानतकृत	२११
८४ । अष्टाह्निक पर्वपूजा	२१५

संख्या (ग)

८५ । जिनपूजा द्यानतकृत — पृष्ठ २२०

संख्या

८६ । समुच्चयचौबीसीपूजा वृन्दावन २२४
८७ । श्रीआदिनाथजीकी पूजा ,, २२६
८८ । श्रीचन्द्रप्रभ पूजा ,, २३०
८९ । श्रीशांतिनाथ जिनपूजा ,, २३४
९० । निर्वाणक्षेत्र पूजा ,, २३८
९१ । सप्तर्षि पूजा २४१
९२ । पंचमेरु पूजा द्यानतकृत २४४
९३ । श्रीनंदीश्वरद्वीपकी पूजा ,, २४७
९४ । सोलहकारण पूजा ,, २४९
९५ । दशलक्षणधर्म पूजा ,, २५२
९६ । संस्कृत स्वयंभू स्तोत्र ,, २५७
९७ । स्वयंभू स्तोत्र भाषा २६०
९८ । रत्नत्रयपूजा द्यानतकृत २६६
९९ । दीपावली श्रीवर्द्धमान पूजा २६८
१०० । सिद्धपूजाष्टक (भाषा) २७२
१०१ । सिद्धपूजादि भाषा २७४
१०२ । [illegible] २७८
१०३ । [illegible] पूजा ([illegible]) २८३
१०४ । समुच्चय लघु पूजा २८८
१०५ । [illegible] २९१
१०६ । [illegible] पूजा २९९
१०७ । [illegible] पूजा ३०१
१०८ । [illegible] पूजा ३०६
१०९ । [illegible] पूजा ३०८

छठा अध्याय-आरती संग्रह।

[illegible]

१११ । आरती मुनिराजकी
११२ । निश्चय आरती
११३ । [illegible] आरती
११४ । आरती श्रीवर्द्धमानकी
११५ । आरती जिनवर भगवानकी
११६ । दोय धूप घटानेके मंत्रादि

सातवां अध्याय बीनतीसंग्रह।

११७ । बीनती ३१[illegible]
११८ । बीनती ३१८
११९ । बीनती ३१९
१२० । अहो जगतगुरु देव ३२०
१२१ । प्रभु पतितपावन मैं अपावन ३२१
१२२ । हो संसारबंधु [illegible]
धन्य
१२३ । [illegible] ३२२
१२४ [illegible] ३२६
१२५ । [illegible] ३२८
३२९

आठवां अध्याय-भजनसंग्रह।

१२६ । [illegible]
१२७ । [illegible] ३३३
१२८ । [illegible] ३३५
१२९ [illegible] ३३६
[illegible]
१३० [illegible] ३३८
१३१ [illegible] ३४१
१३२ [illegible] ३४३
३४८

संख्या	पृष्ठ
१३३ । बारह भावना मंगतरायकृत	३४६
१३४ । भावनाद्वात्रिंशतिका भाषा	३५१

नवमा अध्याय-परमारथ जकड़ी संग्रह ।

१३५ । जकड़ी रूपचंदजी कृत (१)	३५५
१३६ । जकड़ी रूपचंदजी कृत (२)	३५६
१३७ । जकड़ी दौलतरामजी कृत (१)	३५८
१३८ । जकड़ी दौलतरामजीकृत (२)	३५९
१३९ । जकड़ी भूधरदासजी कृत	३६२
१४० । जकड़ी रामकृष्ण कृत	३६४
१४१ । जकड़ी जिनदास कृत	३६६

दशवां अध्याय-जैनव्रत कथा संग्रह ।

१४२ । पुष्पांजलिव्रतकथा	३६८
१४३ । दशलक्षणव्रतकथा	३७२
१४४ । सुगंधदशमीव्रतकथा	३७६
१४५ । अनंतव्रतकथा	३७९
१४६ । रत्नत्रयव्रतकथा	३८२
१४७ । मुक्तावलीव्रतकथा	३८५
१४८ । रविव्रतकथा	३८८
१४९ । नंदीश्वरव्रतकथा	३९१

ग्यारहवां अध्याय-जैनकथा संग्रह ।

१५० । [illegible] व्रतकथा	३९६

संख्या	पृष्ठ
१५१ । अठारहनातेकी कथा	३९८

बारहवां अध्याय उपदेश संग्रह ।

१५२ । तेरह काठिया चौर महाकवि बनारसीदासकृत	४०२
१५३ । मोक्षपेडी "	४०४
१५४ ज्ञानपचीसी "	४०८
१५५ । धर्मपचीसी द्यानतराय कृत	४०९
१५६ । अध्यात्मपंचाशिका "	४१२
१५७ । सुमावतीसी भैयाजी कृत	४१५
१५८ । ममविलासके चौबोले स० पं० जिनेश्वरदासजी कृत	४१८
१५९ । उपदेशी बारहखड़ी कविवर सूरतकृत	४२२

तेरहवां अध्याय फुटकर संग्रह ।

१६० । छहढाला दौलतरामजी कृत	४३१
१६१ । समाधिमरण भाषा (बड़ी)	४४३
१६२ । बारहमासा नेमिराजुलका [illegible]	४५२
१६३ । बारहमासा सीता सतीका	४५७
१६४ । चौबीसदंडक दौलतरामजीकृत	४६६
१६५ । [illegible] विधि	४७१
१६६ । सूतक विधि	४७२



बृहज्जिनवाणीसंग्रह।

प्रथम अध्याय।

प्रातःक्रिया और दर्शनपाठादि संग्रह।

प्रत्येक जैनबंधुको सुबह उठ कर नीचे लिखे मंत्र और पाठ बोलने चाहिये और सातवें पृष्ठमें बतलाई गई विधिके अनुसार सामायिक करना चाहिये।

१। नमस्कारादि मंत्र।

गाथा।

णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं णमो आइरीयाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं ॥ १ ॥
अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नमः।

स्वर्गीय पं० महाचंद्रकृत

२ सामायिक पाठ।

१ प्रतिक्रमण कर्म।

काल अनंत भ्रम्यो जगमें सहिये दुख भारी।
जन्ममरण नित किये पापको है अधिकारी॥
कोटि भवांतरमांहि मिलन दुर्लभ सामायिक।
धन्य आज मैं भयो योग मिलियो सुखदायक ॥ १ ॥
हे सर्वज्ञ जिनेश! किये जे पाप जु मैं अब।
ते सब मन-वच-काय-योगकी गुप्ति बिना लभ॥
आप समीप हजूर मांहि मैं खडो खडो सब।

दोष कहूं सो सुनो करो नठ दुःख देहिं जब ॥ २ ॥
क्रोधमानमदलोभमोहमायावशि प्रानी ।
दुःखसहित जे किये दया तिनकी नहिं आनी ॥
विना प्रयोजन एकेन्द्रिय वितिचउपंचेंद्रिय ।
आप प्रसादहि मिटै दोष जो लग्यो मोहि जिय ॥ ३ ॥
आपसमें इकठौर थापि करि जे दुख दीने ।
पेलि दिये पगतलें दाबि करि प्राण हरीने ॥
आप जगतके जीव जिते तिन सबके नायक ।
अरज करूं मैं सुनो दोष मेटो दुखदायक ॥ ४ ॥
अंजन आदिक चोर महा घनघोर पापमय ।
तिनके जे अपराध भये ते क्षमा क्षमा किय ॥
मेरे जे अब दोष भये ते क्षमहु दयानिधि ।
यह पणिकोणो क्रिया आदि षटकर्ममांहिं ॥ ५ ॥

२ प्रत्याख्यान द्वितीय कर्म।

इसके आदि वा अन्तमें आलोचनापाठ बोलकर फिर
तृतीय सामायिक कर्मका पाठ करना चाहिये।

जो प्रमादवशि होय विराधे जीव घनेरे ।
तिनको जो अपराध भयो मेरे अघ ढेरे ॥
सो सब झूठो होउ जगतपतिके परसादै ।
जा प्रसादतैं मिलै सर्व सुख, दुःख न लाधै ॥ ६ ॥
मैं पापी निर्लज्ज दयाकरि हीन महाशठ ।
किये पाप अघढेर पापमति होय चित दुठ ॥
निंदूं हूं मैं बारबार निज जियको गरहूं ।
सबविधि धर्म उपाय पाय फिर पापहि करहूं ॥ ७ ॥

दुर्लभ है नरजन्म तथा श्रावककुल भारी।
सतसंगतिसंयोग धर्मजिनश्रद्धा, धारी॥
जिनवचनामृतधारसमा वर्तें जिनवानी।
तो हू जीव संघारे धिक धिक धिक हम जानी॥ ८॥
इंद्रियलंपट होय खोय निज ज्ञान जमा सब।
अज्ञानी जिमि करें तिसी विधि हिंसक व्है अब॥
गमनागमन करंतो जीव विराधे भोले।
ते सब दोष किये निंदू अब मन वच तोले॥ ९॥
आलोचनविधिथकी दोष लागे जु घनेरे।
ते सब दोष विनाश होउ तुमतें जिन! मेरे॥
वारवार इस भांति मोह मद दोष कुटिलता।
ईर्षादिकतें भय निंदिये जे भयभीता॥ १०॥

३ तृतीय सामायिक भावकर्म।

सब जीवनमें मेरे समताभाव जग्यो है।
सब जिय मोसम समता राखो भाव लग्यो है॥
आर्त्त रौद्र द्वय ध्यान छांडि करिहूं सामायिक।
संयम मो कब शुद्ध होय यह भावबधायक॥ ११॥
पृथिवी जल अरु अग्नि वायु चउकाय वनस्पत।
पंचहिं थावरमांहि तथा त्रस जीव बसें जित॥
बेइंद्रिय तिय चउ पंचेन्द्रियमांहि जीव सब।
तिनतें छिमा कराऊं मुझपर छिमा करो अब॥ १२॥
इन अवसरमें मेरे सब सम कंचन अरु तृण॥
महल मसान समान शत्रु अरु मित्रहिं सम गण॥
जामन मरण समान जानि हम समता कीनी।

सामायिकका काल जिते यह भाव नवीनी ॥ १३ ॥
मेरो है इक आतम तामें ममत जु कीनो।
और सबै मम भिन्न जानि समतारस भीनो ॥
मात पिता सुत बंधु मित्र तिय आदि सबै यह।
मोतें न्यारे जानि जथारथ रूप कर्यो गह ॥ १४ ॥
मैं अनादि जगजालमांहिं फंसि रूप न जाण्यो।
एकेंद्रिय दे आदि जंतुको प्राण हराण्यो ॥
ते सब जीवसमूह सुनो मेरी यह अरजी।
भवभवको अपराध क्षमा कीज्यो करि मरजी ॥ १५ ॥

४ चतुर्थ स्तवनकर्म।

नमों रिषभ जिनदेव अजित जिन जीति कर्मको।
संभव भवदुखहरण करण अभिनंद शर्मको ॥
सुमति सुमतिदातार तार भवसिंधु पार कर।
पद्मप्रभ पद्माभ भानि भवभीति प्रीति धर ॥ १६ ॥
श्रीसुपार्श्व कृतपाश नाश भव जास शुद्धकर।
श्रीचन्द्रप्रभ चंद्रकांतिसम देहकांतिधर ॥
पुष्पदंत दमि दोष कोश भविपोष रोषहर।
शीतल शीतलकरण हरण भवताप दोषहर ॥ १७ ॥
श्रेयरूप जिनश्रेय ध्येय नित सेय भव्यजन।
वासुपूज्य शतपूज्य वासवादिक भवभयहन ॥
विमल विमलमति देन अंतगत है अनंतजिन।
धर्मशर्मशिवकरण शांतिजिन शांतिविधायिन ॥ १८ ॥
कुंथु कुंथुमुख जीवपाल अरनाथ जालहर।

मल्लि मल्लसम मोहमल्लमारन प्रचार धर ॥
मुनिसुव्रत व्रतकरण नमत सुरसंघहि नमि जिन ।
नमिनाथ जिन नेमि धर्मरथमाहिं ज्ञानघन ॥ १९ ॥
पार्श्वनाथ जिन पार्श्वउपलसम मोक्षरमापति ।
वर्द्धमान जिन नमूं वमूं भवदुःख कर्मकृत ॥
या विधि मैं जिनसंघरूप चउवीस संख्यधर ।
स्तवूं नमूं हूं वार वार वंदूं शिवसुखकर ॥ २० ॥

५ पंचम वंदनाकर्म ।

वंदूं मैं जिनवीर धीर महावीर सु सनमति ।
वर्द्धमान अतिवीर वंदि हूं मनवचतनकृत ॥
त्रिशलातनुज महेश धीश विद्यापति वंदूं ।
वंदों नितप्रति कनकरूप तनु पापनिकंदूं ॥ २१ ॥
सिद्धारथ नृपनंदद्वंदुख दोष मिटावन ।
दुरितदवानल ज्वलितज्वाल जगजीव उधारन ॥
कुंडलपुर करि जन्म जगतजिय आनंदकारन ।
वर्ष बहत्तरि आयु पाय सबही दुखटारन ॥ २२ ॥
सप्तहस्त तनु तुंग भंगकृतजन्ममरणभय ।
बालब्रह्ममय ज्ञेय हेय आदेय ज्ञानमय ॥
दे उपदेश उधारि तारि भवसिंधु जीवघन ।
आप बसे शिवमाहिं ताहि वंदों मन वच तन ॥ २३ ॥
जाके वंदनथकी दोष दुखदूरिहि जावै ।
जाके वन्दनथकी मुक्तितिय सन्मुख आवै ॥
जाके वंदनथकी वन्द्य होवै सुरगनके ।

ऐसे वीर जिनेश वन्दि हूं क्रमयुग तिनके ॥ २४ ॥

सामायिक षट्कर्म माहिं वन्दन यह पंचम।

वन्दों वीरजिनेंद्र इन्द्रशतवन्द्य वन्द्य मम ॥

जन्ममरणभय हरो करो अघशांति शांतिमय।

मैं अघकोश सुपोष दोषको दोष विनाशय ॥ २५ ॥

६ छठा कायोत्सर्ग कर्म।

कायोत्सर्गविधान करूं अंतिम सुखदाई।

कायत्यजनमय होय काय सबको दुखदाई ॥

पूरब दक्षिण नमूं दिशा पश्चिम उत्तर में।

जिनगृहवंदन करूं हरूं भवपापतिमिर मैं ॥ २६ ॥

शिरोनती मैं करूं नमूं मस्तक कर धरिकैं।

आवर्तादिक क्रिया करूं मन वच मद हरिकैं ॥

तीनलोक जिनभवनमाहिं जिन हैं जु अकृत्रिम।

कृत्रिम हैं द्वय अर्द्धद्वीप माहीं वन्दों जिमि ॥ २७ ॥

आठ कोडि परि छप्पन लाख जु सहस सत्यानूं।

च्यारि शतक परि असी एक जिनमन्दिर जानूं ॥

व्यंतर ज्योतिषिमाहिं संख्यरहित जिनमंदिर।

ते सब वंदन करूं हरहु मम पाप संघकर ॥ २८ ॥

सामायिकसम नाहिं और कोउ वैर मिटायक।

सामायिकसम नाहिं और कोउ मैत्री-दायक ॥

श्रावक अणुव्रत आदि अंत सप्तम गुणथानक।

यह आवश्यक किये होय निश्चय दुखहानक ॥ २९ ॥

जे भवि आतमकाज-करण उद्यमके धारी।

ते सब काज विहाय करो सामायिक सारी ॥
राग दोष मद मोह क्रोध लोभादिक जे सब ।
बुध 'महाचन्द्र' विलाय जाय तातैं कीज्यो अब ॥३

= इति सामायिक पाठ समाप्त =

३ सामायिक करनेकी विधि।

गृहस्थके नित्यकर्म छह हैं। देवपूजा १, गुरुकी भक्ति करना २, स्वाध्याय करना ३, संयम पालना ४, तप करना ५, और दान करना ६। सामायिक करना इन षटकर्मोंमेंसे तपके अंतर्गत है। इसलिये प्रत्येक गृहस्थको प्रतिदिन सवेरे ही एकवार दूसरी प्रतिमाके धारीको सवेरे साम दो वार और तीसरी सामायिकप्रतिमाधारीको दुपहर रातमें कमसेकम तीन वार सामायिक करना चाहिये। उपवास वा उपवाससे पूर्वके दिन इनसे जियादा और जियादा समय तक करना चाहिये।

सामायिकका काल जघन्य दो घड़ी अर्थात् एक मुहूर्तका (४८ मिनिटका) है, मध्यमकाल चार घड़ी वा दो मुहूर्तका और उत्कृष्ट काल ६ घड़ीका है और जो प्रतिमाधारी नहीं हैं अव्रती हैं, उनकेलिये ४८ मिनिटका नियम नहीं है वे अपने अवकाशके अनुसार कम जियादा भी कर सकते हैं।

सामायिक करनेका सबसे उत्तमकाल सवेरेका है सो ...रे चार बजे वा सूर्योदयसे पहले शय्यासे उठकर ही करना ...हिये। गृहस्थ यदि स्त्रीसहवासादिसे अपवित्र हो तो हाथ ...धोकर कपड़ा बदल कर घरके किसी एकांत स्थानमें ...ां कि—डांस मच्छर आदिकी कोई भी

अथवा जिनमंदिरजी या धर्मशालामें उत्तर या पूर्वमुख कुशासन पर बैठकर सामायिक धारण करना चाहिये। जिनमंदिरजीमें उत्तर पूर्वमुख देखकर बैठनेका कोई नियम नहीं है क्योंकि मंदिरजी नवदेवोंमेंसे एक देव हैं। देवके सन्मुख बैठकर सामायिक करना सर्वोत्तम है। इसलिये मंदिरजीमें जहां कुछ विक्षेपका कारण न हो, उस जगह चाहे जिधरको मुँह करके बैठ सकते हैं।

सामायिक करनेवाला प्रथम ही दर्भासन या चटाई पर सीधे खड़ा होकर पांवके अग्रभाग चार अंगुलके अंतरसे रख, दोनों हाथ लटका देवे, दृष्टि नाशाके अग्रभागपर रख कर खड़ा हो अपने मनमें प्रतिज्ञा करे कि 'मैं इतने समय तक सामायिक करूंगा सो जब तक सामायिककी क्रिया करूं तबतक मुझे इस स्थानके सिवाय अन्य स्थान और समस्त प्रकारके परिग्रहका सर्वथा त्याग है।' तत्पश्चात् नव अथवा तीन बार नमस्कार मंत्रका उच्चारण करके साष्टांग नमस्कार करे। तत्पश्चात् खडे २ ही अथवा बैठकर तीन बार नमस्कार मंत्र पढकर हाथ जोडकर जुडे हुये हाथोंसे तीन आवर्त (चक्र) देकर जुडे हुए हाथों पर मस्तक रखकर एकबार शिरोनति करे। इसका अर्थ यह है कि मैं मनवचनकायसे सन्मुखदिशाकी तरफ जितने कृत्रिम अकृत्रिम चैत्यालय (जिनमंदिर) सिद्धक्षेत्र हैं, उन सबको नमस्कार करता हूं। इसी प्रकार तीन आवर्त और एक शिरोनति दहने हाथकी दिशामें करे, फिर पीठ पीछेकी दिशामें

और फिर वायें हाथकी दिशामें करे। यदि मंदिरजीमें बैठकर सामायिक करनेका काम पडे और चारों तरफ अन्य भाई सामायिक स्वाध्यायादिक करते हों और चारों तरफ फिर फिर कर शिरोनति करनेमें शास्त्रजी वगैरहके पीठ लगती हो तो जिस दिशामें मुख करके बैठे हों, उसी दिशामें ही चारवार आवर्त और चार शिरोनति कर लें परंतु मनमें यही भावना रक्खे कि इस पूर्वदिशाके व दक्षणदिशाके या अमुकदिशाके चैत्यालय आदिको नमस्कार करता हूं अथवा अपने हाथों को पहिले आवर्तके वाद एकवार दहने हाथकी तरफ झुका कर फिर तीसरी वार पीठ पीछे नमस्कार करते समय माथे पर हाथ रख कर और चौथी वार वांयी तरफ हाथ झुका कर जुडे हुये हाथोंपर मस्तक रख कर शिरोनति कर लें।

इसप्रकार चारों तरफ चार वारमें वारह आवर्त और चार शिरोनति करनेके पश्चात् पहले जिस तरफ मुँह करके वैठे हो उसी तरफ पद्मासन वा अर्द्धपद्मासन वैठकर शांतचित्त होकर सामायिकका पाठ संस्कृत वा भाषा धीरे धीरे पढै, जवानी याद न हो तो पुस्तक सामने रखकर मनमें उसके अर्थको समझता हुवा पढे।

सामायिक पाठमें प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान, सामायिक, स्तवन, वंदन और कायोत्सर्ग ये छह कर्म हैं। प्रतिक्रमणमें भगवानके सन्मुख अपने किये हुये पापकार्योंको स्मरण करके आलोचना (प्रार्थना) करना है। प्रत्याख्यान कर्ममें ये सब दोष मैंने प्रमादके वशीभूत होकर किये हैं सो मैं आपके

पास अपनी निंदा करके प्रार्थना करता हूं कि मेरे ये दोष मिथ्या होवो। सामायिक कर्ममें समस्त जीवोंमें और उत्तम मध्यम समस्त पदार्थोंमें रागद्वेष छोडकर समस्त जीवोंसे अपने किये हुये अपराधोंकी क्षमा मांग कर समता भाव धरनेकी प्रतिज्ञा है। चौथे स्तवन कर्ममें चोवीसों तीर्थंकर भगवानको नमस्कार पूर्वक स्तुति (गुणप्रशंसा) करना है। पांचवें वंदनाकर्ममें अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीरस्वामी को प्रशंसापूर्वक वारंवार नमस्कार करना है। सो पाठ करते समय इन पांचों अध्यायोंकी पूर्तिमें नमस्कार करना चाहिये और छठ्ठा कायोत्सर्ग कर्म है सो पहिलेकी तरह खडे होकर शरीरसे ममता छोडकर, चारों दिशाओंमें तीन तीन आवर्त और एक एक शिरोनति करे। इसप्रकार आदि अंतमें चार आवर्त और चार शिरोनति करनेसे सबसे थोडे समयकी सामायिक करना तो पूरा हो जाता है परंतु इतने पाठ पढने में बहुत थोडा समय ही लगा इसलिये अधिक काल शांत-परिणाम (समताभाव) रखनेकेलिये इन समतारूप भावोंमें ही एक वा दो नमस्कार मंत्रकी माला फेर लेना चाहिये तथा वारह भावनाका पाठ अथवा अन्यान्य पाठ भी पढ लेना चाहिये। इसके सिवाय सामायिक धारण करनेसे पहिले आलोचनापाठ भी जो प्रतिक्रमण कर्म ही है, पढ लेना चाहिये। नमस्कारमंत्रकी माला फेरनेमें समय बहुत लगता हो और अन्यान्य पाठ पढने हों तो ३५ अक्षरी नमस्कार मंत्रकी जगह, 'अरहंत सिद्ध' ऐसे छह अक्षरोंके मंत्रकी

अथवा 'असियाउसा' इसप्रकार पांच अक्षरोंके मंत्रकी, तथा 'अरहंत' ऐसे चार अक्षर 'सिद्ध सिद्ध' ऐसे दो अक्षर अथवा 'ओम्' ऐसे एक अक्षरकी माला जप लेना चाहिये। जब कि सामायिक पाठ पढनेके बाद माला फेरना तथा बारह भावना आदि और और पाठ पढना हो तो इन सबके बाद अंतका कायोत्सर्ग और आवर्तादि क्रिया करकें सामायिक पूर्ण करे।

इसप्रकार नित्य एक बार वा दो बार या तीन बार आलोचनापाठ सहित सामायिक करनेसे परिणामोंमें बडी शांति होती है, प्रमाद छूटता जाता है जो कि महा सुखका कारण है।

४ अथ आलोचना पाठ।

यह आलोचना पाठ सामायिक कालमें षटकर्म प्रतिक्रमण कर्म है उस कर्मके आदि वा अन्तमें बोलना चाहिये।

दोहा—वंदों पांचों परम गुरु, चौवीसों जिनराज।
करूं शुद्ध आलोचना, शुद्धिकरनके काज ॥ १ ॥

सखी छंद चौदहमात्रा।

सुनिये जिन अरज हमारी। हम दोष किये अति भारी॥
तिनकी अब निवृत्ति काजें। तुम सरन लही जिनराजें ॥२॥
इक वे ते चउ इंद्री वा। मनरहित सहित जे जीवा॥
तिनकी नहिं करुणा धारी। निरदइ ह्वै घात विचारी॥ ३॥
समरंभ समारंभ आरंभ। मनवचतन कीने प्रारंभ॥
कृत कारित मोदन करिकैं। क्रोधादि चतुष्टय धरिकैं॥ ४॥
शत आठ जु इम भेदननें। अघ कीने परछेदननें॥

तिनकी कहुं कोलौं कहानी । तुम जानतु केवलज्ञानी ॥ ५ ॥
विपरीत एकांत विनयके । संशय अज्ञान कुनयके ॥
वश होय घोर अघ कीने । वचतैं नहिं जात कहीने ॥ ६ ॥
कुगुरुनकी सेवा कीनी । केवल अदयाकरि भीनी ॥
याविधि मिथ्यात भ्रमायो । चहुंगति मधि दोप उपायो ॥७॥
हिंसा पुनि झूठ जु चोरी । परवनितासौं दृगजोरी ॥
आरंभपरिग्रहभीनो । पनपाप जु या विधि कीनो ॥ ८ ॥
सपरस रसना घ्राननको । चखु कान विपयसेवनको ॥
वहु करम किये मन मानी । कछु न्याय अन्याय न जानी ॥९॥
फल पंच उदंवर खाये । मधु मांस मद्य चित चाहे ॥
नहिं अष्ट मूलगुणधारी । विसनन सेये दुखकारी ॥ १० ॥
दुईवीस अभख जिन गाये । सो भी निशिदिन भुंजाये ॥
कछु भेदाभेद न पायो । ज्यों त्यों करि उदर भरायो ॥ ११ ॥
अनंतान जु वंधी जानो । प्रत्याख्यान अप्रत्याख्यानो ॥
संज्वलन चौकरी गुनिये । सव भेद जु पोडश मुनिये ॥१२॥
परिहास अरति रति शोग । भय ग्लानि तिवेदसंयोग ॥
पनवीस जु भेद भये इम । इनके वश पाप किये हम ॥ १३ ॥
निद्रावश शयन कराई । सुपनेमधि दोप लगाई ॥
फिर जागि विपयवन धायो । नानाविधि विपफल खायो ॥१४॥
कियेऽहार निहार विहारा । इनमें नहिं जतन विचारा ॥
विन देखी धरी उठाई । विनशोधी भोजन खाई ॥ १५ ॥
तव ही परमाद मनायो । वहुविध विकलप उपजायो ॥
कछु सुधिवुधि नाहिं रही है । मिथ्यामति छाय गई है ॥ १६ ॥

मरजादा तुम ढिंग लीनी । ताहूमें दोष जु कीनी ॥
भिन भिन अब कैसें कहिये । तुम ज्ञानविषै सब पइये ॥ १७॥
हा हा ! मैं दुठ अपराधी । त्रसजीवनराशि विराधी ॥
थावरकी जतन न कीनी । उरमें करुना नहिं लीनी ॥ १८ ॥
पृथिवी बहु खोद कराई । महलादिक जागां चिनाई ।
पुन विन गाल्यो जल ढोल्यो । पंखातैं पवन विलोल्यो ॥१९॥
हा ! हा ! मैं अदयाचारी । बहु हरितकाय जु विदारी ॥
तामधि जीवनके खंदा । हम खाये धरि आनंदा ॥ २० ॥
हा ! हा ! मैं परमाद वसाई । विन देखे अगनि जलाई ॥
तामधि जे जीव जु आये । ते हू परलोक सिधाये ॥ २१ ॥
बींध्यो अन राति पिसायो । ईंधन विन सोधि जलायो ॥
झाडू ले जागां बुहारी । चींटी आदिक जीव विदारी ॥ २२ ॥
जल छानि जिवानी कीनी । सो हू पुनि डारि जु दीनी ॥
नहिं जलथानक पहुँचाई । किरिया विन पाप उपाई ॥ २३ ॥
जल मल मोरिन गिरवायो । कृमिकुल बहु घात करायो ॥
नदियनबिच चीर धुवाये । कोसनके जीव मराये ॥ २४ ॥
अन्नादिक शोध कराई । ता में जु जीव निसराई ॥
तिनका नहिं जतन कराया । गरियालैं धूप डराया ॥ २५ ॥
पुनि द्रव्य कमावन काजे । बहु आरंभ हिंसा साजे ॥
कीये तिसनावश भारी । करुना नहिं रंच विचारी ॥ २६ ॥
इत्यादिक पाप अनंता । हम कीने श्रीभगवंता ॥
संतति चिरकाल उपाई । वानीतैं कहिये न जाई ॥ २७ ॥
ताको जु उदय अब आयो । नानाविधि मोहि सतायो ॥

फल भुंजत जिय दुख पावै। वचतें कैसें करि गावै ॥ २८ ॥
तुम जानत केवलज्ञानी। दुख दूर करो शिवथानी ॥
हम तो तुम शरन लही है। जिन तारन विरद सही है ॥ २९ ॥
जो गांवपतो इक होवै। सो भी दुखिया दुख खोवै ॥
तुम तीन भुवनके स्वामी। दुख मेटो अंतरजामी ॥ ३० ॥
द्रोपदीको चीर बढायो। सीताप्रति कमल रचायो ॥
अंजनसे किये अकामी। दुख मेट्यो अंतरजामी ॥ ३१ ॥
मेरे अवगुन न चितारो। प्रभु अपनो विरद विचारो ॥
सब दोपरहित करि स्वामी। दुख मेटहु अंतरजामी ॥३२॥
इंद्रादिक पदवी न चाहूं। विपयनिमें नाहिं लुभाऊं ॥
रागादिक दोप हरीजे। परमातम निजपद दीजे ॥ ३३ ॥

दोहा।

दोपरहित जिनदेवजी, निजपद दीज्यो मोहि।
सब जीवनके सुख बढ़ै, आँनद मंगल होय ॥ ३४ ॥
अनुभवमाणिक पारखी, जोंहरी आप जिनंद।
यही वर मोहि दीजिय, चरन सरन आनंद ॥ ३५ ॥

इति आलोचना पाठ समाप्त।

५। सुप्रभातस्तोत्रम्।

यत्स्वर्गावतरोत्सवे यदभवज्जन्माभिषेकोत्सवे यद्दीक्षाग्रहणोत्सवे यदखिलज्ञानप्रकाशोत्सवे। यन्निर्वाणगमोत्सवे जिनपतेः पूजाद्भुतं तद्भवैः संगीतस्तुतिमंगलैः प्रसरतां मे सुप्रभातोत्सवः ॥१॥ श्रीमन्नतामरकिरीटमणिप्रभाभिरालीढपादयुग ! दुर्धरकर्मदूर। श्रीनाभिनन्दन ! जिनाजित शंभवाख्य ! त्वद्ध्यानतोऽस्तु सततं मम सुप्रभातं ॥ २ ॥ छत्रत्रयप्रचलचामर-

वीज्यमानदेवाभिनन्दनमुने सुमते जिनेन्द्र ! पद्मप्रभार
द्युतिभासुरांग त्व० ॥ ३ ॥ अर्हन् सुपार्श्व कदलीदलव
प्रालेयतारगिरिमौक्तिकवर्णगौर । चन्द्रप्रभ स्फटिकपाण्डु
दंत ! त्व० ॥ ४ ॥ संतप्तकाञ्चनरुचे जिनशीतलाख्य
न्विनष्टदुरिताष्टकलंकपंक । बंधूकबंधुररुचे जिन वासु
त्व० ॥ ५ ॥ उदण्डदर्पकरिपो विमलामलांग स्थेमन्ननंत
दनंतसुखाम्बुराशे । दुष्कर्मकल्मषविवर्जित. धर्मनाथ त्व०
देवामरीकुसुमसंनिभ शांतिनाथ कुन्थो दयागुणविभूषणभू
तांग । देवाधिदेव भगवन्नरतीर्थनाथ त्व० ॥ ७ ॥ यन्मोह
मल्लमदभञ्जनमल्लिनाथ क्षेमंकरोवितथशासनसुव्रताख्य । यत्स-
म्पदा प्रशमितो नमिनामधेय त्व० ॥ ८ ॥ तापिच्छगुच्छरुचि-
रोज्ज्वल नेमिनाथ घोरोपसर्गविजयिन् जिन पार्श्वनाथ । स्या-
द्वाद सूक्तिमणिदर्पणवर्द्धमान त्व० ॥ ९ ॥ प्रालेयनीलहरिता-
रुणपीतभासं यन्मूर्तिमव्ययसुखावसथं मुनीन्द्राः । ध्यायन्ति
सप्ततिशतं जिनवल्लभानां त्व० ॥ १० ॥ सुप्रभातं सुनक्षत्रं मांग-
ल्यं परिकीर्तितम् । चतुर्विंशतितीर्थानां सुप्रभातं दिने दिने
॥ ११ ॥ सुप्रभातं सुनक्षत्रं श्रेयः प्रत्यभिनन्दितम् । देवता
ऋषयः सिद्धाः सुप्रभातं दिने दिने ॥ १२ ॥ सुप्रभातं तवै-
कस्य वृषभस्य महात्मनः । येन प्रवर्तितं तीर्थं भव्यसत्वसुखा-
वहम् ॥ १३ ॥ सुप्रभातं जिनेंद्राणां ज्ञानोन्मीलितचक्षुषाम् ।
अज्ञानतिमिरान्धानां नित्यमस्तमितो रविः ॥ १४ ॥ सुप्रभा-
तं सुनक्षत्रं सुकल्याणं सुमंगलम् । त्रैलोक्यहितकर्तॄणां जिना-
मेव शासनम् ॥ १५ ॥

६ । प्रभाती संग्रह ।

राग रामकली ।

ऋपभदेव ऋपिदेवसहाई । अजित अजितरिपु संभव संभव, अभिनंदन नंदन लवलाई ॥ ऋपभदेव ॥ १ ॥ सुमति सुमति भवि पदम पदम अलि, देत सुपास सुपास भलाई । चित चकोर चंदा चंदप्रभ पुहुपदंत पुहुपनि–भजि भाई ॥ऋपभ०॥ शीतल शीतल जडता नाशै, श्रेयान् श्रेयान् जोति जगाई । वासुपूज्य वासवपदपूजे, विमल विमल कीरति जगछाई ॥ ऋपभ० ॥३ ॥ गुण अनंत अघ अंत अनंत है, धरम धरम वरसा वरसाई । शांति शांत कुंथ्वादि जंतुपर, कुंथुनाथ करुणा करवाई ॥ ऋपभ० ॥ ४ ॥ अरह अरहविधि मल्लि मल्लवर, मुनिसुव्रत मुनिसुव्रतदाई । नमि नमि सुरनर, नेमि-धरम रथ, नेमि प्रभू काटें भवकाई ॥ ऋपभ० ॥ ५ ॥ पास पास छेदी चहुं गतिकी, महावीर महावीर वड़ाई । द्यानत परमानंद पदकारन, चौवीसौं नामारथ गाई ॥ ऋपभ० ॥६॥

राग भैरों ।

उठो रे सुज्ञानी जीव, जिनगुन गावो रे ॥ उठो रे० ॥ टेक ॥ निसि तो नसाय गई, भानुको उद्योत भयो, ध्यानको लगावो प्यारे, नींदको भगावो रे । उठो रे ॥ १ ॥ भववन चौरासी बीचि, भ्रमनो फिर न नीच, मोहजाल फंद पर्यो, जन्म मृत्यु पावो रे ॥ उठो रे० ॥ २ ॥ आरज पृथ्वीमें आय, उत्तम नर जन्म पाय, श्रावक कुलको लहाय, मुक्ति क्यों न जावो रे ॥ उठो रे० ॥ ३ ॥ विपयनि राचि राचि, वहुविधि पाप सांचि,

नरकनि जाय क्यों, अनेक दुःख पावोरे ॥ उठोरे० ॥ ४ ॥ परको मिलाप त्याग आतमके जाप लाग, सुबुधि बतावै गुरु, ज्ञान क्यों न लावोरे ॥ उठोरे ॥ ५ ॥

राग बसंत।

भोर भयो भज श्री जिनराज, सफल होहिं तेरे सब काज ॥ टेक ॥ धन संपति मन वंछित भोग, सब विधि जान बने संजोग ॥ भोर० ॥ १ ॥ कल्पवृच्छ ताके घर रहै। कामधेनु नित सेवा वहै। पारसचिंतामनि-समुदाय, हितसों आय मिलै सुख दाय ॥ भोर० ॥२॥ दुर्लभतें सुलभ्य है जाय, रोगसोग दुखदूर पलाय। सेवा देव करें मनलाय, विघन उलटि मंगल ठहराय ॥ भोर० ॥ ३ ॥ डायनिभूत पिशाच न छलै, राज चोरको जोर न चलै। जस आदर सौभाग्य प्रकास, द्यानत सुरग मुकतिपदवास ॥ भोर० ॥ ४ ॥

राग भैरों।

भोर भयो सब भविजन मिलकर, जिन वरपूजन आवो (जावो), अशुभ मिटावो पुण्य बढावो, नैनन नींद गमावो ॥ भोर० ॥ टेक ॥ तनको धोय धारि उजरे पट, सुभगजलादिक लावो। वीतराग छवि हरखि निरखिकै, आगमोक्त गुन गावो ॥ भोर भयो० ॥ १ ॥ शास्तर सुनो भनो जिनवानी, तपसंजम उपजावो। धरि सरधान देव गुरु आगम, मात तत्त्वरुचि लावो ॥ भोर भयो० ॥ २ ॥ दुःखित जनकी दया ल्याय उर, दान चारविधि द्यावो। रागरोष तजि भजि निजपदको, 'बुधजन' शिवपद पावो ॥ भोर भयो० ॥ ३ ॥

६ । प्रभाती संग्रह ।

राग रामकली ।

ऋषभदेव ऋषिदेवसहाई । अजित अजितरिपु संभव संभव, अभिनंदन नंदन लवलाई ॥ ऋषभदेव ॥ १ ॥ सुमति सुमति भवि पदम पदम अलि, देत सुपास सुपास भलाई । चित चकोर चंदा चंदप्रभ पुहुपदंत पुहुपनि—भजि भाई ॥ऋषभ०॥ शीतल शीतल जडता नाशै, श्रेयान् श्रेयान् जोति जगाई । वासुपूज्य वासवपदपूजे, विमल विमल कीरति जगछाई ॥ ऋषभ० ॥३ ॥ गुण अनंत अघ अंत अनंत है, धरम धरम वरसा वरसाई । शांति शांत कुंथ्वादि जंतुपर, कुंथुनाथ करुणा करवाई ॥ ऋषभ० ॥ ४ ॥ अरह अरहविधि मल्लि मल्लवर, मुनिसुव्रत मुनिसुव्रतदाई । नमि नमि सुरनर, नेमि-धरम रथ, नेमि प्रभू काटें भवकाई ॥ ऋषभ० ॥ ५ ॥ पास पास छेदी चहुं गतिकी, महावीर महावीर बड़ाई । द्यानत परमानंद पदकारन, चौवीसों नामारथ गाई ॥ ऋषभ० ॥६॥

राग भैरों ।

उठो रे सुज्ञानी जीव, जिनगुन गावो रे ॥ उठो रे० ॥ टेक ॥ निसि तो नसाय गई, भानुको उद्योत भयो, ध्यानको लगावो प्यारे, नींदको भगावो रे । उठो रे ॥ १ ॥ भववन चौरासी वीचि, भ्रमनो फिर न नीच, मोहजाल फंद पर्यो, जन्म मृत्यु पावो रे ॥ उठो रे० ॥ २ ॥ आरज पृथ्वीमें आय, उत्तम नर जन्म पाय, श्रावक कुलको लहाय, मुक्ति क्यों न जावो रे ॥ ॥ उठो रे० ॥ ३ ॥ विषयनि राचि राचि, बहुविधि पाप मांचि,

नरकनि जाय क्यों, अनेक दुःख पावोरे ॥ उठोरे० ॥ ४ ॥ परको मिलाप त्याग आतमके जाप लाग, सुबुधि बतावै गुरु, ज्ञान क्यों न लावोरे ॥ उठोरे ॥ ५ ॥

राग बसंत।

भोर भयो भज श्री जिनराज, सफल होहिं तेरे सब काज ॥ टेक ॥ धन संपति मन बंछित भोग, सब विधि जान बने संजोग ॥ भोर० ॥ १ ॥ कल्पवृच्छ ताके घर रहै। कामधेनु नित सेवा वहै। पारस चिंतामनि-समुदाय, हितसों आय मिलै सुख दाय ॥ भोर० ॥२॥ दुर्लभतैं सुलभ्य ह्वै जाय, रोगसोग दुखदूर पलाय। सेवा देव करैं मनलाय, विघन उलटि मंगल ठहराय ॥ भोर० ॥ ३ ॥ डायनिभूत पिशाच न छलैं, राज चोरको जोर न चलै। जस आदर सौभाग्य प्रकास, द्यानत सुरग मुकतिपदवास ॥ भोर० ॥ ४ ॥

राग भैरो।

...र भयो सब भविजन मिलकर, जिन वरपूजन आवो ...ावो), अशुभ मिटावो पुन्य बढावो, नैनन नींद गमावो ...ोर० ॥ टेक ॥ तनको धोय धारि उजरे पट, सुभगजल ...क लावो। वीतराग छवि हरखि निरखिकै, आगमोक्त ...ावो ॥ भोर भयो० ॥ १ ॥ ...ानी, तपसंजम उपजावो। धरि सरधान देव गुरु ...नान तत्त्वनि लावो ॥ भोर भयो० ॥ २ ॥ दुखित ...दया ल्याय उर, दान चारविधि द्यावो। रागदोष ...ति निजपदको, 'बुधजन' शिवपद पावो ॥ भोर ...॥ ३ ॥

७। मेरी भावना।

(स्नान करते समय बोलना)

मैं देव नित अरहंत चाहूं सिद्धका सुमिरन करों। मैं सूर गुरु मुनि तीनि पद थे साधुपद हिरदय धरों॥ मैं धर्म करुणामय जु चाहूं, जहां हिंसा रंच ना। मैं शास्त्र ज्ञान विराग चाहूं जासुमें परपंच ना॥ १॥ चौवीस श्रीजिनदेव चाहूं और देव न मन वसै। जिन वीस क्षेत्रविदेह चाहूं, वंदिते पातक नशै॥ गिरनार शिखर समेद चाहूं, चंपापुर पावापुरी। कैलाश श्रीजिनधाम चाहूं, भजत भाजें भ्रमजुरी॥ २॥ नवतत्त्वका सरधान चाहूं, और तत्त्व न मन धरों। षट्‌द्रव्य गुन परजाय चाहूं ठीक तासों भय हरों॥ पूजा परम जिनराज चाहूं और देव न हूं सदा। तिहुंकालकी मैं जाप चाहूं पाप नहिं लागे कदा॥ ३॥ सम्यक्त दरशन ज्ञान चारित, सदा चाहूं भावसों। दशलक्षणी मैं धर्म चाहूं महा हर्ष उछावसों॥ सोलह जु कारन दुखनिवारण सदा चाहूं प्रीतिसों। मैं चित अठाई पर्व चाहूं महा मंगल रीतिसों॥ ४॥ मैं वेद चारों सदा चाहूं आदि अंत निवाहसों। पाये धरमके चार चाहूं अधिक चित्त उछाहसों॥ मैं दान चारों सदा चाहूं भुवनवशि लाहो लहूं। आराधना मैं चारि चाहूं अंतमें येही गहूं॥ ५॥ भावना बारह जु भाऊं भाव निरमल होत हैं। मैं व्रत जु बारह सदा चाहूं त्याग भाव उद्योत हैं॥ प्रतिमा दिगंबर सदा चाहूं ध्यान आसन सोहना। वसुकर्मतें मैं छुटा चाहूं शिवलहूं जहँ मोहना॥ ६॥ मैं साधुजनको संग चाहूं प्रीति तिनहीं सों करों। मैं पर्वके

उपवास चाहूं अवर आरंभ परिहरों ॥ इस दुक्ख पंचमकालमाहीं कुल शरावक में लहों । अरु महाव्रत धरि सकों नाहीं. निबल तन मैंने गहो ॥ ७ ॥ आराधना उत्तम सदा चाहूं सुनो जिनरायजी । तुम कृपानाथ अनाथ 'द्यानत' दया करना न्याय जी ॥ वसुकर्मनाश विकाश ज्ञानप्रकाश मोको कीजिये । करि सुगति गमन समाधिमरन सुभक्ति चरनन दीजिये ॥ ८ ॥

८ । दृष्टाष्टकस्तोत्रम ।

(दर्शनार्थ जाते हुये जबसे जिनमंदिर दीखने लगे तबसे इसका पाठ करना आरंभ कर दे)

दृष्टं जिनेन्द्रभवनं भवतापहारी भव्यात्मनां विभवसंभवभूरिहेतुः । दुग्धाब्धिफेनधवलोज्ज्वलकूटकोटीनद्धध्वजप्रकरराजिविराजमानम् ॥ १ ॥ दृष्टं जिनेन्द्रभवनं भुवनैकलक्ष्मीधामर्द्धिवर्द्धितमहामुनिसेव्यमानम् । विद्याधरामरवधूजनमुक्तदिव्यपुष्पांजलिप्रकरशोभितभूमिभागम् ॥ २ ॥ दृष्टं जिनेन्द्रभवनं भवनादिवासविख्यात नाकगणिकागणगीयमान् । नानामणिप्रचयभासुररश्मिजालव्यालीढनिर्मलविशालगवाक्षजालम् ॥ ३ ॥ दृष्टं जिनेन्द्रभवनं सुरसिद्धयक्षगन्धर्वकिन्नरकरार्पितवेणुवीणा । संगीतमिश्रितनमस्कृतधारनादैरापूरितांबरतलोरुदिगन्तरालम् ॥ ४ ॥ दृष्टं जिनेन्द्रभवनं विलिसद्विलोलमालाकुलालिललितालकविभ्रमाणम् ॥ माधुर्यवाद्यलयनृत्यविलासनीनां लीलाचलद्वलयनूपुरनादरम्यम् ॥५॥ दृष्टं जिनेन्द्रभवनं मणिरत्नहेममारोज्ज्वलैः कलशचामरदर्पणाद्यैः । सन्मंगलैः सततमष्टशतप्रभेदैर्विभ्राजितं विमलमौक्तिक-

जिनेन्द्र तव दर्शनात् ॥ ५ ॥ अद्य सौम्या ग्रहाः सर्वे शुभाश्चैकादशस्थिताः । नष्टानि विघ्नजालानि जिनेन्द्र तव दर्शनात् ॥ ६ ॥ अद्य नष्टो महाबन्धः कर्मणां दुःखदायकः । सुखसंगं समापन्नो जिनेंद्र तव दर्शनात् ॥ ७ ॥ अद्य कर्माष्टकं नष्टं दुःखोत्पादनकारकम् । सुखाम्भोधिनिमग्नोऽहं जिनेन्द्र तव दर्शनात् ॥ ८ ॥ अद्य मिथ्यान्धकारस्य हन्ता ज्ञानदिवाकरः । उदितो मच्छरीरेऽस्मिन् जिनेन्द्र तव दर्शनात् ॥ ९ ॥ अद्याहं सुकृती भूतो निर्धूताशेषकल्मषः । भुवनत्रयपूज्योऽहं जिनेन्द्र तव दर्शनात् ॥१०॥ अद्याष्टकं पठेद्यस्तु गुणानन्दितमानसः तस्य सर्वार्थसंसिद्धिर्जिनेन्द्र तव दर्शनात् ॥ ११ ॥

इति अद्याष्टकं स्तोत्रं संपूर्णम् ।

—:०:—

११ । नमस्कारमंत्रदर्शनपाठादि ।

नमस्कार मंत्र ।

णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं णमो आइरीयाणं ।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं ॥ १ ॥

चत्तारि मंगलं—अरहंत मंगलं । सिद्ध मंगलं । साहू मंगलं । केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं ॥ १ ॥ चत्तारि लोगुत्तमा—अरहंत लोगुत्तमा । सिद्ध लोगुत्तमा । साहू लोगुत्तमा । केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा ॥ २ ॥ चत्तारि सरणं पव्वज्जामि—अरहंत सरणं पव्वज्जामि । सिद्ध सरणं पव्वज्जामि । साहु सरणं पव्वज्जामि । केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि ॥ ओं ह्रीं स्वाहा ॥

वर्तमान चौवीस तीर्थंकरोंके नाम।

कवित्त ३१ मात्रा।

ऋषभ अजित संभव अभिनंदन, सुमति पद्म सुपास प्रभुचंद।
पुहपदंत शीतल श्रेयांस प्रभु, वासुपूज्य प्रभु विमल सुछंद॥
स्वामि अनंत धर्म प्रभु शांति सु, कुंथु अरह जिन मल्लि अनंद।
मुनिसुव्रत नमि नेमि पास, वीरेश सकल वंदों सुखकंद॥

श्रीऋषभः १ अजितः २ संभवः ३ अभिनंदनः ४ सुमितः ५ पद्मप्रभः ६ सुपार्श्वः ७ चंद्रप्रभः ८ पुष्पदंतः ९ शीतलः १० श्रेयांसः ११ वासुपूज्यः १२ विमलः १३ अनंतः १४ धर्मः १५ शांतिः १६ कुंथुः १७ अरः १८ मल्लिः १९ मुनिसुव्रतः २० नमिः २१ नेमिः २२ पार्श्वनाथः २३ महावीरः २४ इति वर्तमानकालसंबंधिचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो नमो नमः॥

इसप्रकार बोलकर साष्टांग नमस्कार करना चाहिये। नमस्कारके पश्चात् पूजनके लिये चावल चढाना हो, तो नीचे लिखे पद्य तथा मंत्र पढकर चढावे।

गीता छंद

यह भवसमुद्रअपार तारण, के निमित्त सुविधि ठई। अति दृढ परमपावन जथारथ भक्ति वर नौका सही॥ उज्वल अखंडित सालि तंदुल, पुंज धरि त्रयगुण जचूं। अरहंत श्रुतसिद्धांत गुरुनिरग्रंथ-नितपूजा रचूं॥ १॥

दोहा।

तंदुल सालि सुगंध अति, परम अखंडित बीन। जासों पूजों परमपद, देव शास्त्र गुरु तीन॥ १॥ ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा॥ १॥

[illegible]

[illegible]

[illegible] है। [illegible]

[illegible] जिन पूजा रचूं॥ १॥

[illegible]

[illegible]॥ ॐ ह्रीं [illegible] निर्वपामीति स्वाहा॥ १॥

[illegible]

[illegible] है। [illegible]

[illegible] है॥ [illegible]

[illegible] रचूं॥ २॥

[illegible]

[illegible]॥ २॥ ॐ ह्रीं [illegible]

[illegible] निर्वपामीति स्वाहा॥ २॥

[illegible]

[illegible] रचूं॥ ३॥

[illegible]॥ ३॥ ॐ ह्रीं [illegible]

[illegible] निर्वपामीति स्वाहा॥ ३॥

१२। अथ दर्शनदशक।

छप्पय।

देखे श्रीजिनराज, आज सब विघन विलाये। देखे श्रीजिनराज, आज सब मंगल आये॥ देखे श्रीजिनराज, काज करना कछु नाहीं। देखे श्रीजिनराज, हौंस पूरी मनमाहीं॥
तुमदेखे श्रीजिनराजपद, भोजल-अंजुलिजल-भया।
चिंतामनिपारसकल्पतरु, मोहसबनिसों उठि गया॥ १॥

२

देखे श्रीजिनराज, भाज अघ जाहिं दिसंतर। देखे श्रीजिनराज, काज सब होंइ निरंतर॥ देखे श्रीजिनराज, राज मनवांछित करिये। देखे श्रीजिनराज, नाथ दुख कबहु न भरिये॥ तुम देखे श्रीजिनराजपद, रोम रोम सुख पाइए। धनि आज दिवस धनि अब घरी, माथ नाथकौं नाइए॥ २॥

३

धन्य धन्य जिनधर्म, कर्मकौं छिनमें तोरै। धन्य धन्य जिनधर्म परमपदसों हित जोरै॥ धन्य धन्य जिनधर्म भर्मको मूल मिटावै। धन्य धन्य जिनधर्म शर्मकी राह बतावै॥ जग धन्य धन्य जिनधर्म यह, सो परगट तुमनें किया। भवखेत पाप-तप-तपतकौं, मेघरूप ह्वै सुख दिया॥ ३॥

४

तेज सूरसम कहूं, तपत दुखदायक प्रानी। कांति चंदसम कहूं, कलंकित मूरति मानी। वारिधिसम गुणकहूं, खारमें

१ कल्याणको, आत्महितको। २ पापरूपअग्निसे तप्त। ३ सूर्यसदृश।

कौन भलप्पन ॥ पारससम जस कहूं, आपसम करै न पर-तनै॥ इन आदि पदारथ लोकमें, तुमसमान क्यों दीजिये। तुम महाराज अनुपमदसा, मोहि अनूपम कीजिये ॥ ४ ॥

५

तव विलंब नहिंकियो, चीर द्रौपदिको बाढ्यो। तव विलंब नहिं कियो, सेठ सिंहासन चाढ्यो ॥ तव विलंब नहिं कियो, सीय पावकतें टारयो। तव विलंब नहिं कियो, नीरै मातंग उबारयो ॥ इहिविधि अनेकदुख भगतके, चूर दूर किय सुख अवनि। प्रभु मोहि दुःख नासनिविषें, अब विलंब कारन कवन ॥५॥

६

कियो भौनतैं गौन, मिटी आरति संसारी। राह आन तुम ध्यान, फिकर भाजी दुखकारी ॥ देखे श्रीजिनराज, पाप मिथ्यात विलायो। पूजाश्रुति बहु भगति, करत सम्यकगुन आयो ॥ इस मारवाडसंसारमें कल्पवृक्ष तुम दरस है। प्रभु मोहि देहु भौ भौ विषें, यह वांछा मन सरस है ॥ ६ ॥

७

जै जै श्रीजिनदेव, सेव तुमरी अघनाशक। जै जै श्रीजिनदेव, भेव षटद्रव्य प्रकासक ॥ जै जै श्रीजिनदेव एक जो प्रानी ध्यावै जै जै श्रीजिनदेव, टब अहमेव मिटावै। जै जै श्रीजिनदेव प्रभु, हेय करमरिपु दलनकों। हूजे सहाय नैंनरायजी, हम तयार शिवचलनकों ॥ ७ ॥

१ [illegible] २ [illegible] ३ [illegible] ४ हाथी। ५ वृक्षान। ६ [illegible] ७ [illegible] ८ [illegible] ९ भेद।

१२। अथ दर्शनदशक।

छप्पय।

देखे श्रीजिनराज, आज सब विघन विलाये। देखे श्रीजिनराज, आज सब मंगल आये॥ देखे श्रीजिनराज, काज करना कछु नाहीं। देखे श्रीजिनराज, हौंस पूरी मनमाहीं॥
तुमदेखे श्रीजिनराजपद, भोजल-अंजुलिजल-भयां।
चिंतामनिपारसकल्पतरु, मोहसबनिसों उठि गया॥ १॥

२

देखे श्रीजिनराज, भाज अघ जाहिं दिसंतर। देखे श्रीजिनराज, काज सब होंइ निरंतर॥ देखे श्रीजिनराज, राज मनवांछित करिये। देखे श्रीजिनराज, नाथ दुख कबहु न भरिये॥ तुम देखे श्रीजिनराजपद, रोम रोम सुख पाइए। धनि आज दिवस धनि अब घरी, माथ नाथकों नाइए॥ २॥

३

धन्य धन्य जिनधर्म, कर्मकों छिनमें तोरै। धन्य धन्य जिनधर्म परमपदसों हित जोरै॥ धन्य धन्य जिनधर्म भर्मको मूल मिटावै। धन्य धन्य जिनधर्म शर्मकी राह बतावै॥ जग धन्य धन्य जिनधर्म यह, सो परगट तुमनें किया। भवखेत पाप-तप-तपनकों, मेघरूप ह्वै सुख दिया॥ ३॥

४

तेज सूर्यसम कहूं, तपन दुखदायक भानी। कांति चंदसम कहूं, कलंकित मूरति मानी। वारिधिसम गुणकहूं, खारमें

१ [illegible]। २ [illegible]। ३ [illegible]।

कौन भलप्पन ॥ पारससम जस कहुं, आपसम करै न पर-तनं॥
इन आदि पदारथ लोकमें, तुमसमान क्यों दीजिये। तुम
महाराज अनुपमदसा, मोहि अनूपम कीजिये ॥ ४ ॥

५

व विलंव नहिंकियो, चीर द्रौपदिको वाढ्यो। तव विलंव
हिं कियो, सेठ सिंहासन चाढ्यो ॥ तव विलंव नहिं कियो,
य पावकतैं टारयो। तव विलंव नहिं कियो, नीरं मातंग उवा-
॥ इहिविधि अनेकदुख भगतके, चूर दूर किय सुख अवनि।
मोहि दुःख नासनिविषें, अव विलंव कारन कवन ॥५॥

६

भौंनतैं गौनँ, मिटी आरति संसारी। राह आन तुम
फिकर भाजी दुखकारी ॥ देखे श्रीजिनराज, पाप
विलायो। पूजाश्रुति वहु भगति, करत सम्यकगुन
इस मारवाडसंसारमें कल्पवृक्ष तुम दरस है। प्रभु
भौ भौ विषैं, यह वांछा मन सरस है ॥ ६ ॥

७

नदेव, सेव तुमरी अघनाशक। जै जै श्रीजिनदेव
प्रकासक ॥ जै जै श्रीजिनदेव एक जो प्रानी ध्यावै
नदेव, टेव अहमेव मिटावै। जै जै श्रीजिनदेव
रिपु दलनकौं। हूजे सहाय सँधरायजी, हम
नकौं ॥ ७ ॥

। अर्थात दूसरे धातुओंको। २ पटन्तर, उपमा। ३ जलमेंसे।
। ६ घरसे। ७ गमन। ८ मारवाडरूपी (वृक्षरहितसूखे रेत
।

१४। श्रीदौलतरामकृत स्तुति।

सकल ज्ञेयज्ञायक तदपि, निजानंद रसलीन।
सो जिनेन्द्र जयवंत नित, अरिरजरहसिविहीन ॥ १ ॥

पद्धरि छन्द।

जय वीतराग विज्ञानपूर। जय मोहतिमिरको हरन सूर ॥
जय ज्ञान अनंतानंतधार। दृगसुखवीरजमंडित अपार ॥२॥
जय परम शांतमुद्रासमेत। भविजनको निजअनुभूतिहेत ॥
भविभागनवचजोगेवशाय। तुमधुनि ह्वै सुनि विभ्रम नसाय ॥
तुमगुण चिंतत निजपरविवेक। प्रगटैं विघटैं आपद अनेक ॥
तुम जगभूषण दूषणवियुक्त। सब महिमायुक्त विकल्पमुक्त ॥
अविरुद्ध शुद्ध चेतनस्वरूप। परमातम परम पावन अनूप ॥
शुभअशुभविभाव अभाव कीन। स्वाभाविकपरिणतिमयअ-
छीन ॥५॥ अष्टादशदोषविमुक्त धीर। सुचतुष्टयमय राजत
गंभीर ॥ मुनिगणधरादि सेवत महंत। नवकेवललब्धिरमा
धरंत ॥ ६ ॥ तुम शासन सेय अमेय जीव। शिव गये जाहिं
जैहैं सदीव ॥ भवसागरमें दुख छार वारि। तारनको अव
रन आप टारि ॥ ७ ॥ यह लखि निज दुखगदहरणकाज।
तुमही निमित्तकारण इलाज ॥ जाने. तातैं मैं शरण आय।
उचरों निज दुख जो चिर लहाय ॥ ८ ॥ मैं भ्रम्यो अपनपो
विसरि आप। अपनाये विधिफल पुण्यपाप। निजको परको
करता पिछान। परमें अनिष्टता इष्ट ठान ॥ ९ ॥ आकुलित
भयो अज्ञान धारि। ज्यों मृग मृगतृष्णा जानि वारि। तन-
परणतिमें आपो चितार। कबहू न अनुभयो स्वपदसार ॥१०॥

तुमको विन जाने जो कलेश । पाये सो तुम जानत जिनेश ॥ पशुनारकनरसुरगतिमझार । भव धर धर मर्यो अनंतवार ॥ ११ ॥ अब काललब्धिवलतैं दयाल । तुम दर्शन पाय भयो खुश्याल ॥ मन शांत भयो मिटि सकल द्वंद । चाख्यो स्वातमरस दुखनिकंद ॥ १२ ॥ तातैं अब ऐसी करहु नाथ । विछुरै न कभी तुअ चरण साथ ॥ तुम गुणगणको नहिं छेव देव । जग तारनको तुअ विरद एव ॥ १३ ॥ आतमके अहित विषय कषाय । इनमें मेरी परिणति न जाय ॥ मैं रहूं आपमें आप लीन । सो करो होउं ज्यों निजाधीन ॥ १४ ॥ मेरे न चाह कछु और ईश । रत्नत्रयनिधि दीजे मुनीश ॥ मुझ कारजके कारन सु आप । शिव करहु, हरहु मम मोहताप ॥ १५ ॥ शशि शांतकरन तपहरन हेत । स्वयमेव तथा तुम कुशल देत ॥ पीवत पियूप ज्यों रोग जाय । त्यों तुम अनुभवतैं भव नसाय ॥ १६ ॥ त्रिभुवनतिहुंकालमंझार कोय । नहिं तुमविन निज सुखदायहोय ॥ मो उर यह निश्चय भयो आज । दुखजलधिउतारन तुम जिहाज ॥ १७ ॥

दोहा ।

तुम गुणगणमणि गणपती, गणत न पावहिं पार ।
'दौल' स्वल्पमति किम कहै, नमूं त्रियोगसंभार ॥ १८ ॥

इति दौलतरामकृत स्तुति ॥

१५। भूधरकृत दर्शन स्तुति।

हरिगीतिका।

पुलकंत नयन चकोर पक्षी, हँसत उर इंदीवरो। दुर्बुद्धि चकवी विलख विछुरी, निविड़ मिथ्यातम हरो॥ आनंद अंबुधि उमगि उछरयो, अखिल आतप निरदले। जिनवदन पूरनचंद्र निरखत, सकल मनवांछित फले॥ १॥ मम आज आतम भयो पावन, आज विघन विनाशिया। संसारसागर नीर निवड़्यो, अखिल तत्त्व प्रकाशिया॥ अब भई कमला किंकरी मम, उभय भव निर्मल थये। दुख जरयो दुर्गतिवास निवरयो, आज नव मंगल भये॥ २॥ मनहरन मूरति हेरि प्रभुकी, कौन उपमा लाइये। मम सकल तनके रोम हुलसे हर्ष ओर न पाइये॥ कल्याणकाल प्रतच्छ प्रभुको लखें, जे सुरनर घने। तिह समयकी आनंद महिमा, कहत क्यों मुखसों बने॥ ३॥ भर नयन निरखे नाथ तुमको, और वांछा ना रही। मन ठठ मनोरथ भये पूरन, रंक मानो निधि लही॥ अब होऊ भव भव भक्ति तुम्हरी, कृपा ऐसी कीजिये कर जोर भूधरदास विनवै, यही वर मोहि दीजिये॥ ४॥

१६। दर्शनपाठ।

प्रभु पतितपावन मैं अपावन, चरन आयो सरनजी। यो विरद आप निहार स्वामी, मेट जामन मनरजी॥ तुम ना पिछान्या आन मान्या, देव विविधप्रकारजी। या बुद्धिसेती निज न जाण्यो, भ्रम गिण्यो हितकारजी॥ १॥ भवविकटवनमें

करम वैरी, ज्ञानधन मेरो हरयो। तब इष्ट भूल्यो भ्रष्ट होय, अनिष्टगति धरतो फिरयो॥ धन घडी यो धन दिवस यो ही, धन जनम मेरो भयो। अब भाग मेरो उदय आयो दरश प्रभुको लखलयो॥ २॥ छवि वीतरागी नगन मुद्रा, दृष्टि नासापैं धरैं। वसु प्रातिहार्य अनंत गुणजुत, कोटि रवि छविको हरैं॥ मिट गयो तिमिर मिथ्यात मेरो, उदयरवि आतम भयो। मो उर हरप ऐसो भयो, मनु रंक चिंतामणि लयो॥ ३॥ मैं हाथ जोड नवाय मस्तक, वीनऊं तुअ चरनजी। सर्वोत्कृष्ट त्रिलोकपति जिन, सुनहु तारन तरनजी॥ जाचूं नहीं सुरवास पुनि नरराज परिजन साथजी। 'बुध' जाचहूं तुअ भक्ति भवभव, दीजिये शिवनाथजी॥

१७। ब्रह्मचारी ज्ञानानन्दकृत दर्शन।

अति पुण्य उदय मम आया, प्रभु तुमरा दर्शन पाया।
अबतक तुमको विनजाने, दुख पाये निज गुण हाने॥
पाये अनंते दुःखअबतक, जगतको निज जानकर।
सर्वज्ञभाषित जगत हितकर, धर्म नहिं पहिचान कर॥
भवबंधकारक सुखप्रहारक, विषयमें सुख मानकर।
निजपर विवेचक ज्ञानमय, सुखनिधिसुधा नहि पानकर॥१॥
तव पद मम उरमें आये, लखि कुमति विमोह पलाये।
निजज्ञान कला उर जागी, रुचि पूर्ण स्वहितमें लागी॥
रुचि लगी हितमें आतमके, सतसंगमें अब मन लगा।
मनमें हुई अब भावना, तव भक्तिमें जाऊं रँगा॥
प्रियवचनकी हो टेव गुणि गुण गानमें ही चितपगै।

शुभशास्त्रका नितहो मनन, मनदोषवादनतें भगे ॥ २ ॥
कब समता उरमें लाकर, द्वादश अनुप्रेक्षा भाकर।
ममतामय भूतभगाकर, मुनि व्रत धारूं वन जाकर॥
धरकर दिगंबररूप कब, अठवीसगुण पालन करूं।
दो बीस परिसह सह सदा, शुभधर्म दशधारन करूं॥
तप तपूं द्वादशविधि सुखद, नित बंधआस्रव परिहरूं॥
अरु रोकि नूतन कर्म संचित, कर्मरिपुकों निर्जरूं॥ ३ ॥
कब धन्य सुअवसर पाऊं, जबनिजमेंही रम जाऊं।
कर्त्तादिक भेद मिटाऊं, रागादिक दूर भगाऊ॥
कर दूर रागादिक निरंतर, आतमको निर्मलकरूं।
बल ज्ञान दर्शन सुख अतुल, लहि चरित क्षायिक आचरूं॥
आनंदकंद जिनेंद बन उपदेशको नित उच्चरूं।
आवे 'अमर' कब सुखद दिन, जब दुखद भवसागरतरूं॥४॥

इति ज्ञानानंद इत्यस्तु।

१८। श्रीदर्शनपचीसी।

तुम निरखत मुझको मिली, मेरी संपति आज।
कहा चक्रवर्ति संपदा, कहा स्वर्ग साम्राज ॥ १ ॥
तुम वंदत जिन देवजी, नित नव मंगल होय।
विघ्न कोटि ततछिन टरें, लहहिं सुजस सब लोय ॥२॥
तुम जाने बिन नाथजी, एक स्वांसके मांहिं।
जन्म मरण अठरा किये, साता पाई नाहिं ॥ ३ ॥
अन्यदेव पूजत लहे, दुःख नरकके बीच।
भूख प्यास पशुगति सही, कर्‌यो निरादर नीच ॥ ४ ॥

नाम उचारत सुख लहै, दर्शनसें अघ जाय।
पूजत पावे देव पद, ऐसे हैं जिनराय ॥ ५ ॥
वंदत हूं जिनराजमैं, धर उर समताभाव।
तन धन जन-जगजालतैं, धर विरागता भाव ॥ ६ ॥
सुनो अरज हे नाथजी, त्रिभुवनके आधार।
दुष्ट कर्मका नाश कर, वेगि करो उद्धार ॥ ७ ॥
जाचत हूं मैं आपसे, मेरे जियके मांहि।
राग रोषकी कल्पना, क्यों हूं उपजै नांहि ॥ ८ ॥
अति अद्भुत प्रभुता लखी, वीतरागतामांहि।
विमुख होंहिं ते दुख लहैं, सन्मुख सुखी लखाहिं ॥ ९ ॥
कलमल कोटिक नहिं रहैं, निरखत ही जिनदेव।
ज्यों रवि ऊगत जगतमें, हरै तिमर स्वयमेव ॥ १० ॥
परमाणू पुद्गलतणी, परमातमसंयोग।
भई पूज्य सब लोकमें, हरै जन्मका रोग ॥ ११ ॥
कोटि जन्ममें कर्म जो, बांधे हुते अनंत।
ते तुम छवी विलोकितें, छिनमें हो है अंत ॥ १२ ॥
आन नृपति किरपा करै, तब कछु दै धन धान।
तुम प्रभु अपने भक्तको, करल्यो आप समान ॥ १३ ॥
यंत्र मंत्र मणि औषधी, विषहर राखत प्रान।
त्यों जिनछवि सब भ्रम हरै, करै सर्व परधान ॥ १४ ॥
त्रिभुवनपति हो ताहितें, छत्र विराजैं तीन।
अमरा नाग नरेश पद, रहैं चरन आधीन ॥ १५ ॥
भवि निरखत भव आपने, तुव भामंडल बीच।

भ्रम मेटै समता गहै, नाहिं लहै गति नीच ॥ १६ ॥
दोइ ओर ढोरत अमर, चौसठ चमर सफेद ।
निरखत भविजनका हरै, भव अनेकका खेद ॥ १७ ॥
तरु अशोक तुव हरत है, भवि जीवनका शोक ।
आकुलता कुल मेटिकैं, करै निराकुल लोक ॥ १८ ॥
अंतर बाहिर परिगहन, त्यागा सकल समाज ।
सिंहासन पर रहत हैं, अंतरीक्ष जिनराज ॥ १९ ॥
जीत भई रिपु मोहतैं, यश सूचत है तास ।
देव दुंदुभिनके सदा, बाजे बजैं अकाश ॥ २० ॥
विन अक्षर इच्छारहित, रुचिर दिव्यध्वनि होय ।
सुर नर पशु समझैं सबै, संशय रहै न कोय ॥ २१ ॥
बरसत सुरतरुके कुसुम, गुंजत अलि चहुंओर ।
फैलत सुयश सुवासना, हरपत भवि सब ठौर ॥ २२ ॥
समुद बाघ अरु रोग अहि, अर्गल बँध सँग्राम ।
विघ्न विपम सब ही टरैं, सुमरत ही जिननाम ॥ २३ ॥
सिरीपाल चंडाल पुनि, अंजन भील कुमार ।
हाथी हरि अहि सब तरे, आज हमारी बार ॥ २४ ॥
बुधजन यह विनती करै, हाथ जोड़ शिर नाय ।
जबलौं शिव नहिं होय तुव, भक्ति हृदय अधिकाय ॥ २५ ॥

इस प्रकार एक या दो कोई भी स्तुति पढ़कर पुनः साष्टांग नमस्कार करना चाहिये। तत्पश्चात् नीचे लिखा श्लोक पढ़कर गंधोदक मस्तकपर डालना तथा ललाट इत्यादि उत्तम अंगोंमें भी लगाना चाहिये।

—:०:—

१९। गंधोदक लेनेका मंत्र।

निर्मलं निर्मलीकरं पवित्रं पापनाशकम्।
जिनगन्धोदकं वन्दे कर्माष्टकविनाशकम् ॥ १ ॥

यदि आशिका लेनी हो तो नीचे लिखा दोहा पढ़कर लेना चाहिये।

२०। आशिका लेनेका दोहा।

श्रीजिनवरकी आशिका, लीजे शीस चढ़ाय।
भवभवके पातक कटैं, दुःख दूर हो जांय ॥ १ ॥

तत्पश्चात् नीचे लिखे दो कवित्त पढ़कर शास्त्रजी विराजमान हों, वहां शास्त्रजीको (जिनवाणीको) साष्टांग नमस्कार करके शास्त्रजी सुनना चाहिये अथवा थोड़ी बहुत किसी भी शास्त्रकी स्वाध्याय करना चाहिये।

२१। शास्त्रजीको नमस्कार करनेके

कवित्त।

वीरहिमाचलतैं निकरी, गुरुगौतमके मुखकुंड ढरी है।
मोहमहाचल भेद चली, जगकी जड़तातप दूर करी है ॥
ज्ञानपयोनिधिमाहिं रली, बहुभंगतरंगनिसों उछरी है।
ता शुचि शारद-गंगनदी प्रति, मैं अंजुलिकर शीस धरी है ॥१॥
या जगमंदिरमें अनिवार अज्ञान अँधेर छयो अति भारी ॥
श्रीजिनकी धुनि दीपशिखासम, जो नहिं होत प्रकाशनहारी॥
तो किसभाँति पदारथपाँति, कहां लहते, रहते अविचारी।
या विधि संत कहैं धनि हैं, धनि हैं, जिनबैन बड़े उपकारी ॥२॥

कवित्त [illegible] इस प्रकार नमस्कार करके तत्पश्चात् इस पुस्तकमें आगे लिखे अथवा जिस पर [illegible] हो उस [illegible] करना चाहिये

२२। पंचपरमेष्ठीकी आरती

चाल खड़ी।

मनवचतनकर शुद्ध पंचपद, पूजें भविजन सुखदाई।
सबजन मिलकर दीप धूप ले, करहिं आरती गुणगाई ॥टेक॥
प्रथमहि श्रीअरहंत परमगुरु, चौंतिम अतिशयसहित बसें।
प्रातिहार्य वसु अतुल चतुष्टय, सहित समवसृत मांहिं लसें॥
क्षुधा तृषा भय जन्म जरा मृति, रोग शोक रति अरति महा।
विस्मय खेद स्वेद मद निद्रा, राग द्वेष मिल मोह दहा॥
इन अष्टादश दोषरहित नित, इंद्रादिक पूजत आई। सब०
दूजे-सिद्ध सदा सुखदाता, सिद्धशिलापर राजत हैं।
सम्यगदर्शन ज्ञान वीर्य अरु, सूक्ष्मपणाकर छाजत हैं॥
अगुरुलघू अवगहनशक्ति धर, वाधाविन अशरीरा हैं।
तिनका सुमिरण नित्य कियेतें, शीघ्र नशत भवपीरा है॥
या कारण नित चित्तशुद्ध कर, भजहु सिद्ध शिवके राई। सब०
तीजे-श्री आचार्य परमगुरु, छत्तिस गुणके धारी हैं।
दर्शन ज्ञान चरण तप वीरज, पंचाचार-प्रचारी हैं॥
द्वादशतप दशधर्म गुप्ति त्रय, पद् आवश्यक नित पालें।
सब मुनिजनको प्रायश्चित दे, मुनिव्रतके दूषण टालें॥
ऐसे श्रीआचार्य गुरुनकी, पूजा करिये चित लाई। सब०
चौथे-श्रीउवझायचरणपंकजरज, सुखदा भविजनको।
ग्यारह अंग सु पूर्वचतुर्दश, पढ़ें पढावें मुनिगनको॥
मुनिके सब आचरण आचरें, द्वादश तपके धारी हैं।
स्यादवाद सुखकारी विद्या, सबजगमें विस्तारी हैं॥

ऐसे श्रीउवझाय गुरुनके. चरणकमल पूजहुं भाई । मंत्र०
पंचमि आरति सर्वसाधुकी. आठवीस गुण मूल धरें ।
पंचमहाव्रत पंचसमितिधर इंद्रिय पांचों दमन करें ॥
षट्आवश्यक केशलोंच इकवार, खड़े भोजन करते ।
दाँतण स्नान त्याग भू सोवत, यथाजात-मुद्रा धरते ॥
या विधि "पन्नालाल" पंचपद, पूजत भवदुख नशजाई ।
सब जन मिलकर दीप धूप ले, करहिं आरती गुणगाई ॥५॥

इस प्रकार आरती बोलकर नीचे लिखा श्लोक, दोहा और मंत्र पढ़कर आरतीको मस्तक चढ़ावें ।

ध्वस्तोद्यमांधीकृतविश्वविश्वमोहांधकारप्रतिघातदीपान् ।
दीपैःकनत्कांचनभाजनस्थैर् जिनेन्द्रसिद्धांतयतीन् यजेऽहं ॥
दोहा—स्वपरप्रकाशनज्योति अति, दीपक तमकरहीन ।
जासों पूजूं परम पद, देव शास्त्र गुरु तीन ॥ १ ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।

इसी प्रकार नीचे लिखा श्लोक मंत्र पढ़कर धूप खेना चाहिये ।

२३। धूप खेनेका श्लोक मंत्र ।

दुष्टाष्टकर्मेन्धनपुष्टजालसंधूपने भासुरधूमकेतून् ।
धूपैर्विधूतान्यसुगंधगंधैर्जिनेंद्रसिद्धांतयतीन् यजेऽहं ॥ २ ॥
दोहा—अगनिमांहि परिमलदहन, चंदनादि गुणलीन ।
जासों पूजूं परमपद, देवशास्त्र गुरु तीन ॥ २ ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्योऽष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।



२। दूसरा अध्याय।

अभिषेक नित्यपूजादि संग्रह।

२४। अथ पंचमंगल।

(पांचों मंगल अभिषेककी जगह न बोलकर सामग्री बनाते समय बोलना चाहिये)

पणविवि पंच परमगुरु गुरु जिनसासनो।
सकलसिद्धिदातार सु, विघनविनासनो॥
सारद अरु गुरु गौतम, सुमति प्रकासनो।
मंगलकर चउ-संघहिं, पापपणासनो॥
पापहिपणासन गुणहिं गरुआ, दोष अष्टादश-रहिउ।
धरिध्यान करमविनासि केवल-ज्ञान अविचल जिन लहिउ।
प्रभु पंचकल्याणक विराजित, सकल सुर नर ध्यावहीं।
त्रैलोक्यनाथ सुदेव जिनवर, जगत मंगल गावहीं॥ १॥

१। गर्भकल्याण।

जाके गरभकल्याणक धनपति आइयो।
अवधिज्ञान-परवान, सु इंद्र पठाइयो॥
रचि नव बारह जोजन, नयरि सुहावनी।
कनकरयणमणिमंडित, मंदिर अति बनी॥
अति बनी पौरि पगारि परिखा, सुवन उपवन सोहये।
नर नारि सुंदर चतुर भेख सु, देख जनमन मोहये।
तहँ जनकगृह छहमास प्रथमहि, रतन धारा बरसियो।
पुनि रुचिकगामिनि जननि-सेवा करहिं सब विधि हरसियो॥२
सुर कुंजरसम कुंजर, धवल धुरंधरो।

केहरि केसरसोभित, नख सिख सुंदरो ॥
कमलाकलश न्हवन, दुइ दाम सुहावनी ।
रविससि मंडल मधुर, मीन जुग पावनी ॥
पावनि कनक घट जुगम पूरन कमल कलित सरोवरो ।
कल्लोलमालाकुलित सागर, सिंहपीठ मनोहरो ॥
रमनीक अमर विमान फनिपतिभुवन रवि छवि छाजई ।
रुचि रतन रासि दिपंत, दहन सु तेज पुंज विराजई ॥
ये सखि सोलह सुपने सूती सयनही ।
देखे माय मनोहर, पश्चिम रयनही ॥
उठि प्रभात पिय पूछियो, अवधि प्रकाशियो ।
त्रिभुवनपति सुत होसी, फल तिहँ भासियो ॥
भासियो फल तिहिं चिंत दंपति परम आनंदित भये ।
छह मासपरि नवमास पुनि तहँ, रैन दिन सुखसों गये ॥
गर्भावतार महंत महिमा, सुनत सब सुख पावहीं ।
भणि 'रूपचंद' सुदेव जिनवर जगत मंगल गावहीं ॥ २ ॥

२ जन्मकल्याणक

मतिश्रुतअवधिविराजित, जिन जब जनमियो ।
तिहुँलोक भयो छोभित सुरगन भरमियो ॥
कल्पवासिघर घंट अनाहद बज्जिया ।
जोतिषघर हरिनाद, सहज गल गज्जिया ॥
गज्जिया सहजहिं संख भावन, भुवन सबद सुहावने ।
विंतरनिलय पटु पटह बज्जहि, कहत महिमा क्यों बने ॥
जिन-जनम निहचै जानियो

धनराज तब गजराज माया-मयी निरमय आनियो ॥ ५ ॥
जोजन लाख गयंद, वदन-सौ निरमए।
वदन वदन वसु दंत, दंत सर संठए ॥
सर सर सौ-पनवीस, कमलिनी छाजहीं।
कमलिनि कमलिनि कमल पचीस विराजहीं ॥
राजहिं कमलिनी कमलऽठोतर, सौ मनोहर दल बने।
दल दलहिं अपछर नटहिं नवरस, हावभाव सुहावने ॥
मणि कनककिंकणि वर विचित्र, सु अमरमंडप सोहये।
घन घंट चँवर धुजा पताका, देखि त्रिभुवन मोहये ॥ ६ ॥
तिहि करि हरि चढि आयउ, सुरपरिवारियो।
पुरिहि प्रदच्छन दे त्रय, जिन जयकारियो ॥
गुप्त जाय जिन-जननिहिं, सुखनिद्रा रची।
मायामइ सिसु राखि तौ, जिन आन्यो सची ॥
आन्यो सची जिनरूप निरखत, नयन तृपत न हूजिये।
तब परम हरषित हृदय हरणा सहस लोचन पूंजिये।
पुनि करि प्रणाम जु प्रथम इंद्र, उछंग धरि प्रभु लीनऊ।
इसान इंद्र सु चंद्रछवि सिर, छत्र प्रभुके दीनऊ ॥ ७ ॥
सनतकुमार माहेंद्र. चमर दुइ ढारहीं।
सेस सक्र जयकार, सबद उचारहीं ॥
उच्छवमहित चतुरविधि, सुर हरषित भये।
जोजन सहस निन्यानै, गगन उलंघि गये ॥
लंघि गये सुरगिर जहां पांडुक-वन विचित्र विराजहीं।

१ पूरण किये।

पांडुकसिला तहँ अर्द्धचंद्रसमान, मणि छवि छाजहीं ॥
जोजन पचास विशाल दुगुणायाम, वसु ऊंची गनी ।
वर अष्ट-मंगल-कनक कलसिन सिंहपीठ सुहावनी ॥ ८ ॥
रचि मणिमंडप सोभित, मध्य सिंहासनो ।
थाप्यो पूरव मुख तहँ, प्रभु कमलासनो ॥
वाजहिं ताल मृदंग, वेणु वीणा घने ।
दुंदुभि प्रमुख मधुरधुनि, अवर जु वाजने ॥
वाजने वाजहिं सची सब मिलि, धवल मंगल गावहीं ।
पुनि करहिं नृत्य सुरांगना सब, देव कौतुक धावहीं ॥
भरि छीरसागर जल जु हाथहि, हाथ सुर गिरि ल्यावहीं ।
सौधर्म अरु ईसानइंद्र सु, कलस ले प्रभु न्हावहीं ॥ ९ ॥
वदन-उदर-अवगाह, कलसगत जानिये ।
एक चार वसु जोजन, मान प्रमानिये ॥
सहस-अठोतर कलसा, प्रभुके सिर ढरै ।
पुनि सिंगार प्रमुख आ-चार सबै करैं ॥
करि प्रगट प्रभु महिमामहोच्छव, आनि पुनि मातहिं दए ।
धनपतिहिं सेवा राखि सुरपति, आप सुरलोकहिं गए ॥
जनमाभिषेक महंत महिमा, सुनत सब सुख पावहीं ।
भणि 'रूपचंद' सुदेव जिनवर जगत मंगल गावहीं ॥ १० ॥

३। तपकल्याणक ।

श्रमजलरहित सरीर, सदा सब मलरहिउ ।
छीर-वरन वर रुधिर, प्रथम आकृति लहिउ ॥
प्रथम सार संहनन, सुरूप विराजहीं ।

धनराज तब गजराज माया-मयी निरमय आनियो ॥ ५ ॥
जोजन लाख गयंद, वदन-सौ निरमए।
वदन वदन वसु दंत, दंत सर संठए ॥
सर सर सौ-पनवीस, कमलिनी छाजहीं।
कमलिनि कमलिनि कमल पचीस विराजहीं ॥
राजहिं कमलिनी कमलऽठोतर, सौ मनोहर दल बने।
दल दलहिं अपछर नटहिं नवरस, हावभाव सुहावने ॥
मणि कनककिंकणि वर विचित्र, सु अमरमंडप सोहये।
घन घंट चँवर धुजा पताका, देखि त्रिभुवन मोहये ॥ ६ ॥
तिहि करि हरि चढि आयउ, सुरपरिवारियो।
पुरिहिं प्रदच्छन दे त्रय, जिन जयकारियो ॥
गुप्त जाय जिन-जननिहिं, सुखनिद्रा रची।
मायामइ सिसु राखि तौ, जिन आन्यो सची ॥
आन्यो सची जिनरूप निरखत, नयन तृपत न हूजिये।
तब परम हरषित हृदय हरणा सहस लोचन पूंजिय।
गृह जाय ॥ २३ ॥ अष्टप्रकारी पूजा करो। जन्म जन्मके पातक हरो ॥ यथाशक्ति उपकरण बनाय। श्रीजिनधाम चढावो जाय ॥ २४ ॥ उद्यापनकी शक्ति नहोय। तो दूनो वृत कीजै सोय ॥ सब विध सुन दुर्गंधा बाल। मनवचतन-वृत लीनो हाल ॥२५॥ गुरुभाषित तिन वृत यह कियो। पूर्व-भवअघ पानी दियो॥ ता फल नारि लिंग छेदियो। प्रथमहिं स्वर्ग देव सो भयो ॥ २६ ॥ तहां आयु पूरणकर सोय। चलत भयो मथुराको लोय श्रीधर राजा राज करंत। ताके सुत उपज्यो गुणवंत ॥ २७ ॥ नाम पद्मरथ पंडित भयो। एक दिवस वनक्रीडा गयो ॥ गुफा मध्य मुनिवरको देख। वंदन कर सुन धर्म विशेष ॥ २८ ॥ तहां पूछ मुनिवरसों सोय। तुमसों अधिक प्रभा प्रभु कोय ॥ तब मुनिवर बोले सुन बाल वासुपूज्य जिन दीप्ति विशाल ॥ २९ ॥ चंपापुर राजे जिनराज। तेजपुंज प्रभु धर्म जहाज ॥ यह सुन धर्म विषे चित दयो। समोशरण जिन वंदन गयो ॥ ३० ॥ नमस्कार कर दीक्षा लई। तपकर गणधर पदवी भई ॥ अष्ट कर्म इस विधिसों जार। पहुँच्यो शिवपुर सिद्धमझार ॥ ३१ ॥ लखो भव्य वृतका जु प्रभाव। राज भोग गयो शिवपुरराय॥ जो [illegible] करै वृतसार। सुर सुख लहि पावै भवपार ॥ ३२ ॥

इति श्रीमुक्तावलिव्रतकथा समाप्ता।

१४८। श्रीरविव्रतकथा।

चौपाई।

श्रीसुखदायक पार्श्व जिनेश। सुमति सुगति दाता परमेश।

सुमिरो शारदपद अरविंद । तिनकर व्रत भगव्यो सानंद ॥१॥ वाणारसि नगरी सुविशाल । प्रजापाल भगव्यो भूपाल ॥ मतिसागर तहँ सेठ सुजान । ताको भूप करै सन्मान ॥ २ ॥ तासु तिया गुणसुंदरि नाम । सात पुत्र ताके अभिराम ॥ पद्दुत भोग करै परणीत । बालरूप गुणवर सुविनीत ॥ ३ ॥ सहस्र कूट शोभित जिनधाम । आये यतिपति खंडितकाम । सुनि मुनि आगम हर्षित भये । सर्व लोग वंदनको गये ॥ ४ ॥ गुणवाणी सुनिके गुणवती । सेठिन तबै करी वीनती ॥ प्रभो सुगमव्रत देहु बताय । जासों रोगशोक सब जाय ॥५॥ करुणानिधि भाखहिं मुनिराय । सुनो भव्य तुम चित्त लगाय ॥ जब अषाढ़ सुदि पक्ष विचार । तब कीजे अंतिम रविवार ॥ ६ ॥ अनशन अथवा लघु आहार । लवणादिक जु करै परिहार ॥ नवफलयुत पंचामृतधार । बहुप्रकार पूजो भवहार ॥ ७ ॥ उत्तम फल इक्यासी जान । नवश्रावक घर दीजे आन ॥ या विध कर नववर्ष प्रमाण । जातैं होय सर्व कल्याण ॥ ८ ॥ अथवा एक वर्ष इक बार । कीजे रविव्रत मनहिं विचार ॥ सुन नाहुन निज घरको गई । व्रत निंदाकर निंदित भई ॥ ९ ॥ व्रत निंदातैं निर्धन भये । सातहि पुत्र जु अवधपुर गये ॥ तहँ जिनदत्त सेठ घर रहैं । पूर्वदुष्कृतका फल लहैं ॥ १० ॥ मात पिता गृह दुःखित सदा । अवधिसहित मुनि पूछे तदा ॥ दयावंत मुनि ऐसैं कह्यो । व्रत निंदासे तुम दुख लह्यो ॥ ११ ॥ मुनि गुरुवचन बहुरि व्रत लयो । पुण्य कियो घरमें धन भयो ॥ भविजन सुनो कथा संबंध । जहँ रहते थे

वे सब नंद ॥ १२ ॥ एक दिवस गुणधर सुकुमार। घास लेय आयो गृहद्वार ॥ क्षुधावंत भावजपै गयो । दंत विना नहिं भोजन दयो ॥ १३ ॥ वहुरि गयो जहां भूल्यो दंत। देख्यो तासों अहिलिपटंत ॥ फणिपतिकी तहँ विनती करी। पद्मावति प्रगटी सुंदरी ॥ १४ ॥ सुंदर मणिमय पारसनाथ । प्रतिमा पंचरत्न शुभ हाथ ॥ देकर कह्यो कुंवर कर भोग। करो क्षणक पूजासंयोग ॥ १५ ॥ आनबिंब निज घरमें धर्यो। तिहकर तिनको दारिद हर्यो ॥ सुख विलास सेवें सब नंद । नित-प्रति पूजें पास जिनंद ॥ १६ ॥ साकेतानगरी अभिराम। सुंदर वनवायो जिनधाम ॥ करी पतिष्ठा पुण्य सँयोग। आये भविजन संग सु लोग ॥ १७ ॥ संघ चतुर्विधिको सनमान। कियो दियो मनवांछित दान ॥ देख सेठ तिनकी संपदा। जाय कही भूपतिसे तदा ॥ १८ ॥ भूपति तव पूछ्यो विर-तंत। सत्य कह्यो गुणधर गुणवंत ॥ देख सुलक्षण ताको रूप। अति आनंद भयो सो भूप ॥१९॥ भूपतिगृह तनुजा सुंदरी। गुणधरको दीनी गुणभरी ॥ कर विवाह मंगल सानंद । हय गय पुरजन परमानंद ॥ २० ॥ मनवांछित पाये सुख भोग। [illegible] भये सकल पुरलोग ॥ सुखसों रहत वहुत दिन भये। [illegible]थ सब बंधु वनारस गये ॥ २१ ॥ मातपिताके परसे पांय। अति आनँद हिरदै न समाय ॥ विघट्यो विषम विषम वीयोग। भयो सकल पुरजन संयोग ॥ २२ ॥ आठ सात सोलहके अंक। रविव्रत कथा रची अकलंक ॥ थोडो अर्थ ग्रंथ विस्तार। कहे कवीश्वर जो गुणमार ॥ २३ ॥ यह व्रत जो नर नारी

करें। सो कबहूं दुर्गति नहिं परें ॥ भावसहित सो शिवसुख लहैं। भानुकीर्ति मुनिवर इमि कहैं ॥ २४ ॥

इति श्रीरविव्रतकथा समाप्ता ॥

१४९। नन्दीश्वरव्रतकथा।

दोहा—चरण नमों जिनराजके, जासों दुरित नशाय।
शारद वंदों भावसों, सद्गुरु सदा सहाय ॥ १ ॥

जंबूदीप सुदर्शन मेरु। रह्यो ताहि लवणोदधि घेर ॥ मेरुसे दक्षिण भारत खेत। मगधदेश सुखसंपति हेत ॥ २ ॥ राजगृही नगरी शुभ वसै। गढ़ मठ मंदिर सुंदर लसै ॥ श्रेणिक राज करै सु प्रचंड। जिन लीनों अरिगणपै दंड ॥ ३ ॥ पटरानी चेलना सुजान। सदा करै जिन पूजा दान ॥ सभा मध्य वैठो सो जाय। वनमाली शिर नायो आय ॥ ४ ॥ दो कर जोड़ करै सो सेव। विपुलाचल आये जिनदेव ॥ वर्द्धमानको आगम सुन्यो। जन्म सुफल अपने चित गुन्यो ॥५॥ राजा रानी पुरजन लोग। वंदन चले पूजने योग ॥ चलत चलत सो पहुंचे तहां। समोशरण जिनवरका जहां ॥ ६ ॥ दे प्रदक्षिणा भीतर गये। वर्द्धमानके चरणों नये ॥ पुनि गणधरको कियो प्रणाम। हर्षितचित्त भयो अभिराम ॥ ७ ॥ दशविध धर्म सुने जिन पास। जातें गयो चित्तको त्रास ॥ दोकर जोड़ नृपति वीनयो। अति प्रमोद मेरे मन भयो ॥८॥ प्रभुदयाल अब कृपा करेव। व्रत नंदीश्वर कहु जिन देव ॥ अरु सब विधि कहिये समझाय। भावसहित यों पूछी राय ॥ ९ ॥ चारज्ञानधर गणधर कहै। कोशलदेश स्वर्ग सम रहै।

ताके मध्य अयोध्यापुरी। धनकन सुखी छत्तीसों कुरी॥१०॥
तिहिंपुर राज करै हरिसेन। त्याग तेज वल पूरण सेन। वंश
इच्छाक प्रगेट चक्रेश। आज्ञा धरै छखंड प्रदेश ॥११॥ पाट-
बंध रानी नृप तीन। गंधारी जेठी गुणलीन॥ प्रियमित्रा
रूपाश्री नाम। साधै धर्म अर्थ अरु काम॥ १२॥ सुखसों
रहत वहुत दिन भये। ऋतु वसंत वन राजा गये॥ जल-
क्रीड़ा वनक्रीड़ा करै। हास्य विलास प्रीति अनुसरै॥ १३॥
ता वन मध्य कल्पतरु मूल। चंद्रकांतिमणि शिलानुकूल॥
मंडपलता अधिक विस्तार। चारण मुनि आये तिहँ वार॥१४॥
आरिंजय अमितंजय नाम। सोम दयालु धर्मके धाम॥ राजा
रानी पुरजन नारि। देखत मुनि तिन दृष्टि पसारि॥ १५॥
सव नर नारि अनंदित भये। क्रीडा तज मुनिवंदन गये॥
त्रिया पुरुष चरणों अनुसरे। अष्टद्रव्य मुनि पूजैं खरे॥१६॥
धर्मध्यान कह्यो मुनिराय। श्रद्धासहित सुन्यो कर भाय॥
राजा प्रश्न कियो मुनि पास। सुन्यो धर्म भयो चित्तहुलास
॥ १७॥ दलवल सहित संपदा घनी। और भूमि षट्खंड जु
तनी॥ महा पुण्य जो यह फल होय। गुरुविन ज्ञान न पावै
॥ १८॥ वार वार विनवै कर सेव। कहो भवांतर पूरव
॥ अवधिज्ञान वल मुनिवर कहै। पुर अहिक्षेत्र वनिक
इक रहै॥ १९॥ सुखित कुवेरमित्र ता नाम। साधै धर्म अर्थ
अरु काम॥ जेष्ठपुत्र श्रीवर्म्म कुमार। मध्यम जयवर्मा गुण
सार॥२०॥ लघु जयकीर्त्ति कीर्त्ति विख्यात। तीनों शुभ आनं-
दित गात॥ एक दिवस उपज्यो शुभकर्म। वनमें आये मुनि

सौधर्म ॥ २१ ॥ सेठपुत्र मुनिवर वंदियो। श्रीवर्मा जु अठाई लियो ॥ नंदीश्वर व्रत विधिसों पाल। भवभव पापपुंजको जाल ॥२२॥ अंतसमाधिमरणको पाय। इस पुर वज्रबाहु नृपराय॥ ताके विमला रानी जान। तुम हरिसेन पुत्र भये आन ॥२३॥ पूरब व्रत पाले अभिराम। तासों लह्यो सुक्खको धाम ॥ जयवर्मा जयकीरति वीर।। निकटभव्य गुणसाहस धीर ॥२४॥ वंदे गुरु जु धुरंधर देव। मनवचकायकरी बहु सेव ॥ तब मुनि पंच अणुव्रत दिये। दोनों भावसहित व्रत लिये ॥ २५॥ अरु नंदीश्वरव्रत तिन लियो। अंत समाधि मरण तिन कियो ॥ हस्तनागपुर शुभ जहँ बसै। तहां विमल वाहन नृप लसै॥२६॥ ताके नारि श्रीधरा नाम। अरिंजय अमितंजय धाम ॥ पुत्र युगल हम उपजे तहां। पूर्वपुण्य फल पायो जहां ॥ २७॥ गुरु समीप जिनदिक्षा लई। तपबल चारण पदवी भई ॥ यातों हम तुम पूरब भ्रात। देखत प्रेम ऊपजे गात ॥ २८ ॥ पूरबव्रत-नंदीश्वर कियो। तातों राज चक्रपद लियो ॥ अब फिर व्रत नंदीश्वर करो। तातैं स्वर्गमुक्तिपदवरो ॥ २९ ॥ तब हरिसेन कहै कर जोर। व्रत नंदीश्वर कहो बहोर॥ मुनिवर कहैं द्वीप आठमो। नाम नाम नंदीश्वरनमो ३० ॥ ताके चहुंदिश पर्वत परे। अंजन दधिमुख रतिकर धरे॥ तेरह तेरह दिश दिश जान। ये सब पर्वत बावन मान ॥ ३१ ॥ पर्वत पर्वत पर जिन गेह। तस परिमाण सुनो धर नेह ॥ सौ योजन ताको आयाम। अरु पचास विस्तार सुनाम ॥ ३२ ॥ उन्नत है योजन पचीस। सुर तहँ आय नवावें शीस ॥ अष्टोत्तर शत प्रतिमा

जान। एक एक चैत्यालय मान ॥ ३३ ॥ गोपुर मणिमयके प्राकार। छत्र चमर ध्वज वंदनवार ॥ प्रातिहार्य विधि शोभा भली। तिन रवि कोटि सोम छवि छली ॥ ३४ ॥ ताही द्वीप सुरपति आय। पूजा भक्ति करें बहु भाय ॥ देव अव्रती व्रत नहि करै। भाव भक्ति कर पातक हरै ॥३५॥ तास द्वीप संबंधी सार। वृत नंदीश्वरको अधिकार ॥ यहां कह्यो जिनवर सु प्रकाशि आदि अनादि पुण्यकी राशि ॥ ३६ ॥ जो वृत मध्य भावसों करैं। ते भव जन्म जरामय हरैं॥ ता व्रतको सुनिये अधिकार वर्ष वर्षमें त्रय त्रय वार ॥३७॥ अषाढ कार्तिक अरु जो फाग। शाखा तीन करो अनुराग ॥ आठहिदिन पूनो परजंत। भक्ति सहित कीजे वृत संत ॥ ३८ ॥ सातेंको एकासन करो। यथा समय जिनवर मन धरो ॥ आठेंके दिन कर उपवास। जासों कटै कर्मकी त्रास ॥३९॥ करो प्रथम जिनको अभिषेक। जातें पातक जाय अनेक ॥ अष्टप्रकारी पूजा करो। सुखपरमेष्टि पंच उचरो ॥ तादिन व्रत नंदीश्वर नाम। ताको फल सुनियो अभिराम ॥ फल उपवास लक्ष दश जान। श्रीजिनवरने कियो ॥ ४१ ॥ दूजे दिन जिन पूजा करो। पात्र दान दे .तक हरो ॥ अष्टविभूति नाम दिन सोय। ता दिन एकासन कर लोय ॥ ४२ ॥ फल उपवास सहस दश होइ। अब तीजो दिन सुनिये लोइ ॥ जिनपूजा कर पात्रहि दान। भोजन पानी भात प्रमान ॥ ४३॥ नाम त्रिलोकसार दिन कह्यो। साठ लाख प्रोषध फल लह्यो ॥ चतुर्थ दिन कर अवमौदर्य। नाम चतुर्मुख दिन सो हर्यं ॥ ४४॥ तस उपवास लक्ष फल होइ। पंचम दिन

विधि करियो सोइ॥ जिनपूजा एकासन करो। हयलक्षण नाम जु दिन धरो ॥४५॥ फल चौरासी लक्ष उपास। जासों होय भ्रमण भव नास ॥ षष्टम दिन जिनपूजा दान। भोजन भात आमिली पान ॥४६॥ तादिन नाम स्वर्गसोपान। व्रत चालीस लक्ष फल जान॥ सप्तम दिन जिनपूजा दान। कीजे भविजन-को सन्मान ॥ ४७ ॥ सवसम्पती नाम दिन सोइ। भोजन भात त्रिवेली होय॥ फल उपवास लक्षको जान। अष्टम दिन व्रत चितमें आन॥४८॥ कर उपवास कथा रुचि सुनो। पात्र दान दे शुभ कृत गुनो॥ इंद्रध्वजाव्रत दिन तस नाम। सुमरो जिन-वर आठों जाम॥४९॥ तीन करोड़ अति लाख पचास। यह फल होय हरै सव त्रास ॥ इहविधि आठ वर्षमें सोइ। भाव सहित कीजे भवि लोइ,॥ ५०॥ उत्तम आठ वर्ष विधि जान। मध्यम पांच, तीन लघु मान ॥ उद्यापनविध पूर्वक सचो। वेदी-मध्य मांडनो रचो॥ ५१ ॥ जिन पूजा रु महा अभिषेक। चंद्रोपम ध्वज कलश अनेक॥ छत्र चमर सिंहासन करो। वहुविधि जिनपूजो अघ हरो॥५२॥ चारों दान सुपात्रहि देहु। वहुत भक्ति कर विनय करेहु॥ वहुविध जिनप्रभावना होइ। शक्ति समान करो भवि लोइ॥ ५३ ॥ उद्यापनकी शक्ति न होय। तो दूनो व्रत कीजे सोइ॥ जिन यह व्रत कीनो अभि-राम। तिन पदलियो जु सुखको धाम ॥ ५४॥ यह व्रत पूर्व महाफल लियो। प्रथम ऋषभ जिनवरने कियो॥ अनँतवीर्य अपराजित पाल। चक्रवर्ति पदवीमहँ हाल॥ ५५॥ सिरी-पाल मैंना सुंदरी। व्रतकर कुष्टव्याधि सव हरी॥ वहुतक नर

नारी व्रत कियो। तिन सब अजर अमरपद लियो ॥ ५६ ॥ सुन्यो विधान राय हरिसेन। अति प्रमोद सुख जंपे बैन॥ सब परवारसहित व्रत लियो। मुनिवर धर्म प्रीतिकर दियो ॥५७॥ व्रतकर फिर उद्यापन कर्‌यो। धर्मध्यान कर शुभपद धर्‌यो॥ अंत समाधिमरणको पाय। भयो देव हरिसेन सुराय ॥५८॥ पर्यायांतर जैहैं मुक्ति। श्रेणिक सुन्यो सकल व्रतयुक्ति॥ गोतम कह्यो सकल अधिकार। सुन्यो मगधिपति चित्त उदार ॥५९॥ जो नरनारी यह व्रत करैं। निश्चय स्वर्गमुक्ति पद धरैं॥ संकट रोग शोक सब जाहिं। दुख दरिद्रता दूर विलाहिं ॥६०॥ यह व्रत नंदीश्वरकी कथा। हेमराज सु प्रकाशी यथा॥ शहर इटावा उत्तम थान। श्रावक करैं धर्म शुभ ध्यान ६१॥ सुनैं सदा ये जैन पुरान। गुणीजनोंका राखैं मान॥ तिहठां सुन्यो धर्म संबंध। कीनी कथा चोपाई बंध ॥ ६२॥ कहैं सुनैं देवैं उपदेश। लहैं भावसों पुन्य विशेष॥ जाके नाम पाप मिट जांय। तिहं जिनवरके वंदों पांय ॥ ६३ ॥

इति श्री नंदीश्वरव्रतकथा समाप्ता।

ग्यारहवां अध्याय।

जैनकथा संग्रह।

१५०। निशिभोजनभुंजनकथा।

दोहा—नमों सारदा सार बुध, करैं हरैं अघ लेप।
निशिभोजनभुंजन कथा, लिखूं सुगम संछेप॥ १॥

चौपई।

जंबूद्वीप जगत विख्यात। भरतखंड छवि कहिय न जात॥

तहां देश कुरुजांगल नाम । हस्तनागपुर उत्तम ठाम ॥२॥ यशो-
भद्र भूपति गुणवास । रुद्रदत्त द्विज प्रोहित तास ॥ अश्वमास
तिथि दिन आराध । पहिली पडवा कियो सराध ॥ ३ ॥ बहुत
विनयसों नगरी तने । न्योत जिमाये ब्राह्मण घने ॥ दान
मान सबहीकों दियो । आप विप्र भोजन नहिं कियो ॥४॥ इतने
राय पठायो दास । प्रोहित गयो रायके पास ॥ राजकाज
कछु ऐसो भयो । करम करावत सब दिन गयो ॥५॥ घरमें रात
रसोई करी । चुल्हे ऊपर हांडी धरी ॥ हींग लेन उठि बाहर
गई । यहां विधाता औरही ठई ।६। मेंडक उछल पर्‍यो तामाहि ।
त्रिया तहां कछु जान्यो नाहिं । बेंगन छोंक दिये तत्काल ।
मेंडक मर्‍यो होय बेहाल ॥७॥ तबहु विप्र नहिं आयो धाम । धरी
उठाय रसोई ताम ॥ पराधीनकी ऐसी बात । औसर पायो
आधी रात ॥८॥ सोय रहे सब घरके लोग आग न दीवा कर्म
संयोग ॥ भूखो प्रोहित निकसे प्रान । ततछिन बैठो रोटी
खान ॥९॥ बेंगनभोले लीनों ग्रास । मेंडक मुंहमें आयो तास ॥
दांतन तले चब्यो नहिं जबे । काढ़ पर्‍यो थालीमें तबे ॥ १० ॥
प्रात हुये मेंडक पहिचान । तौ भी विप्र न करी गिलान ॥
थिति पूरी कर छोड़ी काय । पशुकी योनी उपज्यो जाय ॥११॥

सोरठा ८१

घूघू काग बिलाव, सावर गिद्ध पखेरुआ ।
सूकर अजगर नाग, यह गोह जलमें मगर ॥ १२ ॥
दस भव इहविधि पाय, दसों जन्म नरकहि गयो ।
दुर्गति कारन पाय, फल्यो पाप रात्रीभोजन ॥ १३ ॥

दोहा—निशिभोजन करिये नहीं, प्रगट दोष अविलोय।
परभव सब सुख संपजै, इह भवरोग न होय ॥ १४ ॥

छप्पय छंद।

कीडी बुधबल हरै, कंपगद करै कसारी। मकडी कारण पाय कोढ उपजै दुख भारी ॥ जुआं जलोदर जनै फाँस गल विथा बढावै। बाल सबै सुरभंग वमन माखी उपजावै ॥ तालुवे छिद्र बीछू भखत, और व्याधि बहु करहिं सब। यह प्रगट दोष निशिअसनके परभव दोष परोक्ष फल ॥ १५ ॥

दोहा—जो भय इहभव दुख करै, परभव क्यों न करेय।
डसत सांप पीडे तुरत, लहर क्यों न दुख देय ॥ १६ ॥
सुवचन सुन डाहारजे, मूरख मुदित न होय।
मणिधर फण फेरै सही, नहीं सांप वह होय ॥ १७ ॥
सुवचन सतगुरुके वचन, और न सुवचन कोय।
सतगुरु वही पिछानिये, जा उर लोभ न होय ॥ १८ ॥
भूधर सुवचन सांभलो, स्वपरपक्ष कर बौन।
समुद रेणुका जो मिलै, तोडेतैं गुण कौन ॥ १९ ॥

इति निशिभोजनदुःखकथा समाप्ता।

१५१। अठारह नातेकी कथा।

दोहा—पंच परमगुरु प्रणमि कर, जिनवाणी उरधार।
अट्ठारह नाते कहूं, भवि जीवन हितकार ॥ १ ॥

चौपाई १५ मात्रा।

जंबूद्वीप दिपनमें सार। लख जोजन है गोल अकार।
भरतक्षेत्र दक्षनदिस तास। उज्जयनी तहं म्यास ॥ २ ॥

विश्वसेन नृप राज्यहि करै। पालै प्रजानीति अनुसरै॥
ताभैं सेठ सुदत्त जु गुनी। सोरह कोटि द्रव्यको धनी॥ ३॥
वसंततिलका वेश्या एक। घरमैं राखी रहित विवेक॥
ताके संग रमहि दिनरात। तसफल गर्भ रह्यो सुखपात॥ ४॥
फिर वह वेश्या रुगनी भई। तवहि सेठ तिहं काद जु दई॥
अपने घर वह वेश्या गई। कुछ दिन गये निरोगी भई॥ ५॥
ताके सुत कन्या दो वाल। जुगल भये सुंदर सुकुमाल॥
तिन्हें देख अति दुःखित सोय। तिन्हें लपेटी कंवल दोय॥
दरवाजे उत्तर सुत डार। कन्या डारी दखन दुवार॥
प्रातहि वनिजारो इक आय। कन्या वानें लई उठाय॥ ७॥
अपनी तियको जाकर दई। कन्या देख जु हर्षित भई॥
तानैं पाली तन मन लाय। 'कमला' नाम धरयो सुखदाय॥८॥
साकेतापुर वासी एक। वणिक 'सुभद्र' धरै सुविवेक॥
तिहँ लीनो वह पुत्र उठाय। तस तिय पाल्यो तिहँ मनलाय॥
ताको नाम धरयो धनदेव। वढत रह्यो शशि सम स्वयमेव॥
व्याह जोग दोनों ह्वै गये। दोनों वणिक विचारत भये॥१०॥
यह सुंदर जोड़ी सुखदाय। व्याह दिये दोनों मनलाय॥
भाई वहन युग उतपन भये। कर्मयोग तियपति ह्वै गये॥११॥
दोहा—सुनहु भविकजन कथन अव, पूर्व करम अनुसार।
वणिजहेत धनदेव सो, गयो उज्जैन मझार॥ १२॥

चौपाई।

तहँ वसंततिलका तस मात। रहै उजेनीमें वहु ख्यात॥
तासों प्रीत करी धनदेव। रमैं मातसों वह स्वयमेव॥ १३॥

ताको फल इक पुत्र जु भयो। नाम वरुण तांको घर दयो ॥
यह तो कथन रह्यो इह ठौर। आगें भयो सुनो जो और ॥
दोहा—अवधिज्ञानजुत एक मुनि, कमला द्वारे आय।
तिहँ पड गाह्यो भावजुत, माता धुनि फिरजाय ॥१५॥
कमला मुनि ढिंग जायकर, प्रश्न कियो शिरनाय।
मो घरतें पाछे फिरे, कारण को मुनिराय॥ १६ ॥

चौपाई।

तब मुनि बोले सुनि चितलाय। तेरो ब्याह भ्रात संग थाय॥
तुम दोनों वेश्या संतान। यह लखि हम आये बन थान ॥१७॥
तो पति पुनि उज्जयनी जाय। रमहिं मातसँग मन हुलसाय॥
ताको फल इक पुत्र जु भयो। वरुण नाम ताको घर दयो ॥
यह सुन कमला कंपित भई। ह्वै विराग दीक्षा तब लई॥
बन आर्याके धारे सार। तबहि गई उज्जयनिमझार ॥१९॥
निजमाता वेश्या घर जाय। झूले वरुण बाल तिहँ ठांय॥
हे बालक तेरे संग मोर। छह नाते हैं सुन चितचोर ॥२०॥

बालकके साथ छह नाते।

प्रथमहिं मेरी मातें जायो, तातें मेरो है तू भ्रात।
दूजे तू सौतिनको सुत है, तातें मेरो पुत्र विख्यात ॥
देवर भी मेरा लगता है, क्योंकि तू पतिका लघु भ्रात।
होय भतीजा भी तू मेरे मेरे भ्रातका पुत्रजु ख्यात॥

भावार्थ—

१—प्रथम तो तू मेरी माताके उदरसे पैदा हुआ इस कारण मेरा छोटा भाई है।
२—दूसरे मेरे पति कमलेश्वरकी माँ, मेरी सौत, उसका तू पुत्र सो मेरा भी पुत्र है
३—तीसरे कमलेश्वर मेरे पति उसका तू छोटाभाई इसकारण तू मेरा देवर भी है
४—चौथे कमलेश्वर मेरे भाईका तू पुत्र है इस कारण मेरा भतीजा भी है।

मेरी माका पति धनदेव जु, तातें वह मो पिता भया।
पितुका छोटा भाई तातें तू कांका मम होय गया॥
सौतिनका सुत है धनदेव जु वह मेरा भी पुत्रजु होय।
पूतका पूत भया पोतां तू, यह नाते छह मेरे जोय ॥२२॥

५—पांचवें मेरी माताका पति धनदेव यह मेरा पिता, पिताका छोटा भाई, मेरा काका भी हुआ।

६—छट्टे धनदेव सौतनका पुत्र होनेसे यह मेरा भी पुत्र, पुत्रका पुत्र होनेसे मेरा दादा भी हुआ।

दोहा—वसंततिलका रोपकर आई कमला पास।
तू को है मो सुतहि सँग, नाते करत प्रकास॥ २३॥
कमला बोली मात सुन, छह नाते तो संग।
भिन्न भिन्न क्रमसे कहूं, तामें कछू न भंग॥ २४॥

वसंततिलका वेश्याके साथ छह नाते।

मैं धनदेव जुगल तो उरसे पैदा है नातें तू माते।
फिर तू भोजाई है मेरी भ्रात तिया जगमें विख्यात॥
तू माता धनदेव पिता मम, पितुकी मा दादी जु थई।
मो पतिकी तू दूसरि तिय है, तातें मेरी सौति भई॥
सौत पुत्रकी तू तिय है, तातें तू पुत्रवधू मेरी।
मो पति जो धनदेव उन्हीकी, माता तू सासू हेरी॥
या विध छह नाते सुनते ही, तहां जु आया है धनदेव।
तुमरे संग भी छहनाते हैं, सुन लो कान लगा स्वयमेव॥२६॥

[illegible]

१—उसका मा है और धनदेव मेरे उदरसे युगल हुवे इस कारण तू मेरी माता है।

२- दूसरे धनदेव मेरा भाई उसका तू स्त्री होनेसे मेरी भौजाई है।

५१

३—तीसरे तू मेरी माता और माताका पति धनदेव मेरा पिता हुआ, माता इसकारण तू मेरी दादी है।

४—चौथे मेरे पति धनदेवकी तू दूसरी स्त्री है इसकारण मेरी सौत हुई।

५—पांचवें सौतका पुत्र धनदेव मेरा भी पुत्र हुआ उसकी स्त्री तू मेरी पुत्रवधू हुई

६—छट्ठे मेरे पति धनदेवकी तू माता, इसकारण मेरी तू सास भी हुई।

धनदेवके साथ छह नाते।

प्रथम भ्रात है फिर पति होगये, माताके पति हो मम तात।
वरुण मेरा काका है ताके पिता भयेतें दादा भ्रात ॥
मेरे शौत पुत्र हो तुम तातैं मेरे भी पुत्र भये।
वेश्या मेरी सास तास पति, तातैं मेरे सशुरे थये ॥ २७ ॥

भावार्थ–

१—प्रथम तो तू और मैं इस वेश्याके उदरसे युगल उत्पन्न हुये इसकारण मेरा सगा भाई है।

२—दूसरे तेरा मेरा विवाह होगया इस कारण तू मेरा पति है।

३—तीसरे मेरी माता इस वेश्याके पति होनेसे तुम मेरे पिता भी हुये।

४—चौथे पिताका छोटा भाई वरुण, मेरा काका, काकेका पिता होनेसे तुम मेरे दादा हुये।

५—पांचवें वेश्या मेरी सौत, उसके तुम पुत्र हो इस कारण मेरे भी तुम पुत्र हुये।

६—छट्ठे तुम मेरे पति, पतिकी माता मेरी सास हुई और सासके पति होनेसे मेरे श्वसुर भी हुये।

दोहा—वेश्याके संग रमनतें, एकहि भवके मांय।
एक जीवके मायमें, नाते अठदश थांय ॥ २८ ॥

चौपाई।

सुनकर अचरज सुन सब भये। होय विरागी मुनिढिग गये।
मुनिने भव विचित्रता कही। सुन सब श्रावक दीक्षा गही ॥२९॥
व्रत धर नष्ट किये बहु कर्म। शुभगति पा बहु भोगे शर्म ॥
वेश्या संग पाय संताप। धर्म धार नाशे बहु पाप ॥ ३० ॥

तातैं वेश्या सँग तुम तजो । धर्मधार जिनवरको भजो ॥
पन्नालाल चाकलीवार । अर्ज करत यह वारंवार ॥ ३१ ॥

इति अठारह नाते समाप्त ।

१२ । वारहवां अध्याय ।

उपदेश संग्रह ।

१५२ । तेरहकाठिया चोर ।

दोहा—जे वटपारे वाटमें, करहिं उपद्रव जोर ।
तिनहिं देश गुजरातमें, कहैं काठिया चोर ॥१॥
त्यों यह तेरह काठिया, करहिं धर्मकी हानि ।
तातैं कछु इनकी कथा, कहूं विशेष वखानि ॥२॥
जूआ आलस शोक भय, कुकथा कौतुक कोह ।
कृपणबुद्धि अज्ञानता, भ्रम निद्रा मद मोह ॥३॥

१५ मात्रा चौपाई ।

प्रथम काठिया जूआ जान । जामैं पंच वस्तुकी हान ।
प्रभुता हटै घटै शुभ कर्म । मिटै सुजश विनशै धनधर्म ॥१॥
द्वितिय काठिया आलसभाव । जासु उदय नाशै विवसाव ॥
वाहिर शिथिल होंय सव अंग । अंतर धर्मवासना भंग ॥२॥
ठग तीसरो शोक संताप । जासु उदय जिय [illegible] ।
सूतक पातक जिहँपर होय । धर्मक्रिया [illegible] ।३।
भय चतुर्थ काठिया वखान । जाके [illegible] ।
उर कंपै नहिं फुरै उपाय । तव [illegible] ।४।
ठग पंचम कुकथा वकवाद । [illegible] ।
जवलौं जीव मगन इम [illegible]

कौतूहल छट्ठम काठिया । भ्रम विलाससों हरषै हिया ॥
मृषा वस्तु निरखै धरिध्यान । विनशि जाय सत्यारथ ज्ञान॥
कोप काठिया है सातमा । अग्निसमान जहां आतमा ॥
आपन दाहि औरको दहे । तहाँ धर्मरुचि रंच न रहे ॥७॥
कृपणबुद्धि अष्टम वटपार । जामें प्रगट लोभ अधिकार ॥
लोभमाहिं ममता परकाश । ममता करे धर्मको नाश ॥८॥
नवमा ठग अज्ञान अगाध । जासु उदय उपजे अपराध ॥
जो अपराध पाप है सोय । जहां पाप तहँ धर्म न होय ॥९॥
दशम काठिया भ्रम विच्छेप । भ्रमसों अशुभकर्मको लेप॥
अशुभकर्म दुरमतिकी खानि । दुरमति करे धर्मकी हानि ॥१
एकादशम काठिया नींद । जासु उदय जिय वस्तु न वींद।
मन वच काय होय जड रूप । बूडे धर्म कर्मवनकूप ॥११॥
ठग द्वादशम अष्टमद भार । जामें अकर रोग अधिकार ॥
अकररोग अरु विनय विरोध । जहँ अविनय तहँ धर्मनिरोध
तेरम चरम काठिया मोह । जो विवेकसों करे विछोह ॥
अविवेकी मानुष तिरजंच । धर्म धारणा धरे न रंच ॥१३॥
दोहा—येही तेरह करम ठग, लेहिं रतनत्रय छीन ।
तातैं संसारी दशा, कहिये तेरह तीन ॥ १४ ॥

इति तेरह काठिया थोर समाप्त ।

१५३। मोक्षपैडी ।

दोहा ।

इक समय रुचिवंतनो, गुरु अक्खय सुनमल्ल ।
जो तुम अंदर चेतना, वहै तुसाडी अल्ल ॥ १ ।

छंद पंजाबी भाषाका :

ए जिनवचन सुहावने, सुन चतुर छयल्ला । अक्खे रोचक शिक्खनो, गुरु दीनदयल्ला ॥ इस बुज्झे बुध लहलहै, नहिं रहै मयल्ला । इसदा मरम न जानई, सो द्विपद वयल्ला ॥ २ ॥ जिसदौं गिरदा पेचसों, हिरदा कलमल्ला । जिसना संसैतिमरसों, सूझै झलमल्ला ॥ खनै जिन्हादी भूमिनौ, कुज्ञान कुदल्ला । सहज तिन्हांदा वहजसों, चित रहै दुदल्ला ॥३॥ जिन्हां इका करमदा, दुविधा पद मल्ला । इक अनिष्ट असोहना, इक झांक झमल्ला ॥ तिन्हां इक न सूझई, उपदेश अहल्ला । वंक कटाछे लोपना, ज्यों चंद गहल्ला ॥ ४ ॥ जिन्हां चित इतवारसों, गुरु वचन न झल्ला । तिन्हां आगे कथन यो, ज्यों कोदों दल्ला ॥ वरपै पाहन भुम्मिमें, नहिं होय चहल्ला । वोए वीज न ऊपजै, जल जाय वहल्ला ॥ ५ ॥ चेतन इस संसारमें, तू सदा इकल्ला । आपै रूप पिशाच है, तें अप्पा छल्ला ॥ आपै घूम्यां गिरिगयौ, किन दित्ता टल्ला । जिनसों मिलन वियोग है, तिनसों क्या तल्ला ॥ ६ ॥ इस दुनियांदी मौजसों, तू गरव गहल्ला । भया भारखम पुरख ज्यों, छप्पर विच वल्ला ॥ सुपनैदा सुख मान तैं, अपना घर घल्ला । फिरा भरमकी भौरमें, तूं सहज विलल्ला ॥ ७ ॥ जोग अडंवर तैं किया, कर अंवर मल्ला । अंगविभूति लगायकैं, लीनी मृगछल्ला । है वनवासी तैं तजा, घरवार महल्ला । अप्पा पर न पिछानियां, सव झूठी गल्ला ॥८॥ माया मिथ्या अग्रसोच, ये तीनों सल्ला । तिहुंवादी करतूत सों,

जियदा उरझल्ला ॥ ज्यों रुधिरादी पुट्टसों पट दीसै लल्ला रुधिरा नलहि पखालिये नहिं होय उजल्ला ॥ ९ ॥ जब ल तेरे ज्ञानमें, होंदी हलचल्ला । सुजस वडाई लाभनो, करद छलवल्ला ॥ तबलग, तू स्याना नहीं, क्या मारइ कल्ला । सो करंदा पालने, ज्यों झूलै लल्ला ॥ १० ॥ किनि तूं जकर सांकला, किनि पकरा पल्ला । भिद मकरा ज्यों उरझिया, उ जाल उगल्ला ॥ चेतनि जड संयोगमें, तैं टांका झल्ला । तुही छुडावहि आपको, लख रूप इकल्ला ॥ ११ ॥ जो तैं दारिद मानियां, है ठल्लमठल्ला । जो तूं मानहिं संपदा, भर दाम गल्ला ॥ जो तूं हुआ करंकसा, अरु मोगरमल्ला । सो सब नाना रूप है, नाचै पुदगल्ला ॥ १२ ॥

जो कुरूप दुरलच्छणा, जो रूपरसल्ला । वे मंघा भरि जोवना, बूढा अरु बल्ला ॥ लंब मझोला ठींगना, गोग अरु कल्ला । सो सब नानारूप हैं, निहचै पुदगल्ला ॥ १३ ॥ जो जीरण है झर पड़े, जो होयँ नवल्ला । जो मुरझावे सुकके, फुल्ला अरु फल्ला ॥ जो पानीमें बह चलै, पावकमें जल्ला । सो सब नाना रूप हैं, निहचै पुदगल्ला ॥ १४ ॥ एक कर्म दीपै दुधा, ज्यों तुल्दा पल्ला । हलै तन गुल्लैतमों, अब ऊरध थल्ला ॥ अशुभ शुभरूप है, दुहु दिशिनो चल्ला । धरै दुविध विस्तार ज्यों, भटविरख जटल्ला ॥ १५ ॥ पवनपरेरे ज्यों उड़े, माटी विच गल्ला । जो अकाशमें देखिये, चल रूप अचल्ला ॥ पानी पावक पौन भू, चहुंधामें रल्ला । सो सब नानारूप है, निहचै पुदगल्ला ॥ १६ ॥ खिन रोवै खिनमें हँसे, ज्यों मदमत बल्ला । त्यों दुहुं

बादी मोजसों, वेहोश सँभल्ला ॥ ईकसवीच विनोद है, इकमैं खल फल्ला । समदृष्टी सज्जन करै, दुहुंसों हलभल्ला ॥ १७ ॥ जाति दुहूंकी एक ज्यों मणि पत्थरडल्ला । जलविथार संकोच सों, कहिये नदि नल्ला ॥ उद्धत जलपरवाहमें, ज्यों भौंर बुलल्ला । त्यों इस कर्मविपाकदे, विच ऊंचा खल्ला ॥१८॥ दुहुंदा अथिर स्वभाव है, नहिं कोइ अटल्ला । ऊंच नीच इक सम करै, कलि-काल पटल्ला ॥ अध ऊरध ऊरध अधो, थिति उथलपुथल्ला । अरहटहार विहारमें, क्या ऊपर तल्ला ॥१९॥ पाया देवशरीर ज्यों, नलनीर उछल्ला । भवपूरण कर ढहि परा, फिर जल ज्यों ढल्ला ॥ पुण्यपापविच खेद है, यह भेद न भल्ला । ज्ञान क्रिया निर्दोष है, जहँ मोखमहल्ला ॥ २० ॥ बतनु तुसाड़ा मोहमें, ज्यों रोह रुहल्ला । थिति प्रवाण तुज्ञ नो भया, गुरु-ज्ञानदुहल्ला ॥ अव घटअंतर घटगई, भवभीर चुहल्ला । परमचाह परघट भई, शिवराह सहल्ला ॥ २१ ॥ ज्ञानदिवा-कर ऊगियो, मतिकिरण प्रबल्ला । है शत खंड विहंडिया, भ्रमतिमरपटल्ला ॥ सत्य प्रतापै भंजिया, दुर्गती दुहल्ला । अंगि अँगारे दज्झिया, ज्यों तूल पहल्ला ॥ २२ ॥

दोहा—

यह सतगुरुदी देशना, कर आस्रव दीवाड़ि ।
लद्दी पैड़ी मोखदी, करमकपाट उघाड़ि ॥ २३ ॥
भवथिति जिनकी घट गई, तिनको यह उपदेश ।
कहत 'बनारसिदास' यों, मूढ़ न समुझै लेश ॥ २४ ॥

इति मार्तंड स्तवन ।

१५४। ज्ञानपचीसी।

दोहा।

सुरनरतिरियगयोनिमें, नरकनिगोदभमंत । महामोह
नींदसों, सोए काल अनंत ॥ १ ॥ जैसें ज्वरके जोरसे
भोजनकी रुचि जाय । तैसें कुकरमके उदय, धर्मवचन
सुहाय ॥ २ ॥ लगे भूख ज्वरके गयें, रुचिसों लेय अहार
अशुभ गये शुभके जगे, जानै धर्मविचार ॥ ३ ॥ जैसें पव
झकोरतें, जलमें उठे तरंग । त्यों मनसा चंचल भई, परिगह
परसंग ॥४॥ जहां पवन नहिं संचरे, तहां न जल कल्लोल
त्यों सब परिग्रह त्यागतों, मनसा होय अडोल ॥ ५ ॥ ज्यं
काहू विषधर डसे, रुचिसों नीम चबाय । त्यों तुम ममतासे
मढे, मगन विषयसुख पाय ॥ ६ ॥ नीम रसन परसे नहीं
निर्विष तन जब होय । मोह घटें ममता मिटे, विषय न वां
कोय ॥७॥ ज्यों सछिद्र नौका चढे, बूडहि अंध अदेख । त
तुम भवजलमें परे, बिन विवेक धर भेख ॥ ८ ॥ जहां अ
डित गुण लगे, खेवट शुद्धविचार । आतमरुचिनौका चढे
पावहु भवजलपार ॥ ९ ॥ ज्यों अंकुश माने नहीं, महामत
गजराज । त्यों मन तृष्णामें फिरे, गने न काज अकाज ॥१०
ज्यों नर दाव उपावकें, गहि आने गज साधि । त्यों या मन
वश करनको, निर्मल ध्यान समाधि ॥ ११ ॥ तिमिररोगसों
नैन ज्यों, लखै औरकी और । त्यों तुम संशयमें परे, मिथ्या
मतिकी दौर ॥ १२ ॥ ज्यों औषध अंजन किये, तिमिररोग
मिटि जाय । त्यों सतगुरुउपदेशतें, संशय वेग विलाय ॥१३॥

जैसे सब यादव जरे, द्वारावतिकी आगि। त्यों मायामें तुम परे, कहां जाहुगे भागि ॥१४॥ दीपायनसों ते बचे, जे तपसी निरग्रंथ। तजि माया समता गहो, यहै मुकतिको पंथ ॥१५॥ ज्यों कुधातुके फेंटसों, घटवढ कंचनकांति। पापपुण्यकर त्यों भए, मूढातम बहुभांति ॥ १६ ॥ कंचन निजगुण नहिं तजै, वान हीनके होत। घटघटअंतर आतमा, सहजस्वभाव उदोत ॥ १७ ॥ पन्नापीट पकाइये, शुद्ध कनक ज्यों होय। त्यों प्रघटै परमातमा, पुण्यपापमल खोय ॥ १८ ॥ पर्वराहुके ग्रहणसों, सूरसोम छविछीन। संगति पाय कुसाधुकी, सज्जन होय मलीन ॥ १९ ॥ निंबादिक चंदन करै, मलयाचलकी बास। दुर्जनतें सज्जन भए, रहत साधुके पास ॥ २० ॥ जैसें ताल सदा भरै, जल आवै चहुंओर। तैसें आस्रवद्वारसों, कर्मबंधको जोर ॥ २१॥ ज्यों जल आवत मूंदिये सूखै सरवरपानि। तैसें संवरके किये, कर्मनिर्जरा जानि ॥ २२ ॥ ज्यों बूटीसंयोगतें, पारा मूर्छित होय। त्यों पुदगलसों तुम मिले, आतमशक्ति समोय ॥२३॥ मेलखटाई माजियै, पारा परघट रूप। शुक्लध्यान अभ्यासतें, दर्शन ज्ञान अनूप ॥२४॥ कहि उपदेश 'बनारसी' चेतनि अब कछु चेत। आप बुझावत आपको, उदयकरनके हेत ॥२५॥

इति श्रीज्ञानपच्चीसी समाप्त।

द्यानतरायजीकृत

१५५। धर्मपचीसी।

दोहा छंद।

भव्यकमल रवि सिद्ध जिन, धर्मधुरंधर धीर।
नमूं सदा जग तमहरण, नमूं त्रिविध गुरु वीर ॥ १ ॥

चंद्रमाला चौपई छंद।

मिथ्याविषयनमें रत जीव । तातैं जगमें भ्रमहिं सदीव ॥
विविधप्रकार गहे परजाय । श्रीजिनधर्म न नेक सुहाय ॥ २ ॥
धर्मविना चहुंगतिमें फिरै । चौरासी लख फिर फिर धरै ॥
दुखदावानलमांहि तपंत । कर्म करै सुख भोग लहंत ॥ ३ ॥
अति दुरलभ मानुषपरजाय । उत्तम धनकुल रोग न काय ॥
इस अवसरमें धर्म न करै । फिर यह अवसर कब को वरै ॥४॥
नरकी देह पाय रे ! जीव । धर्म विना पशु जान सदीव ॥
अर्थकाममें धर्म प्रधान । ता विन अर्थ न काम न मान ॥ ५ ॥
प्रथम धर्म जो करै पुनीत । शुभसंगम आवै कर प्रीत ॥
विघन हरै सब कारज सरै । धनसों चारों कोने भरै ॥ ६ ॥
जन्मजरामृतके वश होय । तिहुंकाल जग डोलै सोय ॥
श्रीजिनधर्मरसायनपान । कबहुं न रुचि उपजै अज्ञान ॥ ७ ॥
जो कोई मूरखजन होय । गहै हलाहल अमृत खोय ॥
त्यों सठ धर्मपदारथ त्याग । विषयनसों ठानै अनुराग ॥ ८ ॥
मिथ्याग्रह गहिया जो जीव । छांडि धर्म विषयनचित दीव ॥
[illegible] सठ कल्पवृक्षको तोड़ । वृक्ष धतूरेके बहु जोड़ ॥ ९ ॥
[illegible] जानो परधान । तिमर विषय कर धर्म सुजान! ॥
अनुपम[illegible] सुख भोग । पूजनीक हो इंद्रनजोग ॥ १० ॥
चंद्रविनानिश गजविनदंत । जैसें नलनारि विनकंत ॥
धर्मविना त्यों मानुषदेह । तातैं करिये धर्मसनेह ॥ ११ ॥
हय गयरथ पायक बहु लोग । सुभट बहुतदल चमर मनोग ॥
सुता आदि राजाविल जान । धर्म विना त्यों नरभव मान ॥

जैसे गंध विना है फूल । नीरविहीन सरोवर धूल ॥
ज्यों धनविन शोभित नहिं भौन । धर्मविना त्यों नर चिंतौन ॥
अरचै सदा देव अरहंत । चरचै गुरुपद करुणावंत ॥
खरचै दानधर्मसों प्रेम । न रचै विषय सकलनर एम ॥ १४ ॥
कमला चपल रहै थिर नाय । यौवन कांति जरालपटाय ॥
सुत मित नारी नावसँयोग । यह संसार सुपनका भोग ॥१५॥
यह लखि चितधर शुद्ध सुभाव । कीजे श्रीजिनधर्म उपाव ॥
यथाभाव जैसी गति गहै । जैसी गत तैसा सुख लहै ॥१६॥
जो मूरख बुद्धीकरहीन । विषयपंथरत व्रत नहिं कीन ॥
श्रीजिनभापित धर्म न गहै । जैसी गत तैसा सुख लहै ।१७।
आलसमंद बुद्धि है जास । कपटी मगनविषयसठ तास ॥
कायरता नहिं परगुण ढकै । सो तिर्यंचजोन लहि सकै ॥१८॥
आरतरौद्रध्यान नित करै । क्रोधादिक मच्छरता धरै ॥
हिंसक वैरभाव अनुसरै । सो पापिष्ट नरकगति परै ॥ १९ ॥
कपटहीन करुणा चितमाहिं । हेय उपादे भूलै नाहिं ॥
भक्तिवंत गुणवंत जु कोय । सरल सुभाव सुमानुष होय ।२०।
श्रीजिनवचनमगन तपवान । जिनपूजे दे पात्रहिं दान ॥
रहै निरंतर विषयउदास । सोही लहै सुरग आवास ॥ २१ ॥
मानुषजोन अंनकी पाय । सुन जिनवचन विषय विसराय ॥
गहै महाव्रत दुद्धर वीर । शुक्लध्यानथिर लह शिव धीर ।२२।
धर्मकरत सुख होय अपार । पाप करत दुख विविधप्रकार ॥
बालगुपाल कहैं सब नारि । इष्टहोय सोई अवधारि ॥२३॥
श्रीजिनधर्म मुकतिदातार । हिंसाकर्म बढइ संसार ॥

॥२४॥ ज्ञाता जीवनमुक्त है, एक देश यह बात। ध्यान अगि बिन कर्मवन, जलै न शिव किमि जात ॥ २५ ॥ दर्पण काई अथिर जल, मुख दीसे नहिं कोय। मन निर्मल थिर बिन भये, आप दरश क्यों होय ॥ २६ ॥ आदिनाथ केवल लह्यो, सहस वर्ष तप ठान। मोहे पायो भरतजी, एक मुहूरत ज्ञान ॥२७॥ राग रोष संकल्प है, नयके भेद विकल्प। रोषभाव मिट जाय जब, तब सुख होय अनल्प ॥ २८ ॥ राग विराग दुभेदसों, दोय रूप परिणाम। रागी जगके भूमिया, वैरागी शिवधाम ॥ २९ ॥ एक भाव है हिरणके, सुख लगे तृण खाय। एक भाव मंजारके जीव खाय न अघाय ॥ ३० ॥ विविधभावके जीव बहु दीसत हैं जगमाहिं। एक कछू चाहे नहीं, एक तजे कछु नाहिं ॥३१॥ जगत अनादि अनंत है, मुक्ति अनादि अनंत। जीव अनादि अनंत है, कर्म दुविधि सुन संत ॥ ३२ ॥ सबके कर्म अनादिके कर्म भव्यको अन्त। कर्म अनन्त अभव्यकै तीनकाल भटकंत ॥ ३३ ॥ फरस रसन [illegible] गन्ध सुर पांचो जाने कोय। बोलै डोलै कौन है [illegible] पूछै सोय ॥ ३४ ॥ जो जाने सो जीव है, जो माने सो जीव। जो देखै सो जीव है, जीवै जीव सदीव ॥ ३५ ॥ ज्ञान पना दो [illegible] लखै [illegible] निर्विकल्प [illegible]। निर्ग्रन्थता [illegible] लखै [illegible] आगम [illegible] ॥३६॥ दर्शन जीव श्रद्धान सो [illegible] ॥ ज्ञान क्रिया सो मोक्ष है, यही बात सुखदाय। पुद्गल [illegible] यही कथन है वेद। जीव [illegible] निज आतमा यही [illegible] भेद ॥ ३८ ॥ [illegible] लखै निज आतमै [illegible] न होत।

आप बंध्यो निजसों समझ, त्याग करै शिव होय ॥ ३९ ॥ यथा भूपको देखके, ठौर रीतिको जान । तब धन अभिलाषी पुरुष, सेवा करै प्रधान ॥ ४० ॥ तथा जीव सरधान कर जाने गुण परजाय । सेवै शिव धन आश धर, समता सो मिल जाय ॥ ४१ ॥ तीन भेद व्यवहारसों, सर्व जीव सब ठाम । श्रीअरहन्त परमातमा, निश्चय चेतनराम ॥४२॥ कुगुरु कुदेव कुधर्म रति, अहंबुद्धि सब ठौर । हित अनहित सरधै नहीं, मूढनमें शिरमौर ॥ ४३ ॥ ताप आप पर पर लखै, हेय उपादे ज्ञान । अब तो देशव्रती महा, व्रती सबै मतिमान ॥ ४४ ॥ जा पदमें सब पद लसै, दर्पन ज्यों अविकार । सकल निकल परमात्मा, नित्यनिरंजन सार ॥ ४५॥ बहिरात्मके भाव तज, अन्तरआतम होय । परमात्म ध्यावै सदा, परमात्म सो होय ॥४६॥ बूंद उदधि मिल होत दधि, बीती फरश प्रकाश । त्यों परमातम होत है, परमात्म अभ्यास ॥ ४७ ॥ सब आगमको सार ज्यों, सब साधनको धेव । जाको पूजै इन्द्र सो, सो हम पायो देव ॥ ४८ ॥ सोहं सोहं नित जपै, पूजा आगम सार । सतसंगतिमें बैठना, यहै करै व्यवहार ॥ ४९ ॥ अध्यातम-पंचाशिका माहिं कह्यो जो सार । द्यानत ताहि लगे रहो, सब संसार असार ॥ ५० ॥ इति अध्यात्मपंचासिका ।

१५७ । सुवाबत्तीसी ।

दोहा—नमस्कार जिनदेवको, करों दुहुं करजोर । सुवा बतीसी सुरस मैं, कहुं अरिनदल मोर ॥ १ ॥ आतम सुआ सुगुरु वचन, पढ़त रहै दिन रैन । करत काज अघरीतिके, यह

अचरज लखि नैन ॥ २ ॥ सुगुरु पढ़ावे प्रेमसों, यह पढ़त म
लाय । घटके पट जो ना खुले, सब हि अकारथ जाय ॥ ३

चौपाई ।

सुवा पढ़ाया सुगुरु बनाय । करम बनहि जिन जइयो भाय
भूले चूके कबहु न जाहु । लोभ नलिनिपै चुगा न खाहु ॥४
दुर्जन मोहदगाके काज । बांधी नलनी तल धर नाज ॥ तुम
जिन बैठहु सुवा सुजान । नाज विषयसुख लहि तिहं थान
॥ ५ ॥ जो बैठहु तो पकरि न रहियो । जो पकरो तो दृ
जिन गहियो ॥ जो दृढ़ गहो तो उलटि न जइयो । जो उलटो
तो तजि भजि धइयो ॥६॥ इहविध सूआ पढ़ायो नित्त । सुवटा
पढ़िके भयो विचित्त ॥ पढ़त रहै निशिदिन ये बैन । सुनत लहै
सब मानी चैन ॥७॥ इक दिन सुवटे आई मनै, गुरु संगत तज
भज गये बनै ॥ बनमें लोभ नलिन अति बनी । दुर्जन मोह
दगाकी तनी ॥८॥ तो तर विषयभोग अन धरे । सुवटे जान्यो
ये सुख खरे । उतरे विषयसुखनके काज । बैठ नलिनपै विलसै
राज ॥९॥ बैठो लोभ नलिनपै जबै । विषय स्वाद रस लटक्यो
तबै ॥ लटकत तरे उलटि गये भाव । तर मुंडी ऊपर भये पांव
॥१०॥ नलिनी दृढ पकरे पुनि रहै । मुखतें रटन दीनता कहै
कोउ न तहां छुड़ावनहार नलनी पकरहि करहि पुकार ॥११॥
पढ़त रहै गुरुके सब बैन । जे जे दिनकर रसिये ऐन ॥ सुवटा
वनमें उड़ निज जाहु । जाहु तो भूल सुगा जिन खाहु ॥१
नलनीके जिन जइयो तीर । जाहु तो तहां न बैठहु वीर ॥
बैठो तो दृढ़ जिन गहो । जो दृढ़ गहो तो पकरि न रहो ॥१३

जो पकरो तो चुगा न खइयो। जो तुम खावो तो उलट न जइयो॥ जो उलटो तो तज भज घइयो। इतनी सीख हृदयमें लहियो ॥१४॥ ऐसे वचन पढ़त पुन रहै। लोभ नलनि तज भज्यो न चहै॥ आयो दुर्जन दुर्गतिरूप। पकड़े सुवटा सुंदर भूप॥१५॥ डारे दुखके जालमझार। सो दुख कहत न आवे पार॥ भूख प्यास बहु संकट सहै। परवस पर्यो महा दुख लहै ॥१६॥ सुवटाकी सुधि बुधि सब गई। यह तो बात और कछु भई॥ आय पर्यो दुखसागरमाहिं। अब इततें कितको भज जाहिं ॥१७॥ केतो काल गयो इह ठौर। सुवटे जियमें ठानी और॥ यह दुख जाल कटै किह भांति। ऐसी मनमें उपजी खांति॥१८॥ रात दिना प्रभु सुमरन करे। पाप जाल काटन चित धरे॥ क्रम क्रम कर काट्यो अघ जाल। सुमरन फल भयो दीनदयाल॥१९॥ अब इततें जो भजकें जाउं। तो नलनीपर बैठ न खाउं॥ पायो दाव भज्यो ततकाल। तज दुर्जन दुर्गति जंजाल॥२०॥ आयो उड़त वहुर वनमांहि। बैठो नर भव द्रुमकी छांहि॥ तित इक साधु महा मुनिराय। धर्मदेशना देत सुभाय॥२१॥ यह संसार कर्मवन रूप। तामहिं चेतन सुआ अनूप॥ पढ़त रहै गुरु वचन विशाल। तौ हू न अपनो करै सम्हाल॥२२॥ लोभ नलिनिपै बैठो जाय। विषय स्वाद रस लटक्यो आय। पकरहि दुर्जन दुर्गति परे। तामें दुख बहु [illegible]॥२३॥ सो दुख कहत न आवे पार। [illegible] सुनतें सुवटो चोंक्यो आप। यह तो [illegible]॥२४॥ ये दुख तो सब मैं ही सहे। जो मुनिवरने मुखतै कहे॥ सुवटा सोचे

हियेमँझार । ये गुरु सांचे तारनहार ॥ २५ ॥ मैं शठ फिरयो करम वनमाहिं । ऐसे गुरु कहुं पाये नाहिं ॥ अब मोहि पुण्य उदै कछु भयो । सांचे गुरुको दर्शन लयो ॥२६॥ गुरु स्तुति कर वारंवार । सुमिरे सुवटा हियेमझार ॥ सुमरत आप पाप भज गयो । घटके पट खुल सम्यक् थयो ॥२७॥ समकित होत लखी सव वात । यह मैं यह परद्रव्य विख्यात ॥ चेतनके गुण निज महिं धरे । पुद्गल रागादिक परिहरे ॥२८॥ आप मगन अपने गुणमाहिं । जन्म मरण भय जिनको नाहिं ॥ सिद्ध समान निहारत हिये । कर्म कलंक सवहि तज दिये ॥२९॥ ध्यावत आप माहिं जगदीश । दुहुंपद एक विराजत ईश ॥ इहविधि सुवटो ध्यावत ध्यान । दिन दिन प्रति प्रगटत कल्यान ॥३०॥ अनुक्रम शिवपद जियको भयो । सुख अनंत विलसत नित नयो ॥ सतसंगति सवको सुख देय । जो कछु हियमें ज्ञान धरेय ॥३१॥ केवलिपद आतम अनुभूत । घट घट राजत ज्ञान सँजूत ॥ सुख अनंत विलसै जिय सोय । जाके निजपद परगट होय ॥३२॥ सुवावत्तीसी सुनहु सुजान । निजपद प्रगटत परम निधान ॥ सुख अनंत विलसहु ध्रुव नित्त । 'भैयाकी' विनती धर चित्त ।३३। संवत सत्रह त्रेपनमाहिं । अश्विन पहले पक्ष कहाहिं ॥ दशमीं दशों दिशा परकाश । गुरु संगतितैं शिवसुखभास ॥ ३४ ॥

१५८। सप्तविसनके चौवोले।

सात विसन। दोहा।

सातविसन जगमें बुरे, बुरा इन्होंका संग।
जिसके शिर चढ जात हैं, केई दिखावत रंग ॥

केई दिखावत रंग संगमें, नफा नहीं सुन भाई।
अपना तन धन धर्म गुमावै, जग वदनामी छाई॥
तात मात सुत नारी छोडे, मौन लगावै भाई।
हाय हाय किस नीच जीवने, इनकी चाल चलाई॥

झड।

चालमें सव जग आया, ख्यालमें जन्म गमाया।
पाप कर नरक सिधाया, वहुत पीछें पछताया॥
विसनकी सुनो कहानी, कही जैसें जिनवानी।
तज्या जिन्होंने विसन जिनेश्वर तिनकी शिक्षा मानी॥ १॥

(१) जूआखेलनविसन।

जुआ खेलकर जगतमें, हुआ मुफ्त वदनाम।
मजा नहीं इस काममें, सजावार वसु जाम॥
सजावार वसु जाम धाम, आराम कभी नहिं पाता।
फिकरमंद मतिअंध वक्तपर, खानेको नहिं जाता॥
संग जुआरी कई रंगका, ढंग देख घवराता।
मारपीट वहु माल खायकर, तो भी नहीं लजाता॥

झड।

लाज ज्वारीके नाहीं, दया नहिं मनके माहीं।
सत्य नहिं कहे कदाही, राज्यका चौर सदाही॥
पांडुसुत खेल किया था, नारिका दाव दिया था।
तजा जिन्होंने जुआ जिनेश्वर तिन सव सुक्ख लिया था॥२॥

(२) मांसभक्षणविसन।

श्वास श्वास पर खैरको, चाहै सकल जहान।
श्वास नाशकर होत है, मांस महा दुखदान॥
मांस महा दुखदान खानकी वात सुनत घिन आवे।

थरहर काँपै काय हाय पशु दीन बडा घबरावे ॥
बेकसूर पशुमांसलालची तनमें छुरी चलावे ।
बडे निर्दयी जीव जगतमें, आमिषभोजन खावे ॥

झड़।

भावना हिरदे खोटी, छोंककर आमिस बोटी ।
मनुष भी राक्षस जोटी, धरै शिर अघकी पोटी ॥
मांसका नाम न लेना, असनके लायक है ना ।
मांस असनको त्याग जिनेश्वर जगमें कीरति लेना ॥ ३

(३) मदिरासेवनविसन ।

जितने नशे जहाँनमें, सभी विनाशै ज्ञान ।
तिनमें मदिरा अति बुरी, सही गमावे प्रान ॥
सही गमावे प्रान ज्ञानका, नाम न रहने पावे ।
मदिरा पीके मनुष होशमें, कबहूं नाहिं रहावे ॥
जननी भगिनी नार न जाने, मदमातुर हो जावे ।
अति बेहोश पडा दुख भुगते, मूरख प्रान गमावे ॥

झड़।

प्रान बहु जीवन खोया, जादवां वंश डुबोया ।
ऋषीको क्रोध जगाया, द्वारिका दाह कराया ॥
तुच्छकी कौन कहानी, बडोंकी कालनिशानी ।
यातें मदिरा त्याग जिनेश्वर करो धर्म सुखपानी ॥ ४ ॥

(४) शिकारविसन ।

अपने अपने प्रानकी, सभी मनावें खैर ।
हाय सिकारी बनविषै, पशु मारै बिन बैर ॥
पशु मारै बिन बैर खैरकी दया हिये नहिं लावै ।

शीत घाम सब सहै वनीमें, भोजन भी नहिं पावै ॥
नाम भजन हरनाम त्यागकें, मार मार मुख गावै ।
कायर क्रूर कुरंग अंगमें, भारी चोट लगावै ॥

झड़ ।

चोटमें हिरन सताया, दयाका नाम मिटाया ।
भगेके पीछे धाया, वीरका नाम लजाया ॥
मृगीपर हाथ चलाया, वृथा क्षत्री कहलाया ।
दुर्गतिपंथ शिकार त्यागकर, यही जिनेश्वर गाया ॥ ५ ॥

(५) चौरी विसन ।

प्रानोंसे प्यारी गिनै धनदौलत संसार ।
याके कारन नरपती, हाथ गहै तलवार
हाथ गहै तलवार समरमें, सूरवीर शिर देते ।
नदसागर तिर जांय वणिक शिर वडी आपदा लेते ॥
कठिन कठिनकर लछमी जोडैं, सहैं सभी दुख जेते ।
हाय हाय ताको ठगता कर सहज चौर कर लेते ॥

झड ।

चौरकों राजा मारै. सजा दे देशनिकारै ।
लोग सवही दुतकारै, वडी वेशरमी धारै ॥
भूल मति चौरी करियो. चौरसंगतिमें डरियो ।
डरियो जगतमझार जिनेश्वर चौरी कवहुं न करियो ॥ ६ ॥

(६) वेश्या सेवनविसन ।

नीचनकी संगत रहै. करै नीच सब काम ।
मूरखजन फँसि जात हैं. देख ऊजरो चाम ॥
देख ऊजरो चाम दामकी, खातिर धरम गमावै ।

ऊंच नीचका ख्याल करे ना, सबको अंग लगावे ॥
जगकी झूंट जानि गनिकाको, मूरख मन ललचावे ।
हा धिक धिक ऐसे जीवनको, गनिका संग रहावे ॥

झड़ ।

लगै जब गनिका प्यारी, बुद्धि नशि जाय अगारी ।
क्रोडपति होय भिखारी, कर्मगति टरे न टारी ॥
भूल मति यारी करियो, देह दुरगतिसों डरियो ।
तजि गनिकाको नेह जिनेश्वर धर्मविषे मन धरियो ॥ ७ ॥

(७) परस्त्रीसेवनविसन ।

कुलकलंकदायक सदा, परकामिनिको प्यार ।
मूरखमनके हतनको, मृगनैनी तलवार ॥
मृगनैनी तलवार कलेजा, आरपार हो जावे ।
दृगकटाक्ष सर चोट लगे तब, ओट न कोई आवे ॥
ऊपर घाव प्रगट नहिं दीखे, मनही मन पछतावे ।
खानपान गृहवास खासका, मजा हाथसे जावे ॥

झड़ ।

जानके मान गमावे, भेद काहू न बतावे ।
दिवसमें निद्रा आवे, सुपनमें नार लखावे ॥
वृथा क्यों जी ललचावे, लिखी विधिने सोइ पावे ॥
लंकपतीसे रंक भये नर, तेरी कौन चलावे ॥ ८ ॥

इति सप्तविसन चौबोला ।

अथ सूरत कवि कृत ।

१५९ । उपदेशी बारहखड़ी ।

दोहा—प्रथम नमूं अरहंतको, नमूं सिद्ध आचार ।
उपाध्याय सब साधुको, नमूं पंच परकार ॥ १ ॥

भजन करूं श्रीआदिको, अंत नाम महावीर।
तीर्थंकर चउवीसको, नमूं ध्यान धर धीर ॥ २ ॥
जिनधुनितैं वानी खिरी, प्रगट भई संसार।
नमस्कार ताकूं करूं, इक चित इकमन धार ॥ ३ ॥
ता वानीके सुनतही, बढ्यो परम आनंद।
भई सुरति कछु कहन की, वारखडीके छंद ॥

वारखडीके छंद बनाऊं यह मेरे मन आई। जैन पुराण बखानी वानी, सो मैंने सुन पाई ॥ गुरुप्रसाद भविजनकी संगति, यह उपजी चतुराई। सूरत कहै बुद्धि है थोरी, श्री जिननाम सहाई ॥४॥ कक्का करत सदा फिर्यो, जामन मरन अनेक। लख चौरासी जोनिमें, काज न सुधर्यो एक ॥ काज न सुधर्यो एक दिवाना, तैं शुभ अशुभ कमाया। तेरी भूलि तोहि दुखदाई, बहुतेरा समझाया। भटकत फिर्यो चहूं गतिभीतर काल अनादि गमाया। सूरत सतगुरु सीख न मानी तातैं जग भरमाया ॥ ५ ॥ खक्खा खूबी मत लखो, संसारी सुखजान। यह सुख, दुखका मूल है, सतगुरु कही बखान ॥ सतगुरु कही बखान जान यह, तू मति होय अयाना। विनाशीक सुख इन इंद्रिनका, तैं मीठा करि जाना ॥ यह सुख जानि खानि है दुखकी, तू क्या भरम भुलाना। सूरत पछतावैगा तबही, होय नरक जब थाना ॥६॥ गग्गा गुरु निरग्रंथको, मनवानी मुख भाख। अवर विकार सबै तजो, यह थिरता मन राख ॥ यह थिरता मनराखि चाखि रस, जो अपना सुख चाहै। अवर सबहिं जंजाल दूर

करि ये बातें अवगाहे ॥ पांचों इंद्रीवस करि अपनी कर्ममूल को दाहे। सूरत चेत अचेत होय मति, अवसर बीता जाहे ॥ ७ ॥ घग्घा घाट सुघाटमें, नाव लगी है आय। जो अबके चेत नही, तो गहरा गोता खाय ॥ गहिरा गोता खाय जाय तब कौन निकासनहारा। समय पाय मानुषगति पाई, अजहूं नाहिं सँभारा ॥ बार बार समझाऊं चेतन मानो कहा हमारा सूरत कही पुकार गुरूने, यों हो है निस्तारा ॥ ८ ॥ नन्ना नाता जगतमें, निज स्वारथ सबकोय। आन गांठि जिसदिन परे, कोउ न सँगाती होय ॥ कोउन सँगाती सगा न साथी जिसदिन काल सतावे। सब परिवार अपन स्वारथका, तेरे काम न आवे ॥ आठों मदमें छाकि रह्यो है, मैं मैं कर बिललावे सूरत समझि होय मत बौरा, अवसर बीता जावे ॥९॥ चच्चा चंचल विकलमन, तिस मनको वसिआन। जबलग मन बस में नहीं, काज न होय निदान ॥ काज न होय निदान जान यह, बस नाहीं मन तेरा। पांचू इंद्री छठा चोरमन, न इनका मयो चेरा ॥ राग दोष अरु मोहममीरी इनहूं आन मिल घेरा। सूरत जिसदिन [illegible] हो है [illegible] होय निबेरा

१० ॥ छच्छा छह रस [illegible] मान। छ[illegible]

छाडे नहीं, [illegible]

[illegible] जा[illegible] [illegible] त्याग[illegible]

है, [illegible]

नाचा ॥ [illegible]

॥११॥ [illegible]

॥ १६ ॥ डड्डा डिग मति जाय तू, अडिग होय पद साधि। दृढता करि परिणामकी, जो सुख लहै समाधि ॥ जो सुख लहै समाधि व्याधितज अप्पा खोजो भाई । सिद्धरूप तेरे घट अंतर, कहां ढूंढने जाई ॥ जड पुद्गलको भिन्न जान तू, मिटै करम दुखदाई । सूरत आप आपमें साधै, यह सतगुरु फरमाई ॥ १७ ॥ ढड्ढा ढोरी छोडदे, ढिग इनके मत जाय । कुगुरु कुदेव कुज्ञानको, तू मति चित्त लगाय ॥ तू मति चित्त लगाय भाव तजि कुगुरु कुदेव कुज्ञानी । ये तोकूं दुरगति दिखलावें, सोदुखमूलनिशानी ॥ इनतें काज एक नहिं सुधरे, करम भरमके दानी । सूरत तजि विपरीत इन्होंकी, सतगुरु आप बखानी ॥१८॥ णण्णा रण ऐसा करो, संवरशस्त्र सँभार । कर्मरूप ये अरि बडे, तिनहिं ताकिकरि मार ॥ तिनहिं ताकि करि मार, निवारो कर्म रूप अरि सोई । है अनादिके ये दुखदाई, तेरी जानि विगोई ॥ नारायण प्रति हरि हर चक्री, यातें बचे न कोई । सूरत ज्ञानसुभट जब जागे, तिन इनकी जड खोई ॥ १९ ॥ तत्ता तन तेरा नहीं, जामें रह्यो लुभाय । तांता तोरै तनकमें, नाहि कहा पतियाय ॥ ताहि कहा पतियाय पाय सुख, ह्वै रह्यो याको धामी । छिनमें मरै छिनकमें उपजै, होय जगतमें हांसी ॥ याके संग बंटे बहु ..परे महादुख फांसी । सूरत भिन्न जान इस तनको यासों उदासी ॥ २० ॥ थत्था थिरपदको चहै, यों थिरपद नहिं ... थिरता करि परिणामकी थिरपद परसे सोय ॥ थिर- ... सोय होय सुख ... । ज्ञानध्यानको

करै हथौरा, कर्म अरीको कूटै ॥ यह जगजाल अ
लका सो ऐसी विधि टूटै । सूरत थिरपदको तो पर
पुरके सुख लूटै ॥ २१ ॥ दद्दा दर्व छही कहे, प्रगट
माहिं । अवर दरव सब खेल हैं, ज्ञानी मानै नाहिं ॥
मानै नाहिं दरव वे, जो रतननको जानै । माटी भूमि
जो धंजि, जगमें प्रगट बखानै ॥ पुद्गल जीव धरम अरु
रम काल अकाश प्रमानै । सूरत इन दरवनकी चरचा, इ
गिनैं बखानैं ॥ २२ ॥ धध्धा ध्यान जु जगतमें, प्रगट कहे
यार । आर्त रौद्र धर्मसु शुकल, जिनमत कहै विचार ॥ जि
मत कहै विचार चार ये, ध्यान जगतके माहीं । आरत रौ
अशुभके दाता, इनतैं शुभगति नाहीं ॥ धर्मध्यानके जे नर
धारक शुभ सुख होत सदाही । सूरत शुक्लध्यानके करता,
ते शिवपुरको जाई ॥ २३ ॥ नन्ना नाशै करम जब, नेह करै
निजमाहिं । नटकी कला जु जगतमें, नेह करै छिन नाहिं ॥
नेह करै छिन नाहिं जगतमें, आपा नाहिं फंसावै । ज्यों पानीमें
रहै कमलतउ. जलका भेद न पावै ॥ शुभ अरु अशुभ एकसे
दोनों, रीझै ना पछतावै । सूरत भिन्न लखै ऐसी विध, करम
कहा ढिग आवै ॥ २४ ॥ पप्पा प्रभु अपना लखो, परसंगति
दे छोर । परसंगति आस्रव बढ़ै. देय करम झकझोर ॥ देय
करम झकझोर जोरकरि, फिर निकसन नहिं होई । आस्रव
बंध परी है वेरी. लगै उपाय न कोई ॥ यातैं प्रीति करो संव-
नों, हिन करके दिल जोई । सूरन संवरको आदरिये. कर्म

॥ १६ ॥ डड्डा डिग मति जाय तू, अडिग होय पद साधि। दृढता करि परिणामकी, जो सुख लहै समाधि॥ जो सुख लहै समाधि व्याधितज अप्पा खोजो भाई। सिद्धरूप तेरे घट अंतर, कहां ढूंढने जाई॥ जड पुद्गलको भिन्न जान तू, मिटै करम दुखदाई। सूरत आप आपमें साधै, यह सतगुरु फरमाई॥ १७॥ ढड्डा ढोरी छोडदे, ढिग इनके मत जाय। कुगुरु कुदेव कुज्ञानको, तू मति चित्त लगाय॥ तू मति चित्त लगाय भाव तजि कुगुरु कुदेव कुज्ञानी। ये तोकूं दुरगति दिखलावैं, सोदुखमूलनिशानी॥ इनतैं काज एक नहिं सुधरै, करम भरमके दानी। सूरत तजि विपरीत इन्होंकी, सतगुरु आप बखानी॥१८॥ णण्णा रण ऐसा करो, संवरशस्त्र सँभार। कर्मरूप ये अरि बडे, तिनहिं ताकिकरि मार॥ तिनहिं ताकि करि मार, निवारो कर्म रूप अरि सोई। है अनादिके ये दुखदाई, तेरी जाति विगोई॥ नारायण प्रति हरि हर चक्री, यातैं बचे न कोई। सूरत ज्ञानसुभट जब जागे, तिन इनकी जड खोई ॥ १९॥ तत्ता तन तेरा नहीं, जामें रह्यो लुभाय। तांता तोरै तनकमें, ताहि कहा पतियाय॥ ताहि कहा पतियाय पाय सुख, है रह्यो याको वासी। छिनमें मरै छिनकमें उपजै, होय जगतमें हांसी॥ याके संग बढै बहु ममता परै महादुख फांसी। सूरत भिन्न जान इम तनको यामें रहो उदासी॥ २०॥ थत्था थिरपदको चहै, यों थिरपद नहिं होय। थिरता करि परिणामकी थिरपद परमै सोय॥ थिरपद परमै सोय होय सुख, गतिचारनसों छूटे। ज्ञानध्यानको

करै हथोरा, कर्म अरीको कूटै ॥ यह जगजाल अनादिकालका सो ऐसी विधि टूटै ! सूरत थिरपदको तो परसै, शिवपुरके सुख लूटै ॥ २१ ॥ दद्दा दर्व छही कहे, प्रगट जगतके माहिं । अवर दरव सब खेल हैं, ज्ञानी मानै नाहिं ॥ ज्ञानी मानै नाहिं दरव वे, जो रतननको जानै । माटी भूमि शैलकी जो थंजि, जगमैं प्रगट वखानै ॥ पुद्गल जीव धरम अरु अधरम काल अकाश प्रमानै । सूरत इन दरवनकी चरचा, ज्ञानी गिनैं वखानै ॥ २२ ॥ धध्धा ध्यान जु जगतमैं, प्रगट कहे हैं च्यार । आर्त रौद्र धर्मसु शुकल, जिनमत कहैं विचार ॥ जिन मत कहै विचार चार ये, ध्यान जगतके माहीं । आरत रौद्र अशुभके दाता, इनतैं शुभगति नाहीं ॥ धर्मध्यानके जे नर धारक शुभ सुख होत सदाही । सूरत शुकलध्यानके करता, ते शिवपुरको जाई ॥ २३ ॥ नन्ना नाशै करम जब, नेह करै निजमाहिं । नटकी कला जु जगतमैं, नेह करै छिन नाहिं ॥ नेह करै छिन नाहिं जगतमैं, आपा नाहिं फंसावे । ज्यों पानीमैं रहै कमलतउ, जलका भेद न पावे ॥ शुभ अरु अशुभ एकसे दोनों, रीझै ना पछतावे । सूरत भिन्न लखै ऐसी विध, करम कहा ढिग आवे ॥ २४ ॥ पप्पा प्रभु अपना लखो, परसंगति दे छोर । परसंगति आस्रव वढै, देय करम झकझोर ॥ देय करम झकझोर जोरिकरि, फिर निकसन नहिं होई । आस्रव वंध परी है वेरी, लगै उपाय न कोई ॥ यातैं प्रीति करो संवरमों, हित करके दिल जोई । मूरत संवरको आदरिये, कर्म

१. खूबों या मन

निर्जरा होई ॥ २५ ॥ फफ्फा फूल्यो ही फिरै, फोकट देख न भूल । फांसी पडी अनादिकी, करि तोडनको सूल ॥ कर तोडनको सूल भूल मति, दाव भलो तैं पायो । भ्रमते भ्रमते भवसागरसों, मानुषगतिमें आयो ॥ याही गतिसों भये तीर्थंकर, केवल ज्ञान उपायो । सूरत जानि भूल मति चूकै, यह सतगुरु फरमायो ॥ २६ ॥ बब्बा बिसन कुबिसन है, बिसनवेग तू त्याग । बसकरि पांचों इंद्रियनि, शुभ कारजको लाग ॥ शुभकारजको लाग त्याग नर, बिसन सात ये भारी । जूआ आमिष सुरापान अरु, आखेटक दुखकारी । परधनचोरी अरु वेश्याकूं, त्याग करो परनारी ॥ सूरत इस भवमें सुख पावे, परभव सुख अधिकारी ॥ २७ ॥ भम्भा भूल्यो ही फिरै, भरम्यो महा मिथ्यात । भेद न पायो ज्ञानको तातैं आवत जात ॥ तातैं आवत जात भात मुन, भेदज्ञान नहिं पाया । क्रोध रु मान लोभ अरु माया, इनमौं नेह लगाया ॥ परमारथकी रीति न जानी, स्वारथ देख भुलाया । सूरत भेदज्ञान जब जाना, तब मिथ्यात मिटाया ॥ २८ ॥ मम्मा मति तिनकी मही, तिन मल कीनो दूर । मतवारे समुझें नहीं, तिनको नाहिं महूर ॥ तिनको नाहिं महूर दूर है, कुमती कुमति विचारे । तिन कुगुरनि तिनको समुझाये, पकरि मरोदधि डारे ॥ पुण्यपापको भेद न जाने, जीव अनादिक मारे । सूरत ने नर परे कुसंगति, किमपिव जाहिं उबारे ॥ २९ ॥ य्या अयान परो बुरो, यातैं होय अकाज । यह ममता मौं

१ । काम ।

...आवै लाज ॥ याहि न आवै लाज वाज
नाहि, कह तेरो यहां को है । तात मात बांधव सुत कामिन
तू इनके सुख मोहै ॥ आठों जाम रहै इनहीमें, यह तुमको
नहिं सोहै । सूरत तजि अज्ञान सीखगह तव तुहि शिव
सुख हो है ॥ ३० ॥ ररा रच्यो अनादिको, रचि विषइनसों
प्रीति । रस चाख्यो नहि आतमी, लखी न रसकी रीति ॥
लखी न रसकी रीति मीत तैं, विषयनिसँग सुख माना । आत
मीक रस है सुखदायक, सो तैं नहीं पिछाना ॥ जिन रस
रीति लखी आतमकी, सो सिवपुरका राना । सूरत वे भवि
मुक्ति गये हैं, जिनआतम हित ठाना ॥३१॥ लल्ला लिपट्यो
ही रहै, लख्यो जगतके भेक । लख्यो न आप सरूपको, लह्यो
न शुद्ध विवेक ॥ लह्यो न शुद्ध विवेक एक तैं, पर आपा
...हिं बूझा । वस्तु पराई लखी न भाई, तातैं रह्यो अरूझा ॥
...स्तु विनासी नहीं प्रकाशी, तू कर्मनसँग झूझा । सूरत वे
...पार भये हैं, जिनको आतम सूझा ॥ ३२ ॥ वव्वा वह
...त बुरी, जासों होय कुभाव । सो संगति शैली भली, जामें
...न सुभाव ॥ जामें सहज सुभाव भाव है सो शैली मोहिं
...। तत्त्व दरवकी चर्चा तिनकैं, तजै कुचर्चा भारी ॥ भरम
... दूर रहत हैं धर्म ध्यानकी त्यारी । सूरत यह वांछा
... उन मित्रनसों यारी ॥३३॥ शश्शा सोई सुघर है, सुनै
...ी सीख । सदा रहै शुभध्यानमें, सही जैनकी ठीक ॥
...की ठीक तिन्होंको अवर कछु नहिं भावै । आगम
...ध्यातम वानी, सुनै सुनावै गावै ॥ कुकथाचार विचार

जगतमें, तिनको नाहिं सुहावे। सूरत सो सज्जन मो भावे, जो शिवपंथ वतावे ॥३४॥ खक्खा खुटक निवारिकें, खिमा-भाव चितलाय। खुले कपाट अभ्यासके, खिरे करम दुखदाय॥ खिरे करम दुखदाय जाय वह, खिमाभाव चितल्यावे। होय अभ्यास तास भविजनको, ज्ञानी ज्ञान जगावे॥ सदा मगन है अपने मनमें, रीझ आप सुख पावे। सूरत सोई भिन्न सवनतें, सो आतमहित लावे॥ ३५॥ सस्सा सो स्याना सदा, सुगुरु सीख सुन लेह। सदा रहे संतोषसों, सो साधू लखिलेह॥ सो साधू लखि लेह गेहमें, जो संतोष विचारे। सीख बात है जो संसारी, तिनको नहीं निहारे॥ सँकलप विकलप जगके जितने, तिन दुसमनको टारे। सूरत सो साधू जन ऐसा, शिवपुर वेग सिधारे॥ ३६॥ हाहा हूहू कर रह्यो, है परवसि दुख पाय। क्यों न आप वश हूजिये, होय परम सुखदाय॥ होय परम सुखदाय पाय पद, अनरूपी अविनाशी। केवलज्ञान दर्श जहँ केवल, सिद्धपुरी सुखराशी॥ आठों करम खिपावे तिनके, आठों गुन परकासी। सूरत सिद्ध महा सुख पावे, काल अनंता पासी॥ ३७॥ लल्ला लेकें परमपद, लखों गये निर्वान। लोकशिखर ऊपर चढे, लियो सिद्ध शिवथान॥ लियो सिद्ध शिवथान आन लखि सोई सिद्ध कहाये। दर्शन ज्ञान चरन गुन तीनों, तिन शिवपुर पहुंचाये॥ जो जो दरसे सो सो भासे आप अचल ठहराये। सूरत सिद्ध कहे ऐसे गुरु जिनपुरानमें गाये॥३८॥ क्षक्षा लक्ष्मी जो वरे, गुन लक्षण-को वेव। लखे सुलक्षन परखिकें, तजे कुलक्षण टेव॥ तजे

कुलच्छन देव भेव लखि सिद्धरूपको ध्यावै । अरहत सिध आचार्य उपाध्याय साधन सीस नवावै ॥ जिनमत धर्म देव गुरु च्यारों, यह दिढता मन लावै । सूरत यह परतीत धरै मन, सो सम्यकपद पावै ॥ ३९ ॥ सम्यक्‌पदको जो लहै, करै वैनगुरु प्रीत । देव धरम गुरु ज्ञानको, परखि गहै निजरीत ॥ ॥४०॥ वारखडी हितसों कही, नहिं गुनियनकी रीस । दोहे तौ चालीस हैं, छंद कहे छत्तीस ॥ ४१ ॥

इति श्रीसूरतकविकृत बारहखड़ी समाप्ता ॥४३॥

१३ । तेरहवां अध्याय

फुटकर संग्रह ।

१६० । छहढाला ।

(स्वर्गीय पं० दौलतरामजी कृत)

सोरठा ।

तीन भुवनमें सार, वीतराग विज्ञानता ।
शिवस्वरूप शिवकार, नमौं त्रियोग सम्हारिकैं ॥

पहिली ढाल । चौपाई (१५ मात्रा) ।

जे त्रिभुवनमें जीव अनंत । सुख चाहैं दुखतैं भयवंत ॥
तातैं दुखहारी सुखकारि । कहैं सीख गुरु करुणा धारि ॥२॥
ताहि सुनो भवि मन थिर आन । जो चाहौ अपनो कल्यान ॥
मोह महामद पियो अनादि । भूलि आपको भरमत वादि ॥
३॥ तास भ्रमनकी है बहु कथा । पै कछु कहूं कही मुनि जथा ॥
काल अनंत निगोदमझार । बीत्यो एकेंद्रिय-तन धार ॥४॥
एक स्वासमें अठदश वार । जन्म्यो मर्‍यो भर्‍यो दुखभार ॥

निकसि भूमि जल पावक भयो । पवन प्रतेक वनस्पति थयं
५ ॥ दुर्लभ लहि ज्यों चिंतामणी । त्यों परजाय लही त्र
तणी ॥ लट पिपीलि अलि आदि शरीर । घर घर म
सही वहु पीर ॥ ६ ॥ कवहूं पंचेंद्रिय पशु भयो । मन
निपट अज्ञानी थयो ॥ सिंहादिक सैनी ह्वै क्रूर । निवल
हति खाये भूर ॥ ७ ॥ कवहूं आप भयो वलहीन । सवल
करि खायो अतिदीन ॥ छेदन भेदन भूख पियास । भारव
हिम आतप त्रास ॥ ८ ॥ वध वधन आदिक दुख घने । को
जीभतें जात न भने ॥ अति संक्लेशभावतें मर्‍यो । घोर श्
सागरमें पर्‍यो ॥ ९ ॥ तहां भूमि परसत दुख इस्यो । वि
सहस डसैं तन तिस्यो ॥ तहां राधशोणित वाहिनी । क्र
कुलकलित देह दाहिनी ॥ १० ॥ सेमरतरुजुत दलअसिपत्र
असि ज्यों देह विदारैं तत्र ॥ मेरु समान लोह गलिजाय
ऐसी शीत उष्णता थाय ॥ ११ ॥ तिल तिल करहिं देह
खंड । असुर भिडावें दुष्ट प्रचंड ॥ सिंधुनीरतें प्यास न जाय
तौ पण एक न बूंद लहाय ॥ १२ ॥ तीनलोकको नाज
खाय । मिटै न भूख कणा न लहाय ॥ ये दुख वहु सागर
सहे । कर्मजोगतें नरतन लहे ॥ १३ ॥ जननी उदर वस
नवमास । अंग सकुचतें पाई त्रास ॥ निकसत जे दुख पा
घोर । तिनको कहत न आवे ओर ॥ १४ ॥ वालपनेमें ज्ञा
न लह्यो । तरुणसमय तरुणीरत रह्यो ॥ अर्धमृतकसम वृद्ध
पनो । कैसें रूप लखै आपनो ॥ १५ ॥ कभी अकामनिर्जर
... । भवनत्रिकमें सुरतन धरे ॥ विषय-चाह-दावानल दह्यो

मरत विलाप करत दुख सह्यो ॥ १६ ॥ जो विमानवासी हूं थाय। सम्यकदर्शन विन दुख पाय ॥ तहँतैं चय थावर तन धरै। यों परिवर्तन पूरे करै ॥ १७ ॥

दूसरी ढाल। पद्धरि छंद।

ऐसें मिथ्या-दृगज्ञानचर्ण.—वश भ्रमत भरत दुख जन्ममरण ॥ तातैं इनको तजिये सुजान। सुन तिन संछेप कहूं वखान ॥१॥ जीवादि प्रयोजनभूत तत्त्व। सरधै तिनमांहि विपर्ययत्व ॥ चेतनको है उपयोग रूप। विन मूरति चिनमूरति अनूप ॥२॥ पुद्गल नभ धर्म अधर्म काल। इनतैं न्यारी है जीवचाल ॥ ताकों न जान विपरीति मान। करि, करै देहमें निज पिछान ॥ ३ ॥ मैं सुखी दुखी मैं रंक राव। मेरो धन गृह गोधन प्रभाव ॥ मेरे सुत तिय मैं सबल दीन। वे रूप सुभग मूरख प्रवीन ॥ ४ ॥ तन उपजत अपनी उपज जानि। तन नशत आपको नाश मान ॥ रागादि प्रगट जे दुःखदैन। तिनहीको सेवत गिनहि चैन ॥ ५ ॥ शुभअशुभबंधके फलमझार। रति अरति करै निजपद विसार ॥ आतमहितहेतु विराग ज्ञान। ते लखै आपको कष्टदान ॥ ६ ॥ रोकी न चाह निजशक्ति खोय। शिवरूप निराकुलता न जोय। याही प्रतीतजुत कछुक ज्ञान। सो दुखदायक अज्ञान जान ॥ ७ ॥ इनजुत विषयनिमें जो प्रवृत्त। ताको जानो मिथ्याचरित्त ॥ यों मिथ्यात्वादि निसर्ग जेह। अब जे गृहीत सुनिये न तेह ॥ ८ ॥ जो कुगुरु कुदेव कुधर्म सेव। पोषै चिरदर्शन मोह एव ॥ अंतररागादिक धरै जेह। बाहर धन अंबरतैं सनेह ॥ ९ ॥

धारैं कुलिंग लहि महतभाव। ते कुगुरु जनम-जल-उपल-नाव॥ जे रागद्वेषमलकरि मलीन। वनितागदादिजुत चिन्हचीन ॥ १० ॥ ते हैं कुदेव तिनकी जु सेव। शठ करत, न तिन भवभ्रमनछेव ॥ रागादिभाव हिंसासमेत। दर्वित त्रसथावर मरन खेत ॥ ११ ॥ जे क्रिया तिन्हें जानहु कुधर्म। तिन सरधैं जीव लहै अशर्म ॥ याकौं गृहीतमिथ्यात जान। अब सुन गृहीत जो है कुज्ञान ॥ १२ ॥ एकांतवाद दूषित समस्त विषयादिकपोषक अप्रशस्त ॥ कपिलादिरचित श्रुतको अभ्यास। सो है कुबोध बहु देन त्रास ॥ १३ ॥ जो ख्याति लाभपूजादि चाह। धरि करत विविधविध देहदाह ॥ आतम अनातमक ज्ञानहीन। जे जे करनी तनकरनछीन ॥ १४॥ ते सब मिथ्याचारित्र त्यागि। अब आतमके हित पंथ लागि॥ जगजालभ्रमनको देय त्यागि। अब 'दौलत' निज आतम-सुपागि ॥ १५ ॥

तीसरी ढाल। नरेंद्रछंद (जोगीरासा।)

आतमको हित है सुख, सो सुख आकुलता विन कहिये। आकुलता शिवमांहि न तातैं, शिवमग लाग्यो चहिये। सम्यकदर्शन ज्ञान चरन शिव, मग सो दुविध विचारो। जो सत्यारथरूप सु निश्चय, कारन सो व्यवहारो ॥ १ ॥ परद्रव्यनितैं भिन्न आपमें, रुचि सम्यक्त भला है। आप रूपको जानपनो सो, सम्यक्ज्ञानकला है ॥ आपरूपमें लीन रहे थिर, सम्यकचारित सोई। अब व्यवहार मोक्षमग सुनिये, हेतु नियतको होई ॥२॥ जीव अजीव तत्त्व अरु आस्रव, बंध रु संवर जानो।

...र मोक्ष कहे जिन तिनको, ज्यौंको त्यौं सरधानो ॥ है
समकित व्यवहारी, अव इन रूप वखानौ। तिनको सु
सामान्यविशेषै, दृढ प्रतीति उर आनौ ॥३॥ वहिरातम अंत
आतम परमातम जीव त्रिधा है। देह जीवको एक गिनै वहि
रातमतत्त्व मुधा है॥ उत्तम मध्यम जघन त्रिविधिके अंतर
आतमज्ञानी। द्विविध संगविन शुधउपयोगी, मुनि उत्तम निज-
ध्यानी ॥४॥ मध्यम अंतरआतम हैं जे, देशव्रती आगारी।
जघन कहे अविरत-समदृष्टी तीनों शिवमगचारी॥ सकल
निकल परमातम द्वैविध तिनमैं घातिनिवारी। श्रीअरहंत सकल
परमातम, लोकालोकनिहारी ॥५॥ ज्ञानशरीरी त्रिविध कर्म-
मलवर्जित सिद्ध महंता। ते हैं निकल अमल परमातम भोगैं शर्म
अनंता॥ वहिरातमता हेय जानि तजि, अंतर आतम हूजै।
परमातमको ध्याय निरंतर, जो नित आनँद पूजै।६। चेतनता
विन सो अजीव है, पंच भेद ताके हैं। पुदगल पंच वरन, रस
पन, गंध दु, फरस वसु, जाके हैं॥ जिय पुदगलको चलन सहाई
धर्मद्रव्य अनरूपी। तिष्ठत होय अधर्म सहाई, जिन विनमूर्ति
निरूपी।७। सकल द्रव्यको वास जासमें, सो आकाश पिछानो।
नियत वरतना निशिदिन सो, व्यवहार काल परिमानो। यों
...जीव अव आस्रव सुनिये, मनवचकाय त्रियोगा। मिथ्या
...विरत अरु कपाय परमादसहित उपयोगा ॥८॥ ये ही आतमके
...कारन, तातैं इनको तजिये। जीवप्रदेश वँधै विधिसों सो,
... कवहुं न सजिये॥ शमदमसों जो कर्म न आवैं, सो संवर

...र धा;प्राप्त करे।

आदरिये। तपवलतें विधिझरन निरजरा, ताहि सदा आचरिये, ॥९॥ सकल करमतें रहित अवस्था, सो शिव थिरसुखकारी। इहिविधि जो सरधा तत्त्वनकी, सो समकित व्योहारी॥ देव जिनेंद्र गुरु परिग्रह विन, धर्म दयाजुत सारो। यहू मान समकितको कारन, अष्टअंगजुत धारो॥१०॥ वसुमद टारि निवारि त्रिसठता, पट अनायतन त्यागो। शंकादिक वसु दोष विना, संवेगादिक चित पागो। अष्ट अंग अरु दोष पचीसों, अब संक्षेपहु कहिये। विन जानेतें दोष गुननको, कैसे तजिये गहिये॥ ११॥ जिनवचमें शंका न धारि वृष, भवसुखवांछा भानै। मुनितन मलिन न देख घिनावे, तत्त्व कुतत्त्व पिछानै। निजगुन अर पर अवगुन ढांकै, वा जिनधर्म बढावै। कामादिककर वृपतें चिगते, निजपरको सु दृढावै॥ १२॥ धर्मीसों गउवच्छप्रीतिसम, कर जिनधर्म दिपावै। इन गुनतें विपरीत दोष वसु, तिनको सतत खिपावै॥ पिता भूप वा मातुल नृप जो, होय न तो मद ठानै। मद न रूपको मद न ज्ञानको, धन वलको मद भानै॥१३॥ तपको मद न मद जु प्रभुताको, करै न सो निज जानै। मद धारै तो येही दोष वसु, समकितको मल ठानै॥ कुगुरुकुदेवकुवृपसेवकको नहिं, प्रशंस उचरै है। जिनमुनि जिनश्रुत विन कुगुरादिक, तिन्हैं न नमन करै है॥१४॥ दोषरहित गुनसहित जे, सम्यकदरश सजे हैं। चरितमोहवश लेश न संजम, पै सुरनाथ जजे हैं॥ गेही पै गृहमें न रचै ज्यों, जलमें भिन्न कमल है। नगरनारिको प्यार यथा, कादेमें हेम अमल है॥ १५॥

१ प्रशम, संवेग अनुकंपा आस्तिक्य। २ धर्मसे। ३ माया।

थम नरक बिन षट भू ज्योतिष, वान भवन षँढ नारी। थावर
विकलत्रय पशुमें नहिं, उपजत समकित-धारी ॥ तीनलोक
तहुं कालमाहिं नहिं, दर्शनसम सुखकारी। सकलधरमको मूल
ही इस, बिन करनी दुखकारी ॥१६॥ मोक्षमहलकी परथम
सीढी, या बिन ज्ञान चरित्रा। सम्यकता न लहै सो दर्शन, धारो
भव्य पवित्रा ॥ 'दौल' समझ सुन चेत सयाने, काल वृथा
मत खोवै। यह नरभव फिर मिलन कठिन है, जो सम्यक
नहिं होवै ॥ १७ ॥

चौथी ढाल। दोहा।

सम्यकश्रद्धा धारि पुनि, सेवहु सम्यकज्ञान।
स्वपरअर्थ बहु धर्मजुत, जो प्रकटावन भान ॥ १ ॥

रोला छंद २४ मात्रा।

सम्यकसाथै ज्ञान, होय पै भिन्न अराधो। लक्षण श्रद्धा जान, दुहूमें भेद अबाधो ॥ सम्यककारण जान, ज्ञान कारज है सोई। युगपत होतैं हू, प्रकाश दीपकतैं होई ॥२॥ तास भेद दो हैं परोक्ष, परतछ तिनमाहीं। मति श्रुत दोय परोक्ष, अक्ष मनतैं उपजाहीं॥ अवधिज्ञानमनपर्जय, दो हैं देशप्रतच्छा। द्रव्यक्षेत्र-परिमान लिये जानैं जिय स्वच्छा ॥ ३ ॥ सकल द्रव्यके गुन अनंत, परजाय अनंता। जानैं एकै काल, प्रकट केवलि भगवंता ॥ ज्ञान समान न आन, जगतमें सुखको कारन। इह परमामृत जन्म, जरामृतरोगनिवारन ॥४॥ कोटि जनम तप तपैं, ज्ञान बिन कर्म झरैं जे। ज्ञानीके छिनमांहि गुप्तितैं, सहज टरैं

१ नपुंसक।

ते ॥ मुनिव्रत धार अनंतवार, ग्रीवक उपजायो । पै निज आतमज्ञान विना सुख लेश न पायो ॥ ५ ॥ तातैं जिनवरकथित, तत्त्व अभ्यास करीजै । संशय विभ्रम मोह, त्याग आपो लखि लीजै ॥ यह मानुषपरजाय, सुकुल सुनिवो जिनवानी । इह विधि गये न मिलै, सुमणि ज्यों उदधिसमानी ॥६॥ धन समाज गज बाज राज, तो काज न आवै । ज्ञान आपको रूप भये, फिर अचल रहावै ॥ तास ज्ञानको कारन, स्वपरविवेक बखान्यो । कोटि उपाय बनाय, भव्य ताको उर आन्यो ॥७॥ जे पूरव शिव गये, जांय अब आगे जे हैं । सो सब महिमा ज्ञानतनी, मुनिनाथ कहे हैं ॥ विषयचाह-दव-दाह, जगतजन अरनि दझावै । तासु उपाय न आन, ज्ञानघनघान बुझावै ॥८॥ पुण्यपाप-फलमाहिं, हरष विलखो मत भाई । यह पुद्गल परजाय, उपजि विनसैं थिर थाई ॥ लाख बातकी बात, यहै निश्चय उर लावो ॥ तोरि सकल जगदंदफंद, निज आतम ध्यावो ॥९॥ सम्यकज्ञानी होई, बहुरि दृढ चारित लीजै । एकदेश अरु सकलदेश, तस भेद कहीजै ॥ त्रसहिंसाको त्याग वृथा, थावर न सँघारै । परवधकार कठोर निंद्य, नहिं वयन उचारै ॥ १० ॥ जल मृतिका विन, और नाहिं कछु गहै अदत्ता । निजवनिताविन सकल, नारिसों रहै विरत्ता ॥ अपनी शक्ति विचार, परिग्रह थोरो राखै । दश दिशि गमनप्रमान, ठान तसु सीम न नाखै ॥११॥ ताहूमें फिर ग्राम गली, गृह बाग बजारा । गमनागमन प्रमान ठान, अन सकल निवारा ॥ काहूके धन हानि, किमी जय हार

न चीतैं। देय न सो उपदेश, होय अघ वनिज कृषीतैं ॥१२॥ कर प्रमाद जल भूमि, वृक्ष पावक न विराधै। असि धनु हल हिंसोपकरन, नहिं दे जस लाधै॥ रागरोषकरतारकथा, कबहूं न सुनीजे। और हु अनरथदंड, हेतुअघ तिन्हें न कीजे ।१३। धर उर समताभाव, सदा सामायिक करिये। पर्वचतुष्टयमाहिं, पाप तजि प्रोषध धरिये॥ भोग और उपभोग नियम करि, ममतु निवारै। मुनिको भोजन देय, फेर निज करहि अहारै ॥१४॥ बारहव्रतके अतीचार, पन पन न लगावै। मरन समय सन्यास धारि तसु दोष नशावै ॥ यौं श्रावकव्रत पाल, स्वर्ग सोलम उपजावै। तहतें चय नरजन्म, पाय मुनि ह्वै शिव जावै ॥१५॥

पांचवीं ढाल। सखी छंद (मात्रा १४)

मुनि सकलव्रती बडभागी। भवभोगनतें वैरागी॥ वैराग्य-उपावन माई। चिंतो अनुप्रेक्षा भाई ॥ १ ॥ इन चिंतत समरस जागै। जिमि ज्वलन पवनके लागै॥ जबही जिय आतम जानै। तबही जिय शिवसुख ठानै ॥२॥ जोबन गृह गोधन नारी॥ हय गय जन आज्ञाकारी॥ इंद्रीय भोग छिन थाई। सुरधनु चपला चपलाई ॥ ३ ॥ सुर असुर खगाधिप जेते। मृग ज्यों हरि काल दले ते ॥ मणि मंत्र तंत्र बहु होई। मरते न बचावै कोई ॥ ४ ॥ चहुंगतिदुख जीव भरै हैं। परिवर्तन पंच करै हैं ॥ सबविधि संसार असारा । यामें सुख नाहिं लगारा ॥५॥ शुभ अशुभ करमफल जेते। भोगै जिय एकहि तेते॥ सुत दारा होय न सीरी। सब स्वारथके हैं भीरी ॥६॥

जलपय ज्यों जियतन मेला । पै भिन्न भिन्न नहिं भेला ॥ तो प्रकट जुदे धन धामा । क्यों ह्वै इक मिलि सुत रामा ॥ ७ ॥ पलरुधिरराधमलथैली । कीकस वसादितें मैली ॥ नवद्वार बहैं घिनकारी । अस देह करे किम यारी ॥ ८ ॥ जो जोग-नकी चपलाई । तातैं है आस्रव भाई ॥ आस्रव दुखकार घनेरे । बुधिवंत तिन्हें निरवेरे ॥ ९ ॥ जिन पुन्य पाप नहिं कीना । आतम अनुभव चित दीना ॥ तिन ही विधि आवत रोके । संवर लहि सुख अवलोके ॥ १० ॥ निज काल पाय विधि झरना । तासों निजकाज न सरना ॥ तप करि जो कर्म खपावै । सोई शिवसुख दरसावै ॥ ११ ॥ किन हू न करयो न धरै को । षटद्रव्यमयो न हरै को ॥ सो लोकमाहिं विन समता । दुख सहै जीव नित भ्रमता ॥१२॥ अंतिम ग्रीवकलोंकी हद । पायो अनंतविरियां पद ॥ पर सम्यकज्ञान न लाध्यो । दुर्लभ निजमें मुनि साध्यो ॥ १३ ॥ जे भाव मोहतें न्यारे । दृग ज्ञान व्रतादिक सारे ॥ सो धर्म जबै जिय धारै । तबही सुख अचल निहारै ॥ १४ ॥ सो धर्म मुनिनकरि धरिये । तिनकी करतूति उचरिये ॥ ताको सुनिकैं भवि प्रानी । अपनी अनुभूति पिछानी ॥ १५ ॥

छठी ढाल (हरिगीता छंद



षटकाय जीव न .विधि ..
भाव निवारतें हिंसा अ...
मृषा न जलतृन हू हे ।

शीलधर चिद्ब्रह्ममें नित रमि रहैं ॥ १ ॥ अंतर चतुर्दश
बाहिर संग दशधातैं टलैं। परमाद तजि चउकर मही
समिति ईर्यातैं चलैं ॥ जग सुहितकर सब अहितहर श्रु
सुखद सब संशय हरैं। भ्रमरोग-हर जिनके वचन मुखचं
अम्रत झरैं ॥ २ ॥ छ्यालीस दोष विना सुकुल श्रावकत
घर अशनको। लैं तप बढावन हेत नहिं तन पोषते तजि
रसनको ॥ शुचि ज्ञान संजम उपकरन लखिकैं गहैं लखिकैं
धरैं। निर्जंतु थान विलोक तन-मल मूत्र-श्लेषम परिहरैं ॥३॥
सम्यक प्रकार निरोधि मन-वच-काय आतम ध्यावते। तिन
सुथिरमुद्रा देखि मृगगन उपल खाज खुजावते ॥ रसरूप गंध
तथा फरस अरु शब्द शुभ असुहावने। तिनमें न राग विरोध
पंचेंद्रियजयन पद पावने ॥ ४ ॥ समता सम्हारैं थुति उचारैं
वंदना जिनदेवको। नित करैं श्रुतरति धरैं प्रतिक्रम तजैं तन
अहमेवको ॥ जिनके न न्हौन न दंतधोवन लेश अंबर आव-
रन। भूमाहिं पिछली रयनिमें कछु शयन एकासन करन ॥५॥
इक बार दिनमें लैं अहार खडे अलप निज पानमें। कचलोंच
करत न डरत परिषहसों लगे निज ध्यानमें। अरि मित्र
हल मसान कंचन काच निंदन थुतिकरन। अर्घावतारन
सिप्रहारन, में सदा समताधरन ॥ ६ ॥ तप तपैं द्वादश धरैं
दश रतनत्रय सेवैं सदा। मुनिसाथमें वा एक विचरैं चहैं
भवसुख कदा ॥ यों है सकल संजमचरित सुनिये स्वरू-
न अब। जिस होत प्रगटै आपनी निधि मिटै परकी
सब ॥ ७ ॥ जिन परम पैनी सुबुधि छैनी डारि अंतर

भेदिया। वरनादि अरु रागादितैं निज भावको न्यारा किया॥ निजमाहिं निजके हेतु निजकर आपको आपै गह्यो। गुन गुनी ज्ञाता ज्ञानज्ञेयमझार कछु भेद न रह्यो ॥ ८ ॥ जहँ ध्यान ध्याता ध्येयको न विकल्प वचभेद न जहां। चिद्भाव कर्म चिदेश करता चेतना किरिया तहां॥ तीनों अभिन्न अखिन्न शुध उपयोगकी निश्चल दशा। प्रगटी जहां दृग ज्ञान व्रत ये तीनधा एकै लशा ॥९॥ परमान नय निक्षेपको न उदोत अनुभवमें दिखै। दृग-ज्ञान-सुख-बलमय सदा नहिं आनभाव जु मोविखै॥ मैं साध्य साधक मैं अबाधक कर्म अरु तसु फलनितैं। चितपिंड चंड अखंड सुगुन,-करंडच्युत पुनि कलनितैं ॥ १० ॥ यों चिंत्य निजमें थिर भये तिन अकथ जो आनँद लह्यो। सो इंद्र नाग नरेंद्र वा अहमिंद्रकै नाहीं कह्यो ॥ तब ही शुकलध्यानाग्निकर चउघाति विधिकानन दह्यो। सब लख्यो केवलज्ञानकरि भविलोकको शिवमग कह्यो ॥ ११ ॥ पुनि घाति शेष अघातिविधि छिनमाहिं अष्टमभू बसैं। वसु-कर्म विनशै सुगुन वसु सम्यक्त्व आदिक सब लसैं ॥ संसार खार अपार पारावार तिर तीरहिं गये। अविकार अकल अरूप शुध चिद्रूप अविनाशी भये॥ १२ ॥ निजमाहिं लोक अलोक गुन परजाय प्रतिबिंबित थये। रहि हैं अनंतानंत काल, यथा तथा शिव परनये॥ धनि धन्य हैं जे जीव नर भव पाय यह कारज किया। तिनही अनादी भ्रमन पंचप्रकार, तजि वर सुख लिया ॥ १३ ॥ मुख्योपचार दुभेद यों बडभागि रत्नत्रय धरैं। अरु धरेंगे ते शिव लहैं तिन सुजस

जल जगमल हरैं ॥ इमि जानि आलस हानि साहस, ठानि यह सिख आदरो । जबलों न रोग जरा गहै, तबलों जगत निज हित करो ॥ १४ ॥ यह राग आग दहै सदा, तातैं समामृत सेइये। चिर भजे विषय कषाय अबतौ, त्याग निज पद बेइये ॥ कहा रच्यो परपदमें, न तेरो पद यहै क्यों दुख सहै । अब 'दौल' होउ सुखी स्वपद रचि, दाव मत चूको यहै ॥ १५ ॥

दोहा—इक नव वसु इक वर्षकी, तीज शुकल वैसाख ।
करयो तत्त्व उपदेश यह, लखि बुधजनकी भाख ॥ १६ ॥
लघुधी तथा प्रमादतैं, शब्द अर्थकी भूल ।
सुधी सुधार पढो सदा, जो पावो भवकूल ॥ १७ ॥

इति दौलतरामकृत छहढाला समाप्त ॥

१६१ । समाधिमरण भाषा ।

पं० सूरचन्दजी रचित ।

नरेन्द्र छन्द ।

वंदों श्रीअरहंत परमगुरु, जो सबको सुखदाई ॥
इस जगमें दुख जो मैं भुगते, सो तुम जानो राई ॥
अब मैं अरज करूं प्रभु तुमसे, कर समाधि उरमांहीं ।
अंतसमयमें यह वर मांगूं, सो दीजै जगराई ॥ १ ॥ भव-भवमें तनधार नये मैं, भव भव शुभ संग पायो । भव भवमें नृपरिद्धि लई मैं, मात पिता सुत थायो ॥ भवभवमें तन पुरुषतनो धर, नारी हू तन लीनो । भवभवमें मैं भयो नपुंसक, आतमगुण नहिं चीनो ॥२॥ भवभवमें सुरपदवी पाई, ताके

तीर्थेश्वर स्वर्ग मुकतिमें जावो ॥ मृत्युकल्पद्रुम सम नहिं दाता, तीनों लोक मझारे। ताको पाय कलेश करो मत, जन्म जवाहर हारे ॥ १६ ॥ इस तनमें क्या राचे जियरा दिन दिन जीरन हो है। तेज कांति वल नित्य घटत है या सम अथिर सु को है। पांचों इंद्री शिथिल भई अव, स्वास शुद्ध नहिं आवे। ता पर भी ममता नहिं छोडे, समता उर नहिं लावे। ॥ १७ ॥ मृत्युराज उपकारी जियको तनसे तोहि छुडावे। नातर या तन बंदीग्रहमें परचो परचो विललावे ॥ पुदगलके परमाणू मिलके पिंडरूप तन भासी। यही मूरत में अमूरती ज्ञानजोति गुणखासी ॥ १८ ॥ रोग शोक आदिक जो वेदन ते सव पुदगललारे। मैं तो चेतन व्याधि विना नित हैं सो भाव हमारे ॥ या तनसे इस छेत्र संवंधी कारण आन वन्यो है। खान पान दे याको पोष्यो अब सम भाव ठन्यो है ॥ १९ ॥ मिथ्यादर्शन आत्मज्ञान विन यह तन अपनो जान्यो। इंद्रीभोग गिने सुख मैंने आपो नाहिं पिछान्यो तन विनशनतें नाश जानि निज यह अयान दुखदाई। कुटुम आदिको अपनो जान्यो भूल अनादी छाई ॥ २० ॥ अब निज भेद जथारथ समझ्यो मैं हूं ज्योतिस्वरूपी। उपजै विनसे सो यह पुदगल जान्यो याको रूपी ॥ इष्टऽनिष्ट जेते सुख दुख हैं, सो सव पुदगल सागे। मैं जव अपनो रूप विचारों, तव वे सव दुख भागे ॥ २१ ॥ विन समता तनऽनन्त धरे मैं, तिनमें ये दुख पायो। शास्त्र घात-तेऽनन्त वार मर नाना योनि भ्रमायो॥ वारअनंत हि अग्नि

माहिं जर, मूवो सुमति न लायो। सिंह व्याघ्र अहि ऽनन्त
वार मुझ, नाना दुःख दिखायो ॥ २२ ॥ विन समाधि ये दुःख
लहे में, अब उर समता आई। मृत्युराजको भय नहिं मानो
देवै तन सुखदाई ॥ यातें जब लग मृत्यु न आवे, तबलग
जपतपकीजे। जप तप विन इस जगके मांही, कोई भी ना
सीजे ॥ २३ ॥ स्वर्गसंपदा तपसे पावै, तपसे कर्म नसावे। तप
ही से शिवकामिनिपति है, यासों तप चित लावै ॥ अब मैं
जानी समता विन मुझ कोऊ नाहिं सहाई। मातपिता सुत
बांधव तिरिया, ये सब हैं दुखदाई ॥ २४ ॥ मृत्यु समयमें
मोह करें ये, तातैं आरत हो है। आरततैं गति नीची पावे
लख मोह तज्यो है ॥ और परिग्रह जेते जगमें, तिनसे
न कीजे। परभवमें ये संग न चालें, नाहक आरत कीजे
॥ जेजे वस्तु लसत है ते पर, तिनसे नेह निवारो।
तिमें ये साथ न चालें, ऐसो भाव विचारो ॥ जो परभवमें
हैं तुझ, तिनसे प्रीत सु कीजे। पंच पाप तज समता
दान चारविध दीजे ॥ २६ ॥ दशलक्षणमय धर्म धरो
करुणा उर लावो। षोडशकारण नित्य चिंतवो, द्वादश
वो ॥ चारों परवी प्रोषध कीजे, अशन रातको
समता धर दुरभाव निवारो, संयमसों अनुरागो ॥
समयमें ये शुभ भावहि, होवैं आनि सहाई। स्वर्ग
हि दिखावै, रिद्धि देहिं अधिकाई ॥ खोटे भाव
त्यागो, उरमें समता लाके। जासेती गति चार
मोक्षपुर जाके ॥ २८ ॥ मन थिरता करके तुम

चिंतो चौ आराधन भाई। वे ही तोकों सुखकी दाता और हितू कोऊ नाहीं॥ आगें बहु मुनिराज भये हैं तिन गहि थिरता भारी। बहु उपसर्ग सहे शुभ भावन आराधन उर धारी॥२९॥ तिनमें कछु इक नाम कहूं मैं सो सुन जिय चित लाके। भावसहित अनुमोदे तासे, दुर्गति होय न जाके॥ अरु समता निज उरमें आवे भाव अधीरज जावे। यो निसदिन जो उन मुनिवरको ध्यान हिये विच लावे॥३०॥ धन्य धन्य सुकुमाल महामुनि कैसे धीरज धारी। एक श्यालनी जुगबच्चाजुत पांव भख्यो दुखकारी॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता आराधन चित धारी। तो तुमरे जिय कौन दुःख है? मृत्यु महोत्सव बारी॥३१॥ धन्य धन्य जु सुकौशल स्वामी व्याघ्रीने तन खायो। तो भी श्रीमुनि नेक डिगे नहिं आतम सों हितलायो॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चित धारी। तो तुमरे जिय कौन दुःख है? मृत्यु महोत्सव बारी॥३२॥ देखो गज मुनिके सिर ऊपर, विप्र अगिनि बहु बारी। शीस जले जिम लकड़ी तिनको, तो भी नाहिं चिगारी॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चित धारी। तो तुमरे जिय कौन दुःख है मृत्यु महोत्सव बारी॥३३॥ सनतकुमार मुनीके तनमें कुष्ट वेदना व्यापी। छिन्न भिन्न तन तासों ह्वो, तब चिंत्योगुण आपी॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चित धारी तो तुमरे जिय कौन दुःख है? मृत्युमहोत्सव बारी॥ ३४॥ श्रेणिकसुत गंगामें डूब्यो तब जिननाम चितार्यो। धर सलेखना परिग्रह छोड़्यो शुद्ध भाव उर धार्यो॥ यह उपसर्ग

ग्रारी ॥ ४१ ॥ विद्युतचरने बहु दुख पायो, तौ भी धीर त्यागी । शुभभावनसे प्राण तजे निज, धन्य और बड़भागी यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता आराधन चित धारी । तौ तुमरे जिय कौन दुःख है ? मृत्युमहोत्सव वारी ॥ ४२ ॥ पुः चिलाती नामा मुनिको वैरीने तन घातो । मोटे मोटे कीः पड़े तन तापर निज गुण रातो ॥ यह उपसर्ग सह्यो धः थिरता आराधन चित धारी । तौ तुमरे जिय कौन दुःख है ? मृत्युमहोत्सव वारी ॥ दंडक नामा मुनिकी देही बाणन कर अरि भेदी । तापर नेक डिगे नहिं वे मुनि कर्म महारिपु छेदी ॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी तौ तुमरे जिय कौन दुःख है ? मृत्युमहोत्सव वारी ॥ ४४ । अभिनंदन मुनि आदि पांचसौ घानी पेलि जु मारे । तौ भी श्रीमुनि समता धारी पूरव कर्म विचारे ॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता आराधन चित धारी । तौ तुमरे जिय कौन दुःख है ? मृत्युमहोत्सव वारी ॥४५॥ चाणक मुनि गौधरके माहीं मूंद अगिनि परजाल्यो । श्रीगुरु उर समभाव धारके अपनो रूप सम्हाल्यो ॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता आराधन चित धारी । तौ तुमरे जिय कौन दुःख है ? मृत्युमहोत्सव वारी ॥ ४६ ॥ सात शतक मुनिवरने पायो हथनापुरमें जानो । बलि-ब्राह्मणकृत घोर उपद्रव सो मुनिवर नहिं मानो ॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता आराधन चित धारी । तौ तुमरे जिय कौन दुःख है ? मृत्युमहोत्सव वारी ॥ ४७ ॥ लोहमयी आभूषण गढ़के ताते कर पहराये । पांचों पांडव मुनिके तनमें तौ भी

नाहिं विगाये ॥ यह उपसर्ग सह्यो घर थिरता आराधन चित धारी। तो तुमरे जिय कौन दुःख है ? मृत्युमहोत्सव वारी ॥ ४८ ॥ और अनेक भये इस जगमें समता रसके स्वादी। वे ही हमको हो सुखदाता हर हैं टेव प्रमादी ॥ सम्यक्दर्शन ज्ञान चरन तप ये आराधना चारों। ये ही मोकों सुखकी दाता इन्हें सदा उर धारों ॥४९॥ यों समाधि उरमाहीं लावो अपनो हित जो चाहो। तज ममता अरु आठों मदको जोतिस्वरूपी ध्यावो ॥ जो कोई नित्त करत पयानो ग्रामांतरके काजै। सो भी शकुन विचारैं नीके शुभके कारण साजै ॥ ५० ॥ मात-पितादिक सर्व कुटुम सो नीके शकुन वनावैं। हलदी धनिया पुंगी अक्षत दूव दही फल लावैं ॥ एक ग्रामके कारण एते करैं शुभाशुभ सारे। जब परगतिको करत पयानो तब नहिं सोचैं प्यारे ॥ ५१ ॥ सर्व कुटुम जब रोवन लागैं तोहि रुलावैं सारे। ये अपशकुन करैं सुन तोकों तू यों क्यों न विचारे ॥ अब परगतिको चालत विरियां धर्मध्यान उर आनो। चारों आराधन आराधो मोहतनो दुख हानो ॥ ५२ ॥ ह्वै निःशल्य तजो सब दुविधा आतमराम सुध्यावो। जब परगतिको करहु पयानो परम तत्त्व उर लावो ॥ मोह जालको काट पियारे अपनो रूप विचारो। मृत्यु मित्र उपकारी तेरी यों उर निश्चय धारो।५३।

दोहा—मृत्युमहोत्सव पाठको, पढो सुनो बुधिवान।
सरधा धर नित सुख लहो, सूरचंद शिवथान ॥ ५४ ॥
पंच उभय नव एक नभ, सवतैं सो सुखदाय।
आश्विन श्यामा सप्तमी, कह्यो पाठ मन लाय ॥ ५५ ॥

इति समाधिमरण समाप्त।

१६२। बारहमासा नेमिराजुलका प्रश्नोत्तर।

विनवे उग्रसेनकी लाडलडी करजोर नेमिजीके आगे खरी। तुम काहे पिया गिरनार चढे हमसेती कहो कहा चूक परी॥ यह समय नहीं पिय संजमको तुम काहेको ऐसी चित्त धरी। कैसें बारहमास वितावोगे तुम समझावो मोहिको सगरी॥ १॥

तुम आगें अषाढमें क्यों न लिया व्रत काहेको एती बरात बुलाई। अरु छप्पन कोड जुडे यदुवंशी व्याहन आये निशान बजाई॥ संग समुद्रविजय बलभद्र मुरारिहुकी तुम्हें लाज न आई। नेमि पिया उठि आवो घरें इन बातनमें कहो कौन बडाई॥ २॥ बडाई कहा करिये सुनि राजुल जीवन है निशको सुपनो। सुत बंधु बधू सब जात चले जलबूंद जैसे तन है अपनो॥ दिन चारकके महमान सबै थिरता न कछू सब है स्वपनो। तिहँतें इह जान अनित्य सबै हमरे अब सिद्धनको जपनो॥ ३॥

पिया सावनमें व्रत लीजे नहीं घनघोर घटा जुर आवेंगी। चहुं ओरतें मोर जु शोर करें वन कोकिल कुहक सुनावेंगी॥ पिय रैन अंधेरीमें सूझे नहीं कछु दामन दमक डरावेंगी। पुरवाईकी झोंक सहोगे नहीं छिनमें तपतेज छुडावेंगी॥ ४॥ या जियको कोइ न राखनहार कहो किसकी शरणागत जैये कालबली सबसे जगमें तिससे निशवासर देख डरैये॥ इंद्र नरेंद्र धनेंद्र सबै जम आन परे तब बांध चलैये। यातें कहा डर सावनको सुन राजुल चित्तको यों समझैये॥ ५॥

पिय भादवकी वरषा वरसै कैसें दिन रैन गमावोगे।
चहुं ओरतें पौन झकोर करै तब क्यों कर बूंद बचाओगे ॥
घर ही क्यों न आयकै योग करो वनमें बहु दुःख उठावोगे।
कहै राजमती पिय मान कही शिवसुंदर यों नहिं पावोगे॥६॥
या जगमें सुख नेकु न राजुल दुःखमें काल अनंत गँवायो।
योनिहिं लाख चुरासी फिर्यो गत चारूंही जाय महादुख पायो ॥ रोग ही शोक वियोग भरे फिर जामन मरण अनेक सतायो। भादवकी वरषा किस गिनतीमें नरक निगोदनमें फिर आयो ॥ ७ ॥

पिय लागैगो मास असोज जबै तव शीतल बूंद सुहावैंगी। कितहूं गरजै कितहूं वरषै कितहूं दुतिचंद दिखावैंगी ॥
छिन वायु वहै छिन ग्रीषमता छिनमें ऋतु तीन जनावैंगी।
कहै राजमती पिय मान कह्यो छिन ही छिन चित्त डुलावैंगी ॥ ८ ॥ कैसें कर चित्त डुलै सुन राजुल एकतें एक समाधि लगावैं। एक फिरै तिहुंलोकमें हिंडत एक विना फिर एक न पावै ॥ जाय जहां तहां है इकलो इकलो विडवै इकलोई गंवावै। आवत जात अकेलो रहै यह आदि अनादि अकेलो ही धावै ॥ ९ ॥

पिय कातिकमैं मन कैसें रहे जब भामिनि भौन सजावैंगी। रचि चित्र विचित्र सुरंग सबै घर ही घर मंगल गावैंगी ॥
पिय नूतन नार सिंगार किये अपनो पिय टेर बुलावैंगी।
पिय वारहिवार बरै दियरा जियरा तुमरा तरसावैंगी ॥१०॥

तो जियरा तरसै सुन राजुल जो तनको अपनो कर

जानें। पुदगल भिन्न है भिन्न सवे तन छांडि मनोरथ आन समानें ॥ बूड़ेगो सोई कलिधारमें जड चेतनको जो एक प्रमानें। हंस पिवे पय भिन्न करे जल सो परमातम आतम जानें॥ ११ ॥

हिमकी ऋतु आवेगी नाथ जवे तव शीतल पौन सुहावेगी। सव शीतल नीर समीर लगे तनअंवरप्रीत जनावेगी॥ सव भोजन पान सुहान लगे सगरी तनताप वुझावेगी॥ कहे राजमती अगहनमें जवे ऋतु नायक लायक आवेगी ॥१२॥ यह देह अपावन खेह भरी सुन राजुल यामें कहा थिर है। यह चामकी चादर ओट दिये इसमें क्रमिकीटनको घर है॥ यह मूतन पीव पुरीष भरी यह हाड़रु पिंजरको घर है। तिहि तें इसको हम नेह तज्यो हमको अव शीतको का डर है ॥१३॥

पिय पोषमें जाड़ो परेगो घनो विन सौड़के शीत कैसे भरहो। कहा ओढ़ोगे शीत लगे जव ही किधों पातनकी धुवनी धर हो॥ तुमरो प्रभुजी तन कोमल है कैसें कामकी फौजनसों लरहो। जव आवेगी शीत तरंग सवे तव देखत ही तिनकों डरहो॥ १४ ॥

आस्रव होय जहांपर शोभित शीत लगे अरु पौन झकोरे। इंद्रिय पांच पसार जहां तहां रागद्वेषतें नातो ही जोरे॥ आठ महामद मातें रहे परद्रव्यको देख जहां चित दौरे। जो पर-आप विचार न राजुल तो गृह आपतें आपही वोरे॥ १५ ॥

पिय माघ तुषार परेगो घनो तव पायरतें परिहो गिरकें। यह मानुष देह कहा वपुरी विन अंवर शीत नहीं ठरके॥

किन पावक होय सहाय जहां नहिं शीत तुषार नहीं हरकै ॥
कहै राजमती उठ मानु कह्यो जु समैसिर योग लियो फिरकै ॥
संवर अंवरमें रह राजुल शीत तुषार अनंत वचाऊं। राग
रु द्वेषवयार वहै तव छांय छिमा तन छानि छवाऊं। इंद्रिय
पांच निरोध किये करुणा करके मद आठ गवांऊं। आप लखों
परद्रव्य तजों समता गहिके मनको समझाऊं ॥ १७ ॥
पिय लागैगो फागुन मास जवै तव गावेंगी चहुंओरतें होरी।
केसरकी पिचकारी लिये कर फेंकैं गुलालनकी भर झोरी ॥
गावत गीत धमार वजावत ताल मृदंग लिये डफ गोरी।
तव भूलोगे पिया वात सवै जव खेलन आवेंगी सव ओरी ॥
हम होरी खेलें सुन राजुल यों अपने घर ऐसे खेल मचाऊं।
पांच सखी अपने संग लेकर द्वादश भांतिके नाच नचाऊं ॥
पांच सखी अपने संग लेकर निर्जरासे सव कर्म जराऊं। खेल
रचूं शिवसुंदरसों तव आठहि कर्मकी धूर उडाऊं ॥ १९ ॥
पिय लागैगो चैत वसंत सुहावनो फूलैगी वेल सवै वनमाई।
फूलैगी कामिनी जाको पिया घर फूलैगी फूल सवै वनराई ॥
खेलहिंगे व्रजके वनमें सव वाल गुपाल रु कुँवर कन्हाई। नेमि
पिया उठ आवो घरे तुम काहेको करहो लोग हँसाई ॥ २० ॥
तीनहु लोकको जान सवै पुरुषाकर चौदह राजु ऊँचाई।
ताके कहूं घनाकार सवै तीन सौ तेतालीस है चौराई ॥ वांत
वलैनसौं वेढि रह्यो हरता करता न कोई ठहराई। यह आदि
अनादिनैं आयो चल्यो सुन राजुल यामैं कहा है हँमाई ॥२१॥
पिय मास वैशाखकी ग्रीषमना ऋतु शीतल नीरकी प्यास

लगैगी। क्यों गिरिपै रहो नाथ मेरे अति घाम परे सब देह दगैगी। ऐसे कठोर भये कबतें ममता तजके सब प्रीति पगै गी। नेमि पिया उठ आवो घरे सुन एकहि वार न सिद्धि जगैगी॥ २२॥

धर्मतें सिद्धि नजीक है राजुल धर्म कियेतें कहा नहिं आवे। धर्मतें इंद्र नरेंद्र धनेंद्र सुरेंद्रनका सब ही पद पावे॥ धर्म सुदर्शन ज्ञान चरित्र करै तिहितें शिवमारग पावे। धर्म महत्त बडो जगमें जहां जीवदया तहां धर्म कहावे॥ २३॥

धर्मकी वात तो सांची है नाथ पै जेठमें कैसें धर्म रहेगो। लूह चलै सरवान कमान ज्यों घाम परे गिरमेरु वहेगो॥ पक्षी पतंग सबै डर है अपने घरको सब कोई चहेगो। भूखतृषा अति देह दहे तब ऐसो महाव्रत क्यों न वहेगो॥ २४॥

दुर्लभ है नरको भव राजुल दुर्लभ श्रावक योनि हमारी। दुर्लभ धर्म जु है दश लच्छन दुर्लभ षोडशभावना भारी॥ दुर्लभ श्रीजिनराजको मारग दुर्लभ है शिव सुंदर नारी। यह सब दुर्लभ जान तबै जब दुर्लभ है सन्यासकी त्यारी॥ २५॥

बारह मास जे पूरे भये तब नेमिहि राजुल जाय सुनाये। नेमहिं द्वादस भांति तबै उठ पीछेसों राजुलको समझाये॥ राजुलने तब संयम ले सब निर्जराकर वसु कर्म जराये। राजुलके पति नेमि जिनेश्वर उत्तर लालविनोदीने गाये॥ २६॥	इति।

१६३। बारहमासा सीतासतीका।

यति नैनसुखदासकृत।

रागनी हिंदोला चाल श्रावणकी मल्हार तथा निहाल्दे।

विन कारण स्वामी क्यों तजी विनवै जनकदुलारि। विन कारण स्वामी क्यों तजी॥ टेक॥

१ आषाढ़ मास।

साढ घुमडि आये वादरा, घन गरजै चहुंओर। निर्जन वनमें स्वामी तुम तजी, वैठनकूं नहिं ठौर॥ विनकारण स्वामी क्यों तजी, विनवै जनकदुलारि विन० ॥ १॥ क्या मैं सतगुरु निंदियो, क्या दियो सतियन दोष। क्या हम सत संजम तज्यो, किस कारण भये रोस॥ विनकारण० ॥२॥ क्या पर पुरुष निहारिकै, परभव कियो निदान। क्या इसभव इच्छा करी, क्या मैं कियो अभिमान॥ विनकारण० ॥ ३॥ कटुक वचन स्वामी नहिं कहे, हिंसा करम न कीन। परधनपर चित नहिं दियो, क्यों मन भयो है मलीन॥ विनकारण० ॥ ४॥

२ श्रावणमास।

श्रावण तुमसँग वनविषै, विपति सही भगवान। पावपयादी वन वन मैं फिरी, तनक न राखी आन॥ विनकारण स्वामी क्यों तजी॥ १॥ स्वसुर दिसौटा जिसदिन तुम दियो, कियो भरत सरदार। तादिन विकलप नहि कियो, तज संपति भइ लार॥ विनकारण० ॥ २॥ जनक पिताकी मैं हूं लाडली, मात विदेहाकीबाल। भ्रात प्रभामंडलसे वली, विपत भरूं वेहाल॥ विनकारण० ॥ ३॥ मातमंदोदरी गर्भसैं,

भन करैं, कांटे चुभैं जी कराल ॥ विनकारण० ॥ ३ ॥ कित बैठूं लेटूं कित प्रभू, पास खवास न कोय। अन्नकरूं ना पानी मैं पिऊं, बालककूं दूख होय ॥ विनकारण० ॥ ४ ॥ तुम सब जानत मेरे हालकूं, अष्टमवलि अवतार । तुम सूरज मैं पटवीजनी, क्या समझाऊं भरतार ॥ विनकारण० ॥ ५ ॥ समरथ है प्रभु क्यों कसी, प्रगट कियो क्यों ना दोष । धोका दे क्यों धक्का दियो, आवै नहिं संतोष ॥ विनकारण० ॥ ६ ॥

६ । फागुनमास ।

फागुन आई जी अठाइयां, अपने करम दे दोष । ध्यान धर्यो भगवानको, बैठ रही मनमोस ॥ विनकारण० ॥ १ ॥ अरज करौं प्रभु दरबारमें, ममता भाव निवार । तुमही पिता प्रभु तुम मात हो, तुमही भ्रात हमार ॥ विनकारण० ॥ २ ॥ निर्धनके प्रभु तुम धनी, निर्जनके परिवार । इकवर राम मिलायके, दीजियो दोष उतार ॥ विनकारण० ॥ ३ ॥ तुम हो प्रभु राजा धरमके, परजा लगायो हमैं दोष । शीलमें मेरे सब संशय करैं, राम रुसाए हुए रोस ॥ विनकारण० ।

त्याग दिये हम रामजी, त्यागि दियो संसार ' ग

संजोगसे, इससे हुई हूं लाचार ॥

दिन प्रभु पक्षापाक हो, मिलै मो

धारूं धरमको, त्यागूं सब संसार ॥

मनावैं तौ भी ना मनूं, करि जाऊं

रघुवीरके, चोटी धरूंगी उपार ॥

यों सीता बैठी ध्यावै पद

दर गयो गढलंकमें, भेजी तुम सुंदरी भगवान। विनका० ॥१॥ तुमविन वैठी रोऊं बागमें, रामही राम पुकार। अन्न कियो ना पानी में पियो, परवश पडीथी लाचार ॥ विनकारण० ॥ २ ॥ मुख धुलवायो हनुमानने, तुम आज्ञा परवान। प्राण बचाये मेरे विपतिमें, करवायो जलपान ॥ विनकारण० ॥ ३ ॥ तुर तही भेज्यो तुमरे चरणमें, चूडामणि दियो तारि। गाय फसी है गाडी गारमें, खैंच निकारोजी भरतार ॥ विनकारण० ॥४॥

७ पौष मास।

पोष चढे जो गढ लंकपै, युद्ध कियो भगवान। गारत किये लाखों सूरमा, मार कियो घमसान ॥ विनकारण० ॥ १ ॥ काटा सिर लंकेशका, लक्ष्मीधर वर वीर। कूद पडे जी जोवा लंकमें, लवण समुंदर नीर ॥ विनकारण० ॥ २ ॥ ल्या- ये तुरत छुडायके, अशरण शरण अधार। इतनी कर ऐसी क्यों करी, घरमें दई क्यूं निकार ॥ विनकारण० ॥ ३ ॥ पग मारीजी गिरिगिर में पडूं, शरण सहाय न कोय। अपनी कही ना मेरी तुम सुनी, बहुत अंदेशा है मोहि ॥ विनका- रण० ॥ ४ ॥

८। माघमास।

माघ प्रभुजी पाला पड रहा, पडनेहूं नहीं सेज। ओढ नहूं नहीं कांबली, दई क्यूं विपतिमें भेज ॥ विनकारण० ॥१॥ सिंह घडूकें कूकें भेडिए, मारे गज चिंघाड। घर घर कंपै यागे कामिनी, स्यालिनी रही है दहाड ॥ विनकारण० ॥२॥ नाचें भूत पिशाचगन, रुंड मुंड विकराल। मनन मनन मारा

न करें, कांटे चुभें जी कराल॥ विनकारण०॥ ३॥ कित
ठूं लेटूं कित प्रभू, पास खवास न कोय। अन्नकरूं ना
ानी में पिऊं. वालकक्ूं दूख होय ॥ विनकारण० ॥ ४॥
तुम सव जानत मेरे हालकूं, अष्टमवलि अवतार। तुम सूरज
ं पटवीजनी, क्या समझाऊं भरतार॥ विनकारण० ॥ ५॥
मरथ है प्रभु क्यों कसी, प्रगट कियो क्यों ना दोप। धोका
दे क्यों धक्का दियो, आवे नहिं संतोप॥ विनकारण०॥ ६॥

६। फागुनमास।

फागुन आई जी अठाइयां, अपने करम दे दोप। ध्यान धर्‍यो भगवानको, वैठ रही मनमोस॥ विनकारण०॥ १॥ अरज करों प्रभु दरवारमें, ममता भाव निवार। तुमही पिता प्रभु तुम मात हो, तुमही भ्रात हमार ॥ विनकारण०॥ २॥ निर्धनके प्रभु तुम धनी, निर्जनके परिवार। इकवर राम मिलायके, दीजियो दोप उतार॥ विनकारण०॥ ३॥ तुम हो प्रभु राजा धरमके, परजा लगायो हमें दोप। शीलमें मेरे सव संशय करें, राम रुसाए हुए रोस॥ विनकारण०॥ ४॥ त्याग दिये हम रामजी, त्यागि दियो संसार। गर्भवती हूं संजोगसे, इससे हुई हूं लाचार ॥ विनकारण०॥ ५॥ जिस दिन प्रभु पलापाक हो, मिले मोहि भरतार। भरम मिटाके धारूं धरमको, त्यागूं सव संसार॥ विनकारण०॥ ६॥ राम मनावें तो भी ना मनूं, करि जाऊं वनकूं विहार। करूं श्री रघुवीरके. चोटी धरूंगी उपार॥ विनकारण०॥ ७॥ भावे यों सीता वैठी भावना. ध्यावे पद नवकार। पाप घट्यो भग-

अपने शीलकी, होवे मेरी पटनार ॥विनकारण०॥३॥ सीता सती प्रण धारियो, होवे कुंड तयार। अगन जलाओ देरी मत करो, सो जोजन विसतार ॥ विनकारण० ॥४॥ साड़ी कसि त्यारी करी, अंग ढक्यो वड़भाग। कुंड खुदायो मनभावतो, चेतन कर दई आग ॥ विनकारण० ॥ ५ ॥ जाय चढी ऊंचे दमदमे, देखें सब संसार। सत मूरत सूरत सोहनी, मनमें हर्ष अपार ॥ विनकारण० ॥ ६ ॥ देखें सुरगण देवता, देखें भवनपतीस। चंद्र सूरज देखें ज्योतिषी, देखें भूत पतीस ॥ विनकारण० ॥ ७ ॥ देखें सब विद्याधरा, देखें गण गंधर्व। कमर कसी फौजें आ पड़ी, देखें राजा सर्व ॥ विनकारण० ॥ ८ ॥ अगनि लपट ऊठी गगनलों, तड़तड़ाट भयो घोर। कहत प्रजा श्रीरामसों, क्यों प्रभु भए हो कठोर ॥ विनकारण० ॥ ९ ॥ बच बचे ना ऐसी अगनिमें, फाटे धरणि पताल। पर्वत फटि मठ गिर पड़ें, हे प्रभु कीजिये टाल ॥ विनकारण० ॥ १० ॥ राम खडग सूत्यो हाथमें, मत कोइ कहो जी बनाय। आज्ञा माने मेरी जानकी, देवे भरम मिटाय ॥ विनकारण० ॥११॥ हुकम दियो रघुवीरने, शीलपरीक्षा देह। नातर क्यों आई तू यहां, परजा करे है संदेह ॥ विनकारण० ॥ १२ ॥ पंच परमगुरु वंदिके, करि पतिकूं परणाम। छिमा कराई सब जीवसों, देखें लछमन राम ॥ विनकारण० ॥१३॥ पुत्र जुगल छोड़े रोवते, सोहैं चंदसमान। हरष भरी सतवंती सदा, बोली वचन महान ॥ विनकारण० ॥ १४ ॥ जो परपुरुष निहारिके, मैं कछु कियो है कुभाव। भस्म अगनि माहि कीजियो, नातर जल हो जाव ॥ विनकारण स्वामी० ॥१५॥

१२। जेठ मास।

जेठ तपै सूरज आकरो, नीचे अगनि प्रचंड। आसपास जल थल सवी, सूकि गए वनखंड॥ विनकारण०॥ १॥ कूदपड़ी जलती अगनिमें, शांति भई ततकार। उभरे कँवल अकाश लों, लीनी अधर सहार॥ विनकारण०॥ २॥ जल लहरावै वोलैं हँसनी, कर रहो मीन कलोल। छत्र फिरैंजी उसके सीस पै, इंद्र चँवर रहे ढोल॥ विनकारण०॥३॥ शीतल मंद सुगंध जुत, मीठी मीठी चलत वयार। वरपैं मनु अमृत कणी, देव करैं जै जैकार॥ विनकारण०॥ ४॥ धन्य सती धन सतवंतिनी, धन धन धीरज येह। धिग धिग हम उनकूं करैं, जिनके मनसंदेह॥ विनकारण०॥ ५॥

वारह भावना सीताजीकी।

सीता भावै मनमें भावना, यह संसार अनित्य। धर्म विना तीनों लोकमें, शरण सहाई ना मित्त॥ विनकारण०॥ ६॥ उलट पुलट चालै रहटसा, ये संसारी चक्र। एक अकेलो भटकै आतमा, क्या पशु पंछी क्या शक्र॥ विनकारण०॥ ॥ ७॥ ना कोई जगमें आपना, औ न हम काहूके मीत। अशुचि अपावन तनविपै, करम करै विपरीत॥ विनकारण०॥ ८॥ संवर जल विन ना वुझै, तृष्णा अगनि प्रचंड। कर्म खिपाये विन ना खपै, भटकैं सव ब्रह्मंड॥ विनकारण०॥ ९॥ दुर्लभवोधि जगतमें, दुर्लभ श्रीजिन धर्म। दुर्लभ स्वपथ विचार है, कर्मन डारयो भर्म॥ विनकारण०॥ १०॥ परवस भोगी भारी वेदना, स्ववश

सही नहिं रंच। सास्वत सुख जासों पावती, लई करमने खेंच विनकारण० ॥ ११ ॥ अब मैं सब वेदन सही, कीनी धरम सहाय। परतिज्ञा पूरी करूं, मोह महा दुखदाय ॥ विनकारण० ॥ १२ ॥ राम कहे प्यारी चल घराँ, त्या भुजमें भुज डार पाडि शिखा करपे धरि दई, त्याग्यो हम संसार ॥ विनकारण० ॥ १३ ॥ तुम त्यागी निर दोष कूं, हम त्यागे लख दोष। करि के छिमा में संजम लियो, करियो मत अफसोस ॥ विनकारण० ॥१४॥ गई सतीजी वन खंडकूं, भई अरजिका धीर। छम उग्र तप वह करे, सब दुख सहे है शरीर ॥ विनकारण० पूरी करि परजायकूं, अच्युत सुरगमझार। इंद्र भईजी पुण्य संजोगमां, भोगे सुक्ख अपार ॥ विनकारण० ॥ १६ ॥ इति

१६४ चोवीस दंडक।

दोहा—वंदौं वीर सुधीरको, महावीर गंभीर।
वर्द्धमान सन्मति महा, देवदेव अतिवीर ॥ १ ॥
गत्यागत्य प्रकाश जो, गत्यागत्य विहीन।
अद्भुत अतिगत सुगति जो, जैनेश्वर जगदीश ॥२॥
जाकी भक्ति बिना विफल, गये अनंते काल।
अगिनत गत्यागति धरी, घटयो न जगजंजाल ॥३॥
चौबीसों दंडक विषै, धरी अनंती देह।
लह्यो न निजपद ज्ञानबिन, शुद्ध स्वरूप विदेह ॥४॥
जिनवाणीपरसादतैं, लहिये आतमज्ञान।
लहिये गत्यागत्य सब, गहिये पद निर्वान ॥ ५ ॥
चौबीसों दंडक तनी, गत्यागति सुनि लेहु।
सुनकर [illegible] चहुंगति [illegible] देहु ॥ ६ ॥

चौपाई ।

पहिलो दंडक नारिके तनो । भवनपती दसें दंडक भनो ॥ ज्योतिसंव्यंतरस्वर्गनिवास । थावर पंचें महादुखरास ॥ ७ ॥ विकलत्रयं अरु नरं तिर्यंच । पंचेंद्री धारक परपंच ॥ यह चौवीस दंडके कहे । अब सुन इनमें भेद जु लहे ॥ ८ ॥ नारककी गति आगति दोय । नर तिर्यंच पंचेंद्री जोय ॥ जाय असेनी पहला लगें । मनविन हिंसाकर्म न पगें ॥ ९ ॥ सरीसर्प दूजे लों जाय । अरु पक्षी तीजे लों थाय ॥ सर्प जांय चौथे लों सही । नाहर पंचम आगें नही ॥ १० ॥ नारी छठे लगही जाय । नर अरु मच्छ सातवें थाय ॥ एतौ नारक आगति कही । अब सुन नारककी गति सही ॥ ११ ॥ नरक सातवेंको जो जीव । पशुगति ही पावे दुखदीव ॥ अरु सब नारक मर नर पशू । दोउं गति आवे परवशू ॥ १२ ॥ छट्टेको निकस्यो जु कदाप । सम्यक सह श्रावग निष्पाप ॥ पंचम निकस्यो मुनि हू होय । चौथेको केवलि हू कोय ॥ १३ ॥ तृतिय नर्कको निकस्यो जीव । तीर्थंकर भी हो जगपीव ॥ यह नारककी गत्यागती । भाषी जिनवाणीमें सती ॥ १४ ॥ तेरह दंडक देव निकाय । तिनको भेद सुनो मनलाय ॥ नर तिर्यंच पंचेंद्री विना । औरनको नहिं सुरपद गिना ॥ १५ ॥ देव मरे गति पांच लहाहिं । भू जल तरुवर नर तिरमांहि ॥ दूजे सुरग उपरले देव । थावर है न कह्यो जिनदेव ॥ १६ ॥ सहस्रारतें ऊंचे स्वर्ग । मरकर होवें निश्चय नरा ॥ भोगभूमिके तिर्यंच नरा । दूजे देवलोकतें परां ॥ १७ ॥ जाय न

यह निश्चय कही। देवन भोगभूमि नहि गही॥ कर्मभूमियं नर अरु ढोर। इन विन भोगभूमिकी ठौर ॥१८॥ जाइ न तातैं आगति दोइ॥ गति इनकी देवनकी होइ॥ कर्म भूमिया तिर्यग बुद्ध। श्रावकव्रत धर बारम शुद्ध ॥ १९॥ सहस्रार ऊपर तिर्यंच। जाय नहीं तज है परपंच। अव्रत सम्यक दृष्टी नरा॥ बारमतें ऊपर नहिं धरा॥ २०॥ अन्यमती पंचागिनि साध। भवनत्रिकतें जाइ न बाद॥ परिव्राजक त्रिदंडी देह। पंचम परे न उपजे जेह॥ २१॥ परमहंस नामें परमती॥ सहस्रार ऊपर नहिं गती। मोक्ष न पावे परमत मांहि। जैन विना नहिं कर्म नसाहिं ॥ २२॥ श्रावक आर्ये अणुव्रत धार। बहुरि श्राविकागण अविकार॥ सोलह स्वर्ग परें नहिं जाय। ऐसो भेद कहैं जिनराय॥ २३॥ द्रव्यलिंगधारी जे जती। नवग्रीवक ऊपर नहिं गती। नवहि अनुतर पंचोत्तरा॥ महामुनी विन और न धरा॥२४॥ केई बार जीव सुर भया। पण केइक पद नाहीं गया। इंद्र भयो न शची हू भयो। लोकपाल कबहूं नहिं थयो॥ २५॥ लौकांतिक हूवो न कदापि। नहीं अनुतर पहुंच्यो आप। ए पद धर बहु भव नहि धरे। अलपकालमें मुकतिहि वरैं॥ २६॥ है विमान सरवारथ सिद्ध। सबतें ऊंचो अतुल सुरिद्ध॥ ताके सिरपर है शिवलोक। परें अनंतानंत अलोक॥ २७॥ गत्यागत्य देवगति भनी। अब सुन भ्रात मनुषगति तनी। चौवीसों दंडक के मांहि। मनुष जांहि यामें शक नाहि ॥२८॥ मोक्ष हू पावे मनुष मुनीश। सकल धराको जो अवनीश॥ मुनि विन

मोक्ष नहीं कोऊ वरै। मनुप विना नहिं मुनि ह्वे तरै॥ २९॥
सम्यक दृष्टी जे मुनिराय। भवजल उतरें शिवपुर जाय।
तहां जाय अविनाशी होय॥ फिर पीछे आवे नहिं कोय॥
॥ ३०॥ रहे शाश्वते शिवपुरमांहिं। आतमराम भयो सक
नांहिं। गति पचीस कहीं नरतनी। आगति फुनि बाईसहि
भनी॥ ३१॥ तेजकाय अरु वाय जु काय। इन विन और
सवे नर थाय। गति पचीस आगति वाईस॥ मनुपतनी जो
भाखी ईस॥ ३२॥ ताहि सुरासुर आतमरूप। ध्यावे चिदा-
नंद चिद्रूप॥ तौ उतरो भवसागर जिया। और न शिवपुर
मारग लिया॥ ३३॥ यह सामान्य मनुष्यकी कही। अत्र सुन
पदवीधरकी सही॥ तीर्थंकरकी दो आगती। स्वर्ग नरकतैं
आवे सती॥ ३४॥ फेरि न गति धारैं जगदीस। जाय वि-
राजैं जगके सीस॥ चक्री अर्धचक्रि अरु हली। सुरगलोक
तैं आवैं वली॥ ३५॥ इनकी आगति एक हि जान। गति
की रीति कहूं जु वखानि। चक्रीकी गति तीन जु होय।
सुरग नरक अरु शिवपुर जोय॥ ३६॥ तप धारै तौ शिवपुर
जांय। मरैं राजमैं नरकहि ठांयें॥ आखरिमैं ह्वे पद निर्वांन।
पदवी धारक वडे प्रधान॥ ३७॥ वलभद्रनकी दोय हि गती
सुरग जांहि कै ह्वे शिवपती॥ तप धारैं ये निश्चय भया। मुक्ति
पात्र ये श्रुतमें लह्या॥ ३८॥ अर्द्धचक्रि को एकहि भेद।
नारक होय लहे अनि खेद। राजमांहिं ये निश्चय मरैं। तद
भव मुक्तिपंथ नहिं धरैं॥ ३९॥ आखिर पावै जिनवरलोक।
पुरुप शलाका शिवके थोक॥ ये पद कवहुं न पाये जीव॥ ये

पद पाय होय शिवपीव ॥४० और हु पद कइयक नहिं गहे। कुलकर नारदपद हु न लहे॥ रुद्र भए न मदन ना भए। जिन वर मातपिता नहि थये ॥४१॥ ये पद पाय जीव नहिं रुलै। थोडेहि दिनमें जिन सम तुलै ॥ इनकी आगति श्रुतमें जानि गतिको भेद कहूं जो वखानि ॥ ४२ ॥ कुलकर देवलोक ही गहै। मदन सुरग शिवपुरको लहैं । नारद रुद्र अधोगति जाय। लहैं कलेश महादुख पाय ॥ ४३ ॥ जन्मांतर पावें निरवान। वडे पुरुष जे सूत्र प्रमान ॥ तीर्थंकरके पिता प्रसिद्ध स्वर्ग जांयके हो हैं सिद्ध ॥ ४४ ॥ माता स्वर्गलोक ही जाय आखिर शिवपुरलोक लहाय। ये सब रीति मनुपकी कही। अव सुन तिरयंचन गति सही ॥ ४५ ॥ पंचेंद्री पशु मरण कराय। चौवीसौं दंडकमे जाय॥ चौवीसौं दंडकतैं मरै। पशु होय तौ नाह न करै ॥ ४६ ॥ गति आगती कही चौवीस। पंचेंद्री पशुकी जिन ईस। तौ परमेश्वरको पथ गहो॥ चौविस दंडक नाहीं लहो ॥ ४७॥ विकलत्रयकी दश ही गती। दश आगती कहीं जगपती ॥ पांचों थावर विकल जु तीन। नर तिर्यंच पंचेंद्री लीन ॥ ४८ ॥ इनहीं दशमें उपजें जाय। पृथिवी पानी तरवर काय॥ इनहींतें विकलत्रय आय। इन ही दसमें जन्म कराय ॥ ४९ ॥ नारक विन सब दंडक जोय पृथ्वी पानी तरुवर सोय। तेज वायु मरि नवमें जाय। मनुप होय नहिं स[illegible] [illegible] विकलत्रय ठौर। ये नवगति [illegible] वाय। होय सही गावै। [illegible] । इनकूं त्याग

परम पद लहे ॥ इनमें रुलै सु जगको जीव । इनतें रहित सु त्रिभुवनपीव ॥५२॥ जीवईसमें और न भेद । ए करमी वे कर्म उछेद ॥ कर्म बंध जोलों जगजीव । नाशे कर्म होय शिव पीव ॥

दोहा–मिथ्या अव्रत योग अर, मद परमाद कषाय ।
इंद्रियविषय जु त्याग ये, भ्रमन दूरि ह्वै जाय ॥
जिन विनगति भवतें धरी, भयी नहीं सुरझार ।
जिन मारग उर धारिये, हो हैं भवदधि पार ॥ ५५ ॥
जिन भज सब परपंच तज, बडी बात है येह ।
पंच महाव्रत धारिकै, भवजलकों जल देह ॥ ५६ ॥
अंतर करण जु सुद्ध ह्वै, जिनधर्मी अभिराम ।
भाषा कारण कर सकूं, भाषी दौलतराम ॥ ५७ ॥ इति

१६५ । श्रीचौवीसतीर्थंकरोंके चिह्न ।

वृषभनाथका 'वृषभ' जु जान । अजितनाथके 'हाथी' मान ॥
संभवजिनके 'घोडा' कहा । अभिनंदनपद 'बंदर' लहा ॥ १ ॥
सुमतिनाथके 'चकवा' होय । पद्मप्रभके 'कमल' जु जोय ॥
जिनसुपासके 'सथिया' कहा । चंद्रप्रभपद 'चंद्र' जु लहा ॥२॥
पुष्पदंतपद 'मगर' पिछान । 'कल्पवृक्ष' शीतलपद मान ॥
श्रीश्रियांसपद 'गेंडा' होय । वासुपूज्यके 'भैंसा' जोय ॥ ३ ॥
विमलनाथपद 'शूकर' मान । अनंतनाथके 'सेही' जान ॥
धर्मनाथके 'वज्र' कहाय । शांतिनाथपद 'हिरन' लहाय ॥ ४ ॥
कुंथुनाथके पद 'अज' चीन । अरजिनके पद चिह्न जु 'मीन' ॥
मल्लिनाथ पद 'कलश' कहा । मुनिसुव्रतके 'कछुआ' लहा ॥५॥
'लालकमल' नमिजिनके जोय । नेमिनाथ पद 'संख' जु जोय ॥
पार्श्वनाथके 'सर्प' जु कहा । वर्द्धमानपद 'सिंह' [illegible] लहा ॥६॥

१६६ संक्षिप्त सूतक विधि।

सूतकमें देव शास्त्र गुरुका पूजन प्रक्षालादिक करना, तथा मंदिरजीकी वस्त्रादिको स्पर्शन करना नहिं चाहिये। सूतकका समय पूर्ण हुये बाद पूजनादि पात्रदानादि करना चाहिये।

१—जन्मका सूतक दश दिन तक माना जाता है।

२—यदि स्त्रीका गर्भपात (पांचवें छठे महीनेमें) हो तो जितने महीनेका पात हो उतने दिनका सूतक माना जाता है।

३—प्रसूति स्त्रीको ४५ दिनका सूतक होता है कहीं कहीं चालीस दिनका माना जाता है। प्रसूति स्थान एक मास तक अशुद्ध है।

४—रजस्वला स्त्री चौथे दिन पतिके भोजनादिकके लिये शुद्ध होती है प देवपूजन, पात्रदानके लिये पांचवें दिन शुद्ध होती है। व्यभिचारिणी स्त्रीके सद सूतक रहता है।

५—मृत्युका सूतक तीन पीढ़ी तक १२ दिनका माना जाता है। चौथी पी छह दिनका, पांचवीं छठी पीढ़ी तक चार दिनका, सातवीं पीढ़ीमें तीन, आठवीं मे एक दिन रात, नवमी पीढ़ीमें स्नानमात्रसे शुद्धता होजाती है।

६—जन्म तथा मृत्युका सूतक गोत्रके मनुष्यको पांच दिनका होता है। दिनके बालककी मृत्युका एकदिनका और आठ वर्षके बालककी मृत्युका तीन दिनका माना जाता है। इसके आगे १२ दिनका।

७—अपने कुलके किसी गृहस्थगोत्रका संन्यास मरण, या किसी कुटुम्बीका ग्राममें मरण होजाय तो एक दिनका सूतक माना जाता है।

८—यदि अपने कुलका कोई देशान्तरमें मरण करे और १२ दिन पहले ख सुने तो शेष दिनोंका ही सूतक मानना चाहिये। यदि १२ दिन पूर्ण होगये हों स्नानमात्र सूतक जानो।

९—गौ, भैंस, घोड़ी आदि पशु अपने घरमें जने तो एक दिनका सूतक औ घरके बाहर जने तो सूतक नहिं होता। दासी दास तथा पुत्रीके घरमें प्रसूति होय त एक दिन, मरण हो तो तीन दिनका सूतक होता है। यदि घरसे बाहर हो तो सूत नहीं। जो कोई अपनेको अग्नि आदिकमें जलाकर या विष खाकरके आत्मघात करे तो छह महीने तकका सूतक होता है। इसीप्रकार और भी विचार है सो आदिपुराणसे जानना।

१०—बच्चा हुये बाद भैंसका दूध १५ दिन तक, गायका दूध १० दिन तक, बकरीका ८ दिन तक अभक्ष्य (अशुद्ध) होता है। देशभेदसे सूतक विधानमें कुछ न्यूनाधिक भी होता है परन्तु शास्त्रकी पद्धति मिलाकर ही सूतक मानना चाहिये।

• समाप्त •